CMYK

खबरें छुपाता नहीं, छापता है

# शाह टाइम्स

नई दिल्ली, रविवार 17 मई 2026 राष्ट्रीय संस्करणः वर्ष 24 अंक 39 पृष्ठ 12 मूल्य रुपये 5.00

अधिकतम :34°C
न्यूनतम :22°C

विस्तृत खबरों के लिए QR कोड स्कैन करें। मुफ्त पढ़ें E-paper

shahtimes2015@gmail.com ज्येष्ठ कृष्ण पक्ष 15 विक्रमी सम्वत् 2083 29 जिलकदा 1447 हिजरी नई दिल्ली, मुजफ्फरनगर, देहरादून, हल्द्वानी, मुरादाबाद, बरेली, मेरठ व लखनऊ से प्रकाशित



आंधी-तूफान पीड़ितों की पूरी उदारता से मदद करे सरकारः मायावती पेज 2



डीसी की प्लेऑफ की उम्मीदों को सूर्यवंशी से खतरा खेल टाइम्स



चीनी विदेश मंत्री वांग ई ने ट्रम्प को दी कड़ी चेतावनी पेज 11



विजय थलापति का नाम सुन शरमाईं तृषा कृष्णन बॉलीवुड

# तीसरे व चौथे बच्चे के जन्म पर नकद पैसा देगी आंध्र सरकार

**श्रीकाकुलम, वार्ता**

**आंध्र प्रदेश** के मुख्यमंत्री चंद्रबाबू नायडू ने शनिवार को घोषणा करते हुए कहा कि राज्य में तीसरे बच्चे के जन्म पर परिवार को 30 हजार रुपये और चौथे बच्चे के जन्म पर 40 हजार रुपये दिए जाएंगे। नायडू श्रीकाकुलम जिले में एक जनसभा को संबोधित कर रहे थे।

इस दौरान उन्होंने कहा कि पहले वह जनसंख्या नियंत्रण के पक्ष में थे, लेकिन अब समय बदल गया है। अब जन्म दर बढ़ाने की जरूरत है। एक महीने के भीतर इसकी पूरी जानकारी जारी की जाएगी। इससे पहले आंध्र सरकार दूसरे बच्चे के जन्म पर 25 हजार रुपये की प्रोत्साहन राशि देने के प्रस्ताव पर भी विचार कर चुकी है। 5 मार्च को मुख्यमंत्री ने विधानसभा में इसकी जानकारी दी थी। नायडू ने कहा कि बच्चों को बोझ नहीं, बल्कि देश की संपत्ति के रूप में देखा जाना चाहिए। किसी भी समाज की जनसंख्या स्थिर रखने के लिए प्रति महिला औसतन 2.1 बच्चों की जन्म दर जरूरी होती है। उन्होंने दावा किया कि कई देशों में घटती आबादी और बुजुर्ग होती जनसंख्या से अर्थव्यवस्था पर नकारात्मक असर पड़ा है। मुख्यमंत्री चंद्रबाबू नायडू ने अप्रैल 2025 में महिलाओं से ज्यादा बच्चे पैदा करने की अपील भी की। उन्होंने घोषणा करते हुए कहा था कि सरकारी महिला कर्मचारियों को बच्चों की संख्या चाहे जितनी हो, हर बच्चे पर 26




■ **राज्य में जन्म दर बढ़ाने की जरूरत, कम जनसंख्या से अर्थव्यवस्था पर नकारात्मक असर पड़ाः सीएम चंद्रबाबू नायडू**

हफ्ते यानी 6 महीने की मातृत्व अवकाश मिलेगा। तब तक यह अवकाश सिर्फ पहले दो बच्चों तक सीमित था। दो से ज्यादा बच्चे होने पर 12 हफ्ते की छुट्टी मिलती थी। महिला दिवस के कार्यक्रम में नायडू ने कहा था कि यह फैसला जनसंख्या संतुलन बनाए रखने और महिलाओं को नौकरी व परिवार के बीच संतुलन बनाने में मदद करने के लिए लिया गया है। नायडू का कहना था कि दुनिया के कई देशों की तरह भारत में भी युवाओं की संख्या घट रही है और बुजुर्ग आबादी बढ़ रही है। इसी वजह से वे लंबे समय की जनसंख्या नीति पर जोर दे रहे हैं। नायडू के बयान को लोकसभा परिसीमन से जोड़कर देखा जा रहा है। दरअसल, केंद्र की भाजपा सरकार परिसीमन को लेकर बिल संसद में एक बार रख चुकी है। दक्षिणी राज्यों को डर है कि 46 साल से रुका हुआ परिसीमन जनसंख्या को आधार मानकर हुआ, तो लोकसभा में हिंदीभाषी राज्यों के मुकाबले उनकी सीटें घट जाएंगी। हालांकि यह बिल पास नहीं हो पाया था। साथ ही गृह मंत्री अमित शाह ने भी संसद में बोलते हुए समझाया था कि परिसीमन से किसी राज्य को नुकसान नहीं होगा। उन्होंने बताया कि लोकसभा की सीटें 543 से 850 कैसे होंगी। शाह ने कहा कि मैं समझाता हूं। मान लीजिए 100 सीटें हैं और 33 फीसदी महिलाओं के लिए आरक्षण देना है। यदि कुल सीटों में 50 फीसदी वृद्धि कर दी जाए, तो यह 150 हो जाती हैं। और जब 150 का 33 फीसदी आरक्षण लागू होता है, तो यह लगभग 100 सीटों के बराबर हो जाता है।' 'अभी लोकसभा में 543 सदस्य हैं। परिसीमन के बाद सीटों में 50 फीसदी वृद्धि की जाएगी और कुल संख्या 816 हो जाएगी। इसमें से 33 फीसदी सीटें महिलाओं के लिए आरक्षित होंगी। 850 एक राउंड फिगर है, वास्तविक संख्या 816 होगी।'

# अब चांदी के आयात पर लाइसेंस लेना जरूरी

## आयात पर प्रतिबंध का उद्देश्य विदेशी मुद्रा भंडार पर दबाव कम करना

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**नई दिल्ली।** सरकार ने चांदी के आयात से जुड़े नियम तत्काल प्रभाव से कड़े कर दिए हैं। यह कदम कीमती धातुओं पर सीमा शुल्क बढ़ाने के कुछ ही दिनों बाद उठाया गया है। इस फैसले से घरेलू बाजार और व्यापार संतुलन पर असर पड़ने की उम्मीद है। सरकार ने चांदी के आ यात को फ्री केटिगरी से प्रतिबंधित केटिगरी में डाल दिया है। कच्चे तेल की कीमतों में उछाल के चलते चांदी पर आयात में प्रतिबंध का मकसद विदेशी मुद्रा भंडार पर दबाव कम करना माना जा रहा है।

विदेश व्यापार महानिदेशालय ने एक अधिसूचना जारी कर इसकी जानकारी दी। चांदी की आयात नीति को मुक्त से प्रतिबंधित श्रेणी में संशोधित किया गया है। इसमें सोने और



■ **कीमती धातुओं पर शुल्क बढ़ाने के बाद फैसला**

■ **13 मई को चांदी के आयात पर 6% शुल्क को बढ़ाकर किया था 15%**

प्लैटिनम से चढ़ी चांदी भी शामिल है। प्रतिबंधित श्रेणी के तहत आने वाले सामानों के आयात के लिए अब सरकार से लाइसेंस लेना अनिवार्य होगा। यह नियम तत्काल प्रभाव से लागू हो गया है। सरकार ने 13 मई को कीमती धातुओं पर आयात शुल्क में बड़ी वृद्धि की थी। आयात शुल्क छह फीसदी से बढ़ाकर 15 फीसदी कर दिया गया था। यह लगातार दूसरा बड़ा कदम है, जो कीमती धातुओं के आयात को प्रभावित करेगा। इन कदमों से देश में चांदी के व्यापार पर सीधा असर पड़ेगा। सरकार ने चांदी के आयात को लेकर अपनी नीति में महत्वपूर्ण बदलाव किया है। पहले चांदी का आयात मुक्त श्रेणी में आता था, जिसका अर्थ था कि इसे आसानी से आयात किया जा सकता था। अब इसे प्रतिबंधित श्रेणी में डाल दिया गया है। इस बदलाव का मतलब है कि आयातकों को अब चांदी मंगाने के लिए सरकारी अनुमति लेनी होगी। यह प्रक्रिया आयात को और अधिक नियंत्रित और जटिल बना देगी। चांदी पर प्रतिबंध लगाने से पहले, सरकार ने कीमती धातुओं पर आयात शुल्क बढ़ाया था। 13 मई को यह शुल्क 6 फीसदी से बढ़ाकर 15 फीसदी कर दिया गया था। यह वृद्धि सोने और अन्य कीमती धातुओं पर भी लागू हुई थी। इन दोनों कदमों से देश में कीमती धातुओं का आयात महंगा हो जाएगा। यह सरकार का एक और महत्वपूर्ण आर्थिक निर्णय है।

# ये दुनिया के लिए आपदाओं का दशकः मोदी

**द हेग।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नीदरलैंड दौरे पर हैं। उन्होंने द हेग में भारतीय समुदाय को संबोधित करते हुए दुनिया के मौजूदा हालात पर चिंता जताई। मोदी ने कहा कि आज मानवता के सामने कई बड़ी चुनौतियां हैं। ये दशक आपदाओं का दशक बन गया है।

दुनिया पहले कोरोना, फिर युद्ध और अब ऊर्जा संकट से जूझ रही है। अगर हालात नहीं बदले तो बीते कई दशकों के काम पर पानी फिर जाएगा और दुनिया की बहुत बड़ी आबादी गरीबी के दलदल में फंस जाएगी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नीदरलैंड दौरे के दौरान वहां रहने वाला सूरीनामी- हिंदुस्तानी समुदाय खास चर्चा में रहा। यह समुदाय उन भारतीयों के परिवारों से जुड़ा है, जिन्हें करीब 153 साल पहले बिहार, उत्तर प्रदेश और बंगाल से काम के लिए सूरीनाम भेजा गया था। बाद में इनमें से कई लोग नीदरलैंड आकर बस गए। आज भी यह समुदाय अपनी भारतीय संस्कृति और परंपराओं को संभालकर रखे हुए है। हेग शहर में रहने वाले लोग अब भी भोजपुरी और अवधी से जुड़ी सरनामी भाषा बोलते हैं। यहां भारतीय संगीत, भजन और भोजपुरी गीत काफी लोकप्रिय हैं। प्रधानमंत्री मोदी के स्वागत में भी लोगों ने कथक, गरबा और भोजपुरी गीत पेश किए। करीब दो लाख सूरीनामी- हिंदुस्तानी लोग आज नीदरलैंड में रहते हैं। उन्हें यूरोप में भारतीय मूल का सबसे पुराना बड़ा समुदाय माना जाता है। नीदरलैंड का राज परिवार यूरोप के सबसे पुराने शाही परिवारों में से एक माना जाता है। इसे हाउस ऑफ ऑरेंज-नासाउ कहा जाता है। नीदरलैंड के मौजूदा राजा विलेम-अलेक्जेंडर हैं।

■ **पहले कोरोना, फिर युद्ध, अब ऊर्जा संकट, हालात नहीं बदले, तो गरीबी के दलदल में फंसेंगे**

## मोदी पेपर लीक मामले में धर्मेंद्र प्रधान को हटाएं या जवाबदेही लें : राहुल गांधी

**नई दिल्ली।** कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष एवं लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने मेडिकल प्रवेश परीक्षा नीट पेपर लीक मामले में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान को पद से हटाने की मांग करते हुए कहा है कि यदि उन्हें नहीं हटाया जाता है, तो श्री मोदी को स्वयं इसकी जवाबदेही लेनी चाहिए। राहुल गांधी ने शनिवार को सोशल मीडिया पर एक वीडियो संदेश में कहा कि मेडिकल प्रवेश परीक्षा का पेपर लीक होने के कारण 22 लाख बच्चों के साथ धोखा हुआ है, लेकिन श्री मोदी एक शब्द भी नहीं बोल रहे हैं। शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान जी को अभी हटाइए या जवाबदेही खुद लीजिए। उन्होंने आरोप लगाया कि इस पेपरलीक की घटना से देश के 22 लाख विद्यार्थियों की दो वर्ष की मेहनत बर्बाद हो गई और पूरा देश जानता है कि नीट परीक्षा से पहले व्हाट्सएप पर प्रश्नपत्र बांटा जा रहा था।

## 182 करोड़ की 'जिहादी ड्रग' कैप्टागॉन जब्त

**नई दिल्ली।** नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो ने अंतर्राष्ट्रीय सिंथेटिक ड्रग तस्करी नेटवर्क के खिलाफ बड़ी सफलता हासिल करते हुए 'ऑपरेशन रेजपिल' के तहत 'जिहादी ड्रग' कैप्टागॉन की तस्करी में शामिल एक अंतर्राष्ट्रीय ड्रग सिंडिकेट का भंडाफोड़ कर 227.7 किलो कैप्टागॉन जब्त की है, जिसकी बाजार में कीमत 182 करोड़ रुपये है।

यह पहला मौका है जब देश में इस तरह की खतरनाक ड्रग पकड़ी गई है। इस मामले में सीरिया के एक नागरिक को गिरफ्तार किया गया है। केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने शनिवार को सोशल मीडिया पर एक पोस्ट में यह जानकारी दी। उन्होंने कहा कि मोदी सरकार 'नशा-मुक्त भारत' के लिए संकल्पित है।

■ **देश में पहली बार इस प्रकार की खतरनाक ड्रग पकड़ी गईः शाह**

## नीट पेपर लीक मामले में एक और गिरफ्तारी

**नई दिल्ली।** केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) ने नीट-यूजी 2026 परीक्षा के जीव विज्ञान के प्रश्न लीक मामले में शामिल एक और मास्टरमाइंड को गिरफ्तार किया है। सीबीआई के एक अधिकारी ने शनिवार को यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि सीबीआई ने गहन पूछताछ के बाद एक अन्य मुख्य आरोपी पुणे (महाराष्ट्र) की वरिष्ठ वनस्पति विज्ञान शिक्षिका मनीषा गुरुनाथ मंधारे को दिल्ली में गिरफ्तार कर लिया है। वह नीट-यूजी 2026 परीक्षा प्रक्रिया में शामिल थीं।

## कॉकरोच वाले बयान पर सीजेआई ने दी सफाई

**नई दिल्ली।** चीफ जस्टिस सूर्यकांत ने शनिवार को अपनी पैरासाइट और कॉकरोच वाली टिप्पणी पर सफाई दी।

उन्होनें कहा कि मीडिया के एक वर्ग ने मेरी टिप्पणी को गलत तरीके से पेश किया। उन्होंने कहा कि उनकी टिप्पणी खास तौर पर उन लोगों के लिए थी, जो फर्जी और नकली डिग्रियों के सहारे वकालत जैसे पेशों में आ गए हैं। मीडिया, सोशल मीडिया और दूसरे सम्मानित पेशों में भी ऐसे लोग घुस आए हैं। वे परजीवियों जैसे हैं। दरअसल, मीडिया रिपोर्ट्स में दावा किया गया था कि चीफ जस्टिस ने 15 मई को एक मामले की सुनवाई करते हुए देश के बेरोजगार युवाओं की तुलना कॉकरोच और परजीवियों से की थी।

■ **मैंने फर्जी डिग्रीधारी वालों की आलोचना की थीः सूर्यकांत**

# भारत में सूखा व भीषण गर्मी पड़ने की आशंका

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**नई दिल्ली।** भारत में इस साल सामान्य से कम बारिश के अनुमान के बीच सुपर अल-नीनो भी एक्टिव हो सकता है। अमेरिकी मौसम एजेंसी 'नेशनल ओशेनिक एंड एटमास्फेरिक एडमिनिस्ट्रेशन' (नोआ) के अनुसार यह मई-जुलाई के दौरान ही दस्तक दे सकता है।

नोआ ने बताया कि प्रशांत महासागर का तापमान इस बार मई में सामान्य से 0.5 डिग्री सेल्सियस ज्यादा है। यह गर्मी की स्थिति इस बार पूरे मानसून सीजन के दौरान बनी रह सकती है। पिछले महीने जारी अनुमान में यह संभावना 61 फीसदी थी, जो अब बढ़कर 82 प्रतिशत हो गई है। भारतीय मौसम विभाग के चीफ मृत्युंजय महापात्र ने बताया कि इसका सीधा असर मानसून की बारिश पर पड़ेगा। इससे देश में सूखे का खतरा और ज्यादा बढ़ जाएगा। अल नीनो के कारण समुद्र का पानी असामान्य रूप से गर्म हो जाता है, जिसके साथ हवा के पैटर्न में भी बदलाव आता है। इसके असर से दुनियाभर में बारिश का चक्र बिगड़ जाता है। कहीं भयंकर सूखा, तो कहीं मूसलाधार बारिश और बाढ़ आती है। सीधे शब्दों में कहें तो जब अल-नीनो एक्टिव होगा, तब प्रशांत महासागर से भारत की तरफ आने वाली मानसूनी हवाओं को रोक देगा। इससे बारिश पर असर पड़ेगा।

■ **सुपर अल नीनो के मई-जुलाई से सर्दियों तक जारी रहने के आसार**

### 19 से अधिक राज्यों में आंधी-तूफान व बारिश की चेतावनी

**नई दिल्ली।** मौसम विभाग ने देश के 19 से अधिक राज्यों में आंधी-तूफान और भारी बारिश का अलर्ट जारी किया गया है जबकि बिहार और अंडमान में 60 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से चलने वाली हवाएं चलने की चेतावनी दी है। दिल्ली में अधिकतम तापमान में लगभग 1.2 डिग्री सेल्सियस की वृद्धि और न्यूनतम तापमान में 1.2 डिग्री की गिरावट दर्ज की गई है। पिछले 24 घंटों के दौरान दिल्ली में अधिकतम तापमान 40.41 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम तापमान 24.25 डिग्री दर्ज किया गया। मौसम विभाग ने शनिवार को बताया कि मानसून आज दक्षिण-पूर्वी अरब सागर, बंगाल की खाड़ी के दक्षिण-पश्चिम और दक्षिण-पूर्व हिस्सों, अंडमान सागर के अधिकांश क्षेत्रों, संपूर्ण निकोबार द्वीप समूह और श्री विजयपुरम सहित अंडमान द्वीप समूह के कुछ हिस्सों में प्रवेश कर गया है।

## संक्षिप्त समाचार

### चुनावी भाषण मामले में आजम खां को दो साल की सजा



**रामपुर।** समाजवादी पार्टी के वरिष्ठ नेता एवं पूर्व कैबिनेट मंत्री मोहम्मद आजम खां को वर्ष 2019 के लोकसभा चुनाव प्रचार के दौरान दिए गए विवादित बयान के मामले में रामपुर की एमपी-एमएलए कोर्ट ने दोषी करार देते हुए 2 वर्ष की सजा सुनाई है। अदालत ने उन पर 5 हजार रुपये का जुर्माना भी लगाया है। फैसले के बाद राजनीतिक गलियारों में हलचल तेज हो गई है। यह मामला वर्ष 2019 के लोकसभा चुनाव प्रचार के दौरान भोट क्षेत्र में आयोजित एक जनसभा से जुड़ा है। आरोप है कि मोहम्मद आजम खां ने मंच से प्रशासनिक अधिकारियों, विशेषकर तत्कालीन जिलाधिकारी आंजनेय कुमार सिंह को लेकर आपत्तिजनक टिप्पणी की थी।

### पाक तय करे वो भूगोल का हिस्सा बनना चाहता है या इतिहास काः उपेंद्र

**नई दिल्ली।** सेना प्रमुख जनरल उपेंद्र द्विवेदी ने पाकिस्तान को बहुत सख्त लहजे में चेतावनी दी है। उन्होंने कहा कि अगर पाकिस्तान आतंकवादियों को पनाह देना और भारत के खिलाफ साजिशें रचना जारी रखता है, तो उसे एक बड़ा फैसला लेना होगा। पाकिस्तान को यह तय करना होगा कि वह भविष्य में दुनिया के नक्शे (भूगोल) पर रहना चाहता है या सिर्फ इतिहास का हिस्सा बनकर रह जाना चाहता है। जनरल द्विवेदी ने यह बात नई दिल्ली के मानेकशा सेंटर में आयोजित एक संवाद सत्र के दौरान कही।

### डोनाल्ड ट्रम्प की हत्या पर 558 करोड़ रुपये का इनाम

**तेहरान।** ईरानी मीडिया में दावा किया गया है कि ईरानी सरकार ट्रम्प की हत्या के बदले 50 मिलियन यूरो (करीब 558 करोड़) के इनाम का एक प्रस्ताव संसद में लाने की तैयारी कर रही है। ईरान वायर के अनुसार, ईरानी संसद की राष्ट्रीय सुरक्षा और विदेश नीति समिति के चेयरमैन इब्राहिम अजीजी ने इस्लामिक रिपब्लिक की सैन्य और सुरक्षा एजेंसियों द्वारा काउंटर-एक्शन नाम की योजना का मसौदा तैयार किए जाने की घोषणा की है। ए टारगेट किया जाना चाहिए।

### केंद्रीय मंत्री के बेटे की बढ़ी मुश्किलें

**हैदराबाद।** केंद्रीय गृह राज्य मंत्री बंदी संजय कुमार के बेटे बंदी भगीरथ की मुश्किलें लगातार बढ़ती जा रही हैं। पोक्सो मामले में घिरे भगीरथ के खिलाफ साइबराबाद पुलिस ने लुक-आउट सर्कुलर (एलओसी) जारी कर दिया है। पुलिस ने यह कदम उनके देश छोड़कर भागने की आशंका के चलते उठाया है। एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने बताया कि आरोपी भगीरथ को पकड़ने के लिए लगातार छापेमारी की जा रही है। इस मामले में बंदी भगीरथ को तेलंगाना हाईकोर्ट से भी बड़ा झटका लगा है।

मिर्गी दौरे

(मिर्गी के लक्षण)

1. अचानक बेहोश हो जाना
2. हाथ-पैर ऐंठ जाना
3. शरीर का अकड़ना
4. मुंह से झाग निकलना
5. मुठ्ठियां कसना, आंखें पथराना





डा. अय्यूब हसन 'मार्शल'
M.B.B.S., G.M.C.S. (U.K.), M.I.P.S., M.I.E.A., F.I.P.S. (Fellow of Indian Psychiatry Society)

डा. अर्सलान अय्यूब
M.B.B.S. (TU), M.I.E.A., M.I.P.S, Member of Indian Psychiatry Association



(मानसिक रोग एवं उनके लक्षण)

1. डिप्रेशन, उदासी घबराहट (DEPRESSION)
2. पागलपन, गालियाँ देना, कानों में आवाजे आना, मारपीट, तोड़-फोड़ करना (SCHIZOPHRENIA)
3. शक की बीमारी, बार-बार हाथ धोना, ताले चेक करना (O.C.D)
4. नशा मुक्ति (शराब, भांग, सिगरेट) (DE ADDICTION)
5. बच्चों का मन्द बुद्धि होना, चिड़चिड़ा होना (ADHD), (AUTISM)
6. सरदर्द, सर का भारी होना, आधे सर में दर्द होना (MIGRAINE)
7. सेक्स समस्याएं (E.D) निसंतान

45 वर्ष से आपकी सेवा में

मार्शल मिर्गी एवं मानसिक चिकित्सा केन्द्र
पता-निकट चन्द्रा टाकीज़ सेन्ट्रल बैंक के सामने, मुजफ्फरनगर (उ.प्र.) मो.: 9997892556, 9997411423

CMYK

## संक्षिप्त समाचार

### पूर्वांचल एक्सप्रेस-वे पर कार कंटेनर में घुसी, पांच की मौत

**आजमगढ़।** उत्तर प्रदेश के आजमगढ़ जिले में पूर्वांचल एक्सप्रेस-वे पर शनिवार अपरा]न हुए भीषण सड़क हादसे में पांच लोगों की मौके पर ही मौत हो गई। पुलिस अधीक्षक यातायात पंकज श्रीवास्तव ने बताया कि स्विफ्ट डिजायर कार तेज गति से पूर्वांचल एक्सप्रेस-वे पर जा रही थी। माइलस्टोन-238 के पास कार अचानक अनियंत्रित होकर आगे चल रहे कंटेनर ट्रक से पीछे से टकरा गई। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि कार के परखच्चे उड़ गए और उसमें सवार पांच लोगों की मौके पर ही मौत हो गई। हादसे के बाद एक्सप्रेस-वे पर अफरा-तफरी और चीख-पुकार मच गई। राहगीरों की सूचना पर डायल-112 और थाना कंधरापुर पुलिस मौके पर पहुंची।

### सत्यम वर्मा के खिलाफ एनएसए हटाने की मांग

**नई दिल्ली।** नागरिक अधिकार संगठन 'जनहस्तक्षेप' ने नोएडा में मजदूर आंदोलन से जुड़ी हिंसा के सिलसिले में गिरफ्तार पत्रकार व लेखक सत्यम वर्मा और आंदोलनकारी आकृति चौधरी के खिलाफ एनएसए लगाए जाने को निराधार व गैरकानूनी बताते हुए उन पर लगाए गए आरोपों को वापस लिए जाने की मांग की है। जनहस्तक्षेप के संयोजक विकास वाजपेयी व सहसंयोजक अनिल दुबे ने शनिवार को जारी एक बयान में कहा कि वर्मा और उनके सहयोगी राष्ट्रीय राजधानी के नोएडा और मानेसर जैसे औद्योगिक क्षेत्रों के मजदूरों के लिए न्यूनतम मजदूरी लागू करने, काम की निर्धारित अवधि तय किए जाने और उनके अन्य बुनियादी अधिकारों के लिए पिछले कुछ महीनों से आंदोलन चला रहे थे।

# अब गांव के बच्चों तक पहुंचेगी आधुनिक विज्ञान शिक्षा

■ सरकार ने प्रदेश के 38 जिलों के 9,356 विद्यालयों में साइंस किट उपलब्ध कराई

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ सरकार परिषदीय विद्यालयों में पढ़ने वाले बच्चों को आधुनिक और प्रयोग आधारित विज्ञान शिक्षा से जोड़ने की दिशा में बड़ा कदम उठा रही है। प्रदेश के 38 जिलों के 9,356 विद्यालयों में साइंस किट उपलब्ध कराकर सरकार ने यह सुनिश्चित करने की कोशिश की है कि ग्रामीण और आर्थिक रूप से कमजोर परिवारों के बच्चों को भी गुणवत्तापूर्ण विज्ञान शिक्षा मिल सके। इन साइंस किटों के माध्यम से अब सरकारी स्कूलों के छात्र केवल किताबों तक सीमित नहीं रहेंगे, बल्कि प्रयोग और गतिविधियों के जरिए विज्ञान को समझ सकेंगे।

सरकार का मानना है कि बच्चों में वैज्ञानिक सोच, जिज्ञासा और नवाचार क्षमता विकसित करने के लिए प्रयोग आधारित शिक्षण बेहद जरूरी है। प्रदेश के कई जिलों में बड़ी संख्या में साइंस किटें भेजी गई हैं। गोंडा में 370, शाहजहांपुर में 366, आगरा में 357, उन्नाव में 338, बुलंदशहर में 314 और अलीगढ़ में 301 साइंस किटों की आपूर्ति की गई है। वहीं लखीमपुर खीरी में 464 और सीतापुर में 469 साइंस किटें पहुंचाई गई हैं।



## गरीबों के इलाज में भरपूर मदद करेगी सरकार: योगी

**गोरखपुर।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गोरखपुर प्रवास के दौरान शनिवार सुबह गोरखनाथ मंदिर में आयोजित जनता दर्शन में गंभीर बीमारियों के इलाज में मदद की गुहार लेकर आए लोगों को आश्वस्त किया कि उपचार कराने में सरकार भरपूर मदद करेगी और इसके लिए मुख्यमंत्री विवेकाधीन कोष से धनराशि दी जाएगी। मुख्यमंत्री गोरखनाथ मंदिर परिसर में आयोजित जनता दर्शन के दौरान करीब 200 लोगों से मिले। कुर्सियों पर बैठाए गए लोगो तक जाकर उनकी समस्याओं को सुना।

# परीक्षा पर चर्चा नहीं, समीक्षा की है जरूरत: कांग्रेस

**नई दिल्ली, वार्ता**




■ शिक्षा तंत्र तीसरे दर्जे की औसत अकादमिक सोच रखने वाले लोगों से भरा हुआ: जयराम

■ पेपर लीक शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान की अक्षमता का परिणाम, उन्हें इस्तीफा देना चाहिए: खड़गे

कांग्रेस ने शिक्षा व्यवस्था को लेकर मोदी सरकार पर आरोप लगाया है कि सरकार का शिक्षा तंत्र अक्षमता, राजनीतिक पक्षपात और भ्रष्टाचार से ग्रस्त है और समय 'परीक्षा पर चर्चा' नहीं बल्कि 'परीक्षा की समीक्षा' का है।

कांग्रेस संचार विभाग के प्रभारी जयराम रमेश ने शनिवार को यहां एक बयान में कहा कि मोदी सरकार का शिक्षा तंत्र 'तीसरे दर्जे की औसत अकादमिक सोच रखने वाले लोगों' से भरा हुआ है, जिसने पिछले कुछ वर्षों में खुद को बेहद अक्षम, राजनीतिक रूप से पक्षपाती और भ्रष्ट साबित किया है। उन्होंने कहा कि परीक्षा को लेकर हर महीने कोई न कोई नया संकट सामने आता है, जिनमें एनसीईआरटी पाठ्यपुस्तक विवाद, विश्वविद्यालय अनुदान आयोग (यूजीसी) के कुलपतियों की नियुक्ति संबंधी मसौदा नियम, लगातार पेपर लीक, एनएएसी रिश्वतखोरी प्रकरण, आईसीएचआर घोटाला, समग्र शिक्षा निधि को कथित रूप से असंवैधानिक तरीके से रोकना, कई केंद्रीय विश्वविद्यालयों में अनुपस्थित कुलपतियों की नियुक्ति और शिक्षकों के बड़े पैमाने पर रिक्त पद शामिल हैं। रमेश ने आरोप लगाया कि शिक्षा मंत्रालय की अक्षमता की बराबरी केवल शिक्षा मंत्री के अहंकार से हो सकती है। उनका कहना था कि जब मीडिया ने एनटीए को लेकर संसदीय स्थाई समिति की सिफारिशों पर अमल न करने के बारे में सवाल पूछा गया तो शिक्षा मंत्री ने समिति की रिपोर्ट को यह कहकर गंभीरता से लेने से इनकार कर दिया कि उसमें 'विपक्ष के सदस्य' शामिल हैं। कांग्रेस नेता ने कहा कि समिति के 30 सदस्यों में 17 सांसद भारतीय जनता पार्टी के ही हैं और समिति की सिफारिशों में के. राधाकृष्णन विशेषज्ञ समिति की रिपोर्ट की पुनर्पुष्टि भी शामिल है, जिसका हवाला स्वयं मंत्री देते हैं। उन्होंने कहा कि संसदीय स्थाई समिति को स्वीकार करने से इनकार करना अपनी ही पार्टी के सांसदों तथा संसद की बहुदलीय परंपराओं को खारिज करने जैसा है। आज समय की मांग 'परीक्षा की समीक्षा' है और शिक्षा मंत्री इस जिम्मेदारी के लिए उपयुक्त नहीं दिखते। वहीं कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने मेडिकल कॉलेजों में प्रवेश के लिए आयोजित नीट परीक्षा के पेपर लीक होने और इस वजह से छात्रों की आत्महत्या की खबरों को लेकर मोदी सरकार पर हमला किया और कहा कि यह सब शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान की अक्षमता का परिणाम है, इसलिए उन्हें तत्काल अपने पद से इस्तीफा देना चाहिए।

## मौसम शुष्क बने रहने तथा तापमान में लगातार बढ़ोतरी के आसार

# उप्र में अगले पांच दिन रहेगा भीषण गर्मी का प्रकोप

**शाह टाइम्स ब्यूरो**



■ मौसम विभाग की चेतावनी: पूर्वी और पश्चिमी हिस्सों में कई जिलों में लू के थपेड़े करेंगे बेहाल

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश में आगामी पांच दिनों तक मौसम शुष्क बने रहने तथा तापमान में लगातार बढ़ोतरी के आसार हैं। मौसम विभाग ने प्रदेश के पूर्वी और पश्चिमी हिस्सों में 20 मई तक उष्ण लहर (लू) से लेकर अति उष्ण लहर चलने की चेता. वनी जारी की है।

मौसम केंद्र लखनऊ के अनुसार दक्षिणी और मध्य उत्तर प्रदेश के कई जिलों में हालात गंभीर हो सकते हैं। भारतीय मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) के लखनऊ केंद्र द्वारा शनिवार को जारी प्रभाव आधारित पूर्वानुमान एवं चेतावनी के अनुसार 16 से 19 मई तक पूरे प्रदेश में मौसम मुख्य रूप से शुष्क रहेगा, जबकि 20 मई को पूर्वी उत्तर प्रदेश के उत्तर-पूर्वी हिस्सों में कहीं-कहीं गरज-चमक के साथ हल्की बारिश या बौछारें पड़ने की संभावना जताई गई है। मौसम विभाग ने 16 और 17 मई को पश्चिमी एवं पूर्वी उत्तर प्रदेश के दक्षिणी क्षेत्रों में कहीं-कहीं लू चलने की चेतावनी जारी की है। वहीं 18 मई से स्थिति और गंभीर होने के संकेत हैं, जब प्रदेश के कई हिस्सों में व्यापक स्तर पर उष्ण लहर का प्रभाव देखने को मिलेगा। 19 और 20 मई को कई जिलों में लू से अति उष्ण लहर की स्थिति बनने की संभावना जताई गई है। आईएमडी के अनुसार 16 मई को बांदा, चित्रकूट, कौशांबी, प्रयागराज, फतेहपुर, मिर्जापुर, चंदौली, वाराणसी, जालौन, हमीरपुर, महोबा और झांसी समेत आसपास के क्षेत्रों में लू का प्रभाव अधिक रहेगा। 17 मई को इसका दायरा बढ़ते हुए प्रतापगढ़, जौनपुर, कानपुर नगर, रायबरेली, आगरा, फिरोजाबाद, इटावा और औरैया तक पहुंच जाएगा। 18 मई से पूर्वांचल और बुंदेलखंड के साथ मध्य यूपी के बड़े हिस्से भी गर्मी की चपेट में आ जाएंगे। मौसम विभाग ने गाजीपुर, आजमगढ़, मऊ, बलिया, उन्नाव, अमेठी, सुल्तानपुर, कन्नौज, ललितपुर और मैनपुरी सहित कई जिलों में भीषण गर्म हवाएं चलने की संभावना जताई है। मौसम

## आंधी-तूफान पीड़ितों की पूरी उदारता से मदद करे सरकार: मायावती

**लखनऊ।** बहुजन समाज पार्टी की राष्ट्रीय अध्यक्ष मायावती ने उत्तर प्रदेश में हाल ही में आए भीषण आंधी-तूफान से प्रभावित परिवारों की मदद के लिए राज्य सरकार से पूरी उदारता बरतने की मांग की है। साथ ही उन्होंने पेट्रोल-डीजल की कीमतों में तीन रुपये प्रति लीटर की बढ़ोतरी को लेकर केंद्र सरकार पर निशाना साधा है। सुश्री मायावती ने शनिवार को एक्स पर लिखा- यूपी के कई हिस्सों में जबरदस्त आंधी-तूफान से जान-माल की भारी तबाही हुई है। राज्य सरकार को पूरी उदारता के साथ हर प्रकार से पीड़ितों के सहयोग के लिए आगे आना चाहिए, ताकि वे लोग अपने उजड़े/बिखरे हुए पारिवारिक जीवन को समेट कर दोबारा से अपनी जिदगी शुरू कर सकें। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार द्वारा पेट्रोल-डीजल की कीमत में तीन रुपये प्रति लीटर की वृद्धि करोड़ों गरीबों, मेहनतकश परिवारों, खेती- किसानी के साथ-साथ मिडिल क्लास के जीवन को भी बुरी तरह प्रभावित करेगी।

# लेह में खुलेगा आईआईटी जम्मू का सैटेलाइट कैंपस: उपराज्यपाल

**लेह, वार्ता**

केंद्रशासित प्रदेश लद्दाख प्रशासन ने आईआईटी, जम्मू के साथ लेह में 'सैटेलाइट कैंपस' स्थापित करने के लिए समझौता पत्र पर हस्ताक्षर किया है। लद्दाख के उपराज्यपाल विनय कुमार सक्सेना ने सोशल मीडिया पर इसकी जानकारी साझा की है।

उन्होंने इसे लद्दाख के युवाओं की आकांक्षाओं को नई उड़ान देने वाला कदम बताया है। उपराज्यपाल सक्सेना ने अपने पोस्ट में लिखा है कि यह कैंपस लद्दाख के युवाओं के लिए बड़े बदलाव का वादा है। उन्होंने भरोसा दिलाया कि भौगोलिक चुनौतियों या शीर्ष तकनीकी संस्थानों तक पहुंच की कमी के कारण अब यहां के छात्रों के सपने अधूरे नहीं रहेंगे। इस पहल के माध्यम से लद्दाख के छात्रों को अपने ही घर में ही विश्व स्तरीय तकनीकी शिक्षा और अनुसंधान के अवसर प्राप्त होंगे। कैंपस की कार्ययोजना का विवरण देते हुए बताया कि इसकी शुरुआत दो आधुनिक विषयों सिविल इंजी. नियरिंग और कृत्रिम बुद्धिमता (एआई)/डेटा साइंस के साथ की जाएगी। यह कैंपस छात्रों के लिए अनुसंधान, नवाचार, स्टार्टअप और रोजगार के नए रास्ते खोलेगा। समझौता पत्र के अनुसार, आने वाले समय में कारगिल में एक पूर्ण आवासीय परिसर भी विक. सित किया जाएगा, जो 'सेंटर ऑफ एक्सीलेंस' के रूप में अपनी पहचान बनाएगा।

काम कोर्स उदास क्यों?
अधिक संतुष्टि, हैरतअंगेज़ पावर, शीघ्रपतन, नपुंसकता, बचपन की गलतियों से हमेशा के लिए छुटकारा।
फोन कर घर बैठे औषधियां डाक द्वारा प्राप्त करें।
ऋषि इन्टरनेशनल
08899787114
09808917010

## बिज़नेस-टाइम्स

सेंसेक्स 74608.98
निफ्टी 23501.25

सोना 160977 प्रति 10 ग्राम
चांदी 287720 प्रति किलो

# अधिकारी ने मिथुन से की मुलाकात

**कोलकाता, वार्ता**

■ मुख्यमंत्री के तौर पर शपथ लेने के बाद अधिकारी और चक्रवर्ती के बीच यह पहली अलग से हुई बैठक थी

पश्चिम बंगाल के मुख्यमंत्री शुभेंदु अधिकारी शनिवार को भारतीय जनता पार्टी नेता एवं अभिनेता मिथुन चक्रवर्ती के न्यू टाउन स्थित आवास पर पहुंचे और करीब एक घंटे तक उनके साथ बातचीत की। मुख्यमंत्री के तौर पर शपथ लेने के बाद अधिकारी और चक्रवर्ती के बीच यह पहली अलग से हुई बैठक थी।

बैठक के बाद संवाददाताओं से बात करते हुए उन्होंने श्री चक्रवर्ती की तारीफ की और उन्हें पश्चिम बंगाल में भाजपा के उभार के मुख्य शिल्पकारों में से एक बताया। उन्होंने कहा कि मिथुन दा ने न केवल राज्य में राजनीतिक बदलाव लाने में, बल्कि मुख्यमंत्री के तौर पर मुझे आगे बढ़ाने में भी अहम भूमिका निभाई है। वह बंगाल में भाजपा की जीत के मुख्य शिल्पकारों में से एक हैं। पार्टी ने मुझे मुख्यमंत्री बनाया है और इसमें उनकी भी भूमिका रही है। पिछले छह सालों से उन्होंने राज्य में राजनीतिक बदलाव के लिए बिना थके और निस्वार्थ भाव से काम किया है। मुख्यमंत्री ने बताया कि श्री चक्रवर्ती ने पहले मुख्यमंत्री का पद संभालने के बाद उनसे मिलने की इच्छा जताई थी, लेकिन अधिकारी ने खुद जाकर इस दिग्गज अभिनेता- राजनेता से मिलने पर जोर दिया। अधिकारी ने कहा कि मैंने उनसे कहा कि आप क्यों आएंगे? आपके द्वारा बनाया गया मुख्यमंत्री खुद आपसे मिलने आएगा। अधिकारी की बातें सुनकर चक्रवर्ती काफी भावुक हो गए और उन्हें गले लगा लिया। अधिकारी ने कहा कि श्री चक्रवर्ती की लोकप्रियता भाजपा के समर्थकों से कहीं ज्यादा है। उन्होंने कहा कि मैंने आठवीं कक्षा के बाद फिल्में देखना छोड़ दिया था, लेकिन मिथुन दा अलग हैं। वह महागुरु हैं। मैं उनका आशीर्वाद लेने आया था। वहीं चक्रवर्ती ने मुख्यमंत्री की जमकर तारीफ की और कहा कि पश्चिम बंगाल के लिए उनसे बेहतर मुख्यमंत्री कोई हो ही नहीं सकता। उन्होंने कहा कि पश्चिम बंगाल में उनसे बेहतर मुख्यमंत्री कोई हो ही नहीं सकता। मैं इसकी गारंटी दे सकता हूं। शपथ लेने के बाद से वह लगातार काम कर रहे हैं। हमें उन पर गर्व है और हम पूरी तरह से उनके साथ खड़े हैं।

# चावल, गेहूं नरम, चीनी मजबूत दालों और खाद्य तेलों में रहा उतार-चढ़ाव

**नई दिल्ली, वार्ता**



गेहूं 14 रुपये सस्ता हुआ और 2,773 रुपये प्रति क्विटंल पर रहा, आटे की कीमत कमोबेश पिछले कारोबारी दिवस के स्तर पर ही बनी रही

घरेलू थोक जिंस बाजारों में शनिवार को चावल का औसत भाव उतर गया। चावल के साथ गेहूं में भी नरमी रही। चीनी के दाम बढ़ गए जबकि दालों और खाद्य तेलों में उतार-चढ़ाव का रुख रहा। औसत दर्जे के चावल की औसत कीमत 38 रुपये बढ़कर 3,829 रुपये प्रति क्विटंल पर पहुंच गई।

गेहूं 14 रुपये सस्ता हुआ और 2,773 रुपये प्रति क्विटंल पर रहा। आटे की कीमत कमोबेश पिछले कारोबारी दिवस के स्तर पर ही बनी रही। दाल-दलहनों में तुअर दाल की औसत कीमत 63 रुपये और मसूर दाल की 34 रुपये प्रति क्विटंल फिसल गई। वहीं, मूंग दाल आठ रुपये और उड़द दाल चार रुपये महंगी हुई। चना दाल का भाव स्थिर रहा। स्थानीय बाजारों में मूंगफली तेल की औसत कीमत 103 रुपये प्रति क्विंटल उतर गई। सरसों तेल भी 22 रुपये सस्ता हुआ। अन्य खाद्य तेलों में तेजी रही। सोया तेल 92 रुपये और सूरजमुखी तेल 40 रुपये महंगा हो गया। पाम ऑयल में 15 रुपये और वनस्पति में चार रुपये प्रति क्विंटल ऊपर बंद हुआ। मीठे के बाजार में आज गुड़ का औसत भाव 19 रुपये प्रति क्विंटल बढ़ गया। चीनी की कीमत पांच रुपये प्रति क्विटंल बढ़ गई। सरक. ारी वेबसाइट पर जारी खाद्यान्नों के दिन के औसत थोक भाव इस प्रकार रहे: दाल-दलहन: दाल चना 7666.28 रुपये, मसूर काली 8080.32 रुपये, मूंग दाल 10185.98 रुपये, उड़द दाल 10844.96 रुपये, तुअर दाल 11199.44 रुपये प्रति क्विंटल रही। अनाज : (भाव प्रति क्विंटल) गेहूं दड़ा 2772.87 रुपये और चावल 3829.05 रुपये प्रति क्विंटल और आटा (गेहूं) 3256.12 रुपये प्रति क्विंटल रहा। चीनी-गुड़: चीनी एस 4327.36 रुपये और गुड़ 5068.68 रुपये प्रति क्विंटल बोले गए। खाद्य तेल: सरसों तेल 17862.07 रुपये, मूंगफली तेल 18853.49 रुपये, सूरजमुखी तेल 17516.98 रुपये, सोया तेल 14996.12 रुपये, पाम ऑयल 13496.02 रुपये और वनस्पति 15003.86 रुपये प्रति क्विंटल के स्तर पर रहा।

स्त्री के सामने लज्जित होने से बेहतर है
आज ही इलाज करा लेना खोई हुई मर्दाना ताकत दोबारा प्राप्त करने के लिए आज ही मिलें या फोन करें।
काजीजादा, अमरोहा-UP
हाशमी दवाखाना
9997161320, 8272800800

Cipzer
HEALTH WITH CARE
जॉन्डिस क्योर
लिवर का जिगरी दोस्त
भूख की कमी, बदहज़मी जॉन्डिस, फेटी लीवर, एल्कॉहलिक लिवर डिज़ीज़ आदि से लड़ने की ताकत देता है ताकि आप रहें फिट एण्ड एक्टिव
प्रमुख मेडिकल स्टोर पर उपलब्ध।
86 8484 5757 info@cipzer.com

# गृह मंत्रालय ने त्रिपुरा के लिए एक और आईआर बटालियन को मंजूरी दी

**अगरतला।** केंद्रीय गृह मंत्रालय ने त्रिपुरा स्टेट राइफल्स के लिए एक और भारतीय रिजर्व (आईआर) बटालियन के गठन को मंजूरी दे दी है, जिससे सुरक्षा बढ़ने के साथ ही रोजगार के अवसर सृजित होंगे। मंत्रालय ने त्रिपुरा के मुख्य सचिव जेके सिन्हा को यह जानकारी दी। आधिका. रिक सूत्रों के मुताबिक केंद्र सरकार नई बटालियन के लिए 50 करोड़ रुपये की एकमुश्त वित्तीय मदद देते हुए जमीन की लागत को छोड़कर बुनियादी ढांचे के खर्च के लिए 30 करोड़ रुपये तक की संभावित रीइंबर्समेंट भी देगी। उन्होंने बताया कि केंद्र का बटालियन पर पहला अधिकार होगा, जिससे जरूरत पड़ने पर देश में कहीं भी तैनाती की अनुमति मिलेगी और बटालियन को उग्रवाद विरोधी गतिविधियों, आंत. रिक सुरक्षा प्रबंधन और सीमा सुरक्षा जैसे काम दिए जा सकते हैं। राज्य सरकार केंद्र द्वारा किए गए तैनाती अनुरोध को मानने के लिए बाध्य है और दूसरे राज्यों में तैनाती के मामलों में उधार लेने वाला राज्य नियमित रूप से आनुपातिक खर्च उठाएगा, जब तक कि तैनाती केंद्र सरकार के निर्देश पर किसी छूट प्राप्त वाले राज्य में न हो। उन्होंने कहा कि आईआर बटालियन को शामिल करना त्रिपुरा के सुरक्षा ढांचे के लिए एक बड़ा कदम है, जो इस इलाके में लंबे समय तक शांति और स्थिरता को बढ़ावा देने के लिए पुलिस और अर्द्धसैनिक बलों की क्षमताओं का आधुनिक. ीकरण करने और मजबूत करने पर राज्य सरकार की प्रतिबद्धता को दर्शाता है।

# बेटियों की शिक्षा पूरे राष्ट्र के उज्जवल भविष्य की आधारशिला: रेखा गुप्ता

**नई दिल्ली, वार्ता**



दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने शनिवार को कहा कि बेटियों की शिक्षा केवल परिवार नहीं, बल्कि पूरे समाज और राष्ट्र के उज्जवल भविष्य की आधारशिला है।

श्रीमती गुप्ता ने आज आरके पुरम विधानसभा क्षेत्र में आयोजित मेधावी छात्राओं के सम्मान और निघ्शुल्क साइकिल वितरण कार्यक्रम में शामिल हुईं। इस दौरान मुख्यमंत्री ने 10वीं और 12वीं कक्षा पास करने वाली छात्राओं को साइकिलें प्रदान की गईं, ताकि वे अपनी पढ़ाई आसानी, सुरक्षा और आत्मनिर्भरता के साथ जारी रख सकें। उन्होंने कहा कि बेटियों की शिक्षा और उन्हें आगे बढ़ाने के लिए ऐसे प्रयास बेहद जरूरी हैं। उन्होंने इस पहल को महिला सशक्तिकरण की दिशा में एक प्रेरणादायक कदम बताते हुए आयोजकों की सराहना की। मुख्यमंत्री ने कहा कि बेटियों की शिक्षा केवल परिवार नहीं, बल्कि पूरे समाज और राष्ट्र के उज्जवल भविष्य की आधारशिला है। यह साइकिल केवल एक साधन नहीं, बल्कि छात्राओं के आत्मविश्वास, स्वतंत्रता और सपनों को नई गति देने का माध्यम है। उन्होंने बताया कि दिल्ली सरकार ने निर्णय लिया है कि सरकारी विद्यालयों में कक्षा 9 में प्रवेश लेने वाली सभी छात्राओं को साइकिल उपलब्ध कराई जाएगी। हर वर्ष लगभग 1. 30 लाख छात्राएं कक्षा 9 में प्रवेश लेती हैं और साइकिल मिलने से वे कक्षा 9 से लेकर कॉलेज एवं कोचिंग तक अपनी पढ़ाई के दौरान इसका उपयोग कर सकेंगी। गर्मियों की छुट्टी के बाद छात्राओं को साइकिल वितरण की प्रक्रिया शुरू की जाएगी। उन्होंने आरके पुरम के विधायक अनिल शर्मा और रोटरी क्लब दिल्ली इंपीरियल की सराहना करते हुए कहा कि सरकार की योजना लागू होने से पहले ही 500 से अधिक छात्राओं को साइकिल प्रदान कर उन्होंने समाज के सामने प्रेरणादायक उदाहरण प्रस्तुत किया है। उन्होंने रोटरी क्लब सहित सभी सहयोगियों का विशेष आभार व्यक्त किया।

## अंशकालिक अनुदेशकों के सम्मान समारोह में योगी बढ़े मानदेय का करेंगे वितरण

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ रविवार को अंशकालिक अनुद. ेशकों के बढ़े मानदेय का वितरण करेंगे। प्रदेश सरकार कल पूरे राज्य में बढ़े हुए मानदेय वितरण और सम्मान समारोह का आयोजन कर रही है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ शाम चार बजे लोकभवन सभागार में राज्यस्तरीय कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए इसकी शुरुआत करेंगे। मुख्य कार्यक्रम का सभी 75 जिलों में सीधा प्रसारण होगा। हर जिले में भी समानांतर भव्य आयोजन किए जाएंगे। इनमें प्रभारी मंत्री, सांसद, विधायक, जिलाधिकारी, मुख्य विकास अधिकारी और अन्य जनप्रतिनिधि-अधिकारी मौजूद रहेंगे। राज्यस्तरीय और जिला स्तरीय कार्यक्रमों के समापन पर जनप्रतिनिधि अंशकालिक अनुद. ेशकों को बढ़े हुए मानदेय के प्रतीकात्मक चेक सौंपेंगे।

# 104 साल पुराने मंदिर से चोरी भगवान शनि की अष्टधातु प्रतिमा बरामद

**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय राजधानी में उत्तरी जिले के कोतवाली पुलिस थाना ने 104 साल पुराने श्री शिव नवग्रह मंदिर में हुई एक सनसनीखेज चोरी की गुत्थी को सुलझा लिया है और एक आदतन चोर के साथ एक रिसीवर को गिरफ्तार किया है। चोरी की गई कीमती भगवान शनि देव की प्राचीन अष्टधातु प्रतिमा को बरामद कर लिया है। उत्तर जिला उपायुक्त राजा बंथिया के अनुसार चांदनी चौक स्थित मंदिर से भगवान शनि महाराज की प्राचीन प्रतिमा और अन्य पीतल की वस्तुओं की चोरी के संबंध में मंदिर के पुजारी मुकेश शर्मा ने 12 मई को शिकायत दर्ज कराई थी। बताया जाता है कि चोरी तड़के 3:00 बजे से 5:00 बजे के बीच हुई थी। कोतवाली पुलिस थाना में भारतीय न्याय संहिता की धारा 305 के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू की गई थी। महा शनि जयंती से पहले मामले की संवे. दनशीलता को देखते हुए, सहायक पुलिस आयुक्त कोतवाली शंकर बनर्जी की देखरेख में और निरीक्षक कुलदीप सिंह के नेतृत्व में एक विशेष टीम का गठन किया गया। पुलिस ने इलाके में लगे 300 से अधिक सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली। तकनीकी निगरानी और स्थानीय जानकारी के आधार पर, आरोपी दिलशाद उर्फ बंता (45) को कलकट्टिया गेट के पास से गिरफ्तार किया गया। बताया जाता है कि वह यमुना बाजार इलाके में फुटपाथ पर रहता है और पहले भी चोरी और सेंधमारी के 15 मामलों में शामिल रहा है।

# लॉजिस्टिक्स सुगमता में दिल्ली अव्वल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने कहा कि विभिन्न राज्यों में लॉजिस्टिक्स की सुगमता इंडेक्स में राजधानी दिल्ली को देश की सर्वोच्च अनुकरणीय (इग्जेम्प्लर) श्रेणी में जगह मिली है। उन्होंने इसे दिल्ली के लिए गर्व का विषय कहा है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि यह उपलब्धि दिल्ली सरकार द्वारा लॉजिस्टिक्स इंफ्रास्ट्रक्चर को मजबूत करने, मल्टीमॉडल कनेक्टिविटी बढ़ाने, व्यापार सुग. मता को बेहतर बनाने और टेक्नोलॉजी आधारित प्रशासन को बढ़ावा देने के निरंतर प्रयासों का परिणाम है। मुख्यमंत्री ने जानकारी दी कि लीड्स इंडेक्स राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों का मूल्यांकन लॉजिस्टिक्स इंफ्रास्ट्रक्चर, लॉजिस्टिक्स सेवाएं, नियामकीय व्यवस्था, डिजिटल इंटीग्रेशन, स्थिरता और हितधारकों की धारणा जैसे प्रमुख मानकों पर करता है। इस इंडेक्स में राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों को चार श्रेणियों, इग्जेम्प्लर, हाई परफॉर्मर, एक्सेलरेटर्स और ग्रोथ सीकर्स में रखा जाता है, जिनमें 'इग्जेम्प्लर' सबसे ऊंची श्रेणी है।

दिल्ली ने लगातार प्रगति करते हुए लीड्स 2023 और 2024 में 'अचीवर' श्रेणी से आगे बढ़कर इस वर्ष देश में सर्वोच्च स्थान हासिल किया है।

मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने कहा कि दिल्ली सरकार ने प्रधानमंत्री गति शक्ति योजना के तहत सिटी लॉजिस्टिक्स प्लान तैयार किया है, जिसे मंजूरी मिल चुकी है और जल्द ही अधिसूचित किया जाएगा। इससे शहरी माल परिवहन, अंतिम चरण की डिलीवरी व्यवस्था और शहरी फ्रेट मैनेजमेंट को अधिक व्यवस्थित बनाया जाएगा।

पीएम गतिशक्ति पोर्टल पर 46 अनिवार्य लेयर्स में से 38 का सफल इंटीग्रेशन किया जा चुका है। साथ ही, 317 अतिरिक्त लेयर्स भी जोड़ी गई हैं। इससे विभिन्न विभागों के बीच समन्वित इंफ्रास्ट्रक्चर योजना और परियोजनाओं के क्रियान्वयन को मजबूती मिली है। मुख्यमंत्री ने कहा कि दिल्ली सिंगल विंडो सिस्टम के माध्यम से लॉजिस्टिक्स और औद्योगिक निवेश से जुड़ी स्वीकृतियों एवं अनुमतियों की प्रक्रिया को सरल और तेज बनाया गया है। वहीं, यूनिफाइड लॉजिस्टिक्स इंटरफेस प्लेटफॉर्म (यूएलआईपी) के जरिए एपीआई आधारित रियल टाइम मॉनिटरिंग और डेटा एक्सचेंज की सुविधा विकसित की गई है, जिससे विभिन्न लॉजिस्टिक्स हितधारकों के बीच बेहतर समन्वय स्थापित हुआ है। लोक निर्माण विभाग द्वारा चलाए गए पॉटहोल-फ्री रोड अभियान के तहत दिल्ली की मुख्य और आंतरिक सड़कों में बड़े स्तर पर सुधार किया गया है।

साथ ही, देश की पहली रिजनल रेपिड ट्रांजिट रीजनल रैपिड ट्रांजिट सिस्टम (आरआरटीएस) नमो भारत कॉरिडोर के संचालन से दिल्ली और आसपास के क्षेत्रों के बीच यात्री और माल परिवहन कनेक्टिविटी मजबूत हुई है। मुख्यमंत्री ने कहा कि दिल्ली मेट्रो के फेज-IV विस्तार, जिसमें द्वारका एक्सप्रेसवे लिंक भी शामिल है, से राजधानी में मल्टीमॉडल शहरी परिवहन को नई गति मिली है। साथ ही, अर्बन एक्सटेंशन रोड-II (यूईआर-II) और दिल्ली-देहरादून एक्सप्रेसवे जैसे महत्वपूर्ण आर्थिक कॉरिडोर विकसित किए जा रहे हैं, जिससे माल परिवहन और क्षेत्रीय कनेक्टिविटी को मजबूती मिल रही है। डिजिटल सिस्टम और टेक्नोलॉजी आधारित गवर्नेंस के उपयोग में दिल्ली का प्रदर्शन राष्ट्रीय और केंद्र शासित प्रदेशों के औसत से बेहतर रहा है।

मुख्यमंत्री के अनुसार दिल्ली सरकार वेयरहाउसिंग एवं लॉजिस्टिक्स पॉलिसी 2025 को अंतिम रूप दे रही है। इस नीति का उद्देश्य माल ढुलाई में भीड़भाड़ कम करना, नियामकीय जटिलताओं को दूर करना और लॉजिस्टिक्स इंफ्रास्ट्रक्चर की कमियों को समाप्त करना है। इसके साथ ही दिल्ली सरकार की ईवी पॉलिसी और इलेक्ट्रिक फ्लीट विस्तार योजना के तहत वर्ष 2024-25 में 2,808 ई-बसों की खरीद का लक्ष्य रखा गया है तथा 2025 तक 10,000 से अधिक बसों का लक्ष्य निर्धारित किया गया है, जिनमें लगभग 80 प्रतिशत बसें इलेक्ट्रिक होंगी। ईवी अपनाने और सार्वजनिक चार्जिंग इंफ्रास्ट्रक्चर के मामले में दिल्ली का प्रदर्शन अन्य केंद्र शासित प्रदेशों से बेहतर रहा है। मुख्यमंत्री ने कहा कि सोलर पॉलिसी के माध्यम से लॉजिस्टिक्स और वेयरहाउसिंग ढांचे में नवीकरणीय ऊर्जा के उपयोग को बढ़ावा दिया जा रहा है। वहीं डीटीसी और देवी बस सेवा के विस्तार से सार्वजनिक परिवहन को मजबूत कर सड़क यातायात और माल परिवहन दबाव को कम करने का प्रयास किया जा रहा है।

## 12वीं के अंकों से असंतुष्ट छात्रों को राहत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड ने बारहवीं बोर्ड परीक्षा 2026 के परिणाम से असंतुष्ट छात्रों को बड़ी राहत देते हुए उत्तर पुस्तिकाओं के सत्यापन और पुनर्मूल्यांकन की प्रक्रिया शुरू करने की घोषणा की है।

बोर्ड ने कहा है कि छात्र निर्धारित तिथियों के भीतर ऑनलाइन आवेदन कर अपनी उत्तर पुस्तिकाओं की जांच करा सकेंगे। बोर्ड के अनुसार भौतिकी, रसायन विज्ञान, जीव विज्ञान और गणित जैसे विषयों में अपेक्षा से कम अंक आने की शिकायतों के बाद छात्रों को यह अवसर दिया जा रहा है। सीबीएसई ने स्पष्ट किया कि पारदर्शी और निष्पक्ष मूल्यांकन सुनिश्चित करने के लिए ऑन-स्क्रीन अंकन प्रणाली लागू की गई है, फिर भी छात्रों को अपनी शंकाओं के समाधान का पूरा अधिकार दिया गया है।

सीबीएसई ने बताया कि पूरी प्रक्रिया दो चरणों में आयोजित की जाएगी। पहले चरण में छात्र मूल्यांकित उत्तर पुस्तिकाओं की स्कैन प्रति प्राप्त करने के लिए आवे. दन कर सकेंगे। इसके बाद दूसरे चरण में छात्र उत्तर पुस्तिका देखने के बाद सत्यापन अथवा किसी विशेष प्रश्न के पुनर्मूल्यांकन के लिए आवेदन कर पाएंगे। बोर्ड के अनुसार उत्तर पुस्तिकाओं की स्कैन प्रति प्राप्त करने के लिए आवेदन 19 मई से 22 मई तक किए जा सकेंगे। इसके लिए प्रति विषय 700 रुपये शुल्क निर्धारित किया गया है। वहीं सत्यापन और पुनर्मूल्यांकन के लिए आवेदन 26 मई से 29 मई तक स्वीकार किए जाएंगे।

## महंगाई डायन ने निकाले पंजे खौफजदा हुआ आम आदमी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** पेट्रोल, डीजल और सीएनजी की बढ़ती कीमतों ने आम आदमी बजट गड़बड़ा दिया है। ईंधन महंगा होने के कारण हर जगह हर क्षेत्र में इसका असर दिखने लगा है।

ईंधन महंगा होने से ढुलाई लागत बढ़ गई है। जिसका असर राशन, फल-सब्जियों और रोजमर्रा की जरूरत की चीजों पर पड़ना तय है। आम आदमी की जेब के साथ अब उसकी बचत और उम्मीदों पर भी असर पड़ने लगा है। घर का किराया, बच्चों की फीस और राशन पहले ही महंगा है, अब पेट्रोल ने अलग बोझ बढ़ा दिया है।

राजधानी में लाखों लोग निजी वाहनों से रोज दफ्तर आते-जाते हैं। पेट्रोल 97.77 रुपये प्रति लीटर पहुं. चने के बाद अब लोग विकल्प तलाशने लगे हैं। ट्रैफिक और बढ़ते खर्च के बीच अब मेट्रो बेहतर विकल्प लग रही है। बड़ी संख्या में ऑटो और टैक्सी सीएनजी पर निर्भर हैं। पहले सीएनजी सस्ती मानी जाती थी, लेकिन अब उसमें भी राहत नहीं बची। वहीँ पेट्रोल, डीजल और एलपीजी गैस की बढ़ी कीमतों के खिलाफ गिग एवं प्लेटफॉर्म सर्विस वर्कर्स यूनियन ने सरकार और एप आधारित कंपनियों से डिलीवरी एवं परिवहन सेवाओं के प्रति किलोमीटर रेट बढ़ाने की मांग की है। यूनियन के अनुसार, ईंधन महंगा होने से देशभर के करीब 1 करोड़ 20 लाख गिग वर्कर्स की आय पर सीधा असर पड़ेगा।



विभिन्न राज्यों में लॉजिस्टिक्स की सुगमता इंडेक्स में राजधानी दिल्ली को देश की सर्वोच्च अनुकरणीय ( इग्जेम्प्लर ) श्रेणी में जगह मिली।

## एक नजर

### युवक का शव नहर में पड़ा मिला

**नई दिल्ली।** नरेला इलाके में स्थित नहर में एक युवक का शव पुलिस को पड़ा मिला। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिये मोर्चरी में सुरक्षित रखवा दिया है। पुलिस मामला दर्ज कर जांच कर रही है।

पुलिस अधिकारियों ने बताया कि नहर में सुबह कुछ लडके नहा रहे थे। उसी वक्त शव बहता हुआ नहर में उन्होंने देखा था। पुलिस ने सूचना के तुरंत बाद मौके पर पहुंचकर शव को कब्जे में ले लिया। जिसकी उम्र करीब 35 साल है। उसके शरीर पर कोई चोट का निशान नहीं मिला। शव दो से तीन दिन पुराना लग रहा था। उसके कपड़ों को भी खंगालने पर कुछ ऐसा नहीं मिला,जिससे उसकी पहचान हो पाती। आसपास के लोगों और थानों से संपर्क करके शव की पहचान करने की कोशिश की जा रही है। पोस्टमार्टम होने के बाद ही पता चल मौत की असली वजह पता चल पाएगी।

### एआई-रेडी सोवरेन क्लाउड सेंटर होस्ट किया



**नई दिल्ली।** भारथक्लाउड ने सीटीआरएलएस डेटासेंटर्स की हैदराबाद डीसी 1 सुविधा में अपना पहला क्लाउड सेंटर लॉन्च किया। यह कदम भारत के सोवरेन और एआई-रेडी डिजिटल इंफ्रास्ट्रक्चर इकोसिस्टम को मजबूत बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि है। क्लाउड सेंटर का औपचारिक उद्घाटन सीटीआरएलएस डेटासेंटर्स के संस्थापक एवंसीईओ श्रीधर पिन्नापुरेड्डी द्वारा किया गया। सीटीआरएलएसडेटासेंटर्स के संस्थापक एवं सीईओ श्रीधर पिन्नापुरेड्डी ने भारथक्लाउड को लॉन्च पर बधाई देते हुए कहा हम अपने हैदराबाद फैसिलिटी में भारथक्लाउड के पहले क्लाउड सेंटर के लॉन्च पर उन्हें बधाई देते हैं और उनकी ग्रोथ यात्रा के लिए शुभकामनाएं देते हैं। भारतक्लाउड के को-फाउंडर्स राहुल तक्कलापल्ली और पद्मा रेड्डी सामा ने कहा जेएलएल की रणनीतिक विशेषज्ञता के साथ मिलकर यह सहयोग हमें अपने इन्फ्रास्ट्रक्चर फुटप्रिंट को राष्ट्रीय और वैश्विक स्तर पर विस्तार देने के लिए स्केल, मजबूती और आत्मविश्वास प्रदान करता है।

### हृदय रोग रोकथाम को बढ़ाए हाथ

**नई दिल्ली।** भारत के लिए गर्व के एक महत्वपूर्ण क्षण में, नमन गोसालिया की यह निरंतर पहल कि हृदय रोगों की रोकथाम स्वास्थ्य व्यवस्था में एक 'विकल्प नहीं बल्कि डिफॉल्ट व्यवस्था' बने, अब भारत में जन्मे एंजाइना एक्स को वैश्विक स्वास्थ्य और सार्वजनिक-स्वास्थ्य चर्चाओं के केंद्र तक पहुँचा रही है। नमन गोसालिया का मानना है कि स्वास्थ्य व्यवस्था का भविष्य किसी और अधिक महत्वपूर्ण चीज से तय होगा ख्र हार्ट अटैक शुरू होने से पहले ही उन्हें रोकना। इस बारे में गोसालिया ने कहा कि हमारी लड़ाई बीमारी के खिलाफ है।

### महिला वकील पर हमले की जांच जल्द पूरी करे पुलिस

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने दिल्ली पुलिस से कहा कि वह एक महिला वकील पर कथित तौर पर उसके पति द्वारा किए गए क्रूर हमले की जांच जल्द पूरी करे और साथ ही पीड़िता तथा उसके बच्चों की सुरक्षा भी सुनिश्चित करे। भारत के मुख्य न्यायाधीश (सीजेआई) सूर्यकांत और न्यायमूर्ति जॉयमाल्या बागची की पीठ ने कहा कि पुलिस यह सुनिश्चित करे कि जांच निष्पक्ष, तटस्थ और बिना किसी पूर्वाग्रह के की जाए। पीठ ने कहा कि दिल्ली पुलिस यह सुनिश्चित करे कि पीड़िता और उसके बच्चों को कोई नुकसान न पहुंचे।

## शोर-शराबे का विरोध करने पर गर्दन पर मारा चाकू

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** बेगमपुर इलाके में एक घर के बाहर शोर मचाने से मना करने पर महिला के सामने उसी के पति के गर्दन पर चाकू मार दिया। वारदात के बाद आरा. पी मौके पर से फरार हो गए। पुलिस ने हत्या की कोशिश आदि धाराओं में मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। जानकारी के मुताबिक घायल व्यक्ति की पहचान नीतेश के रूप में हुई है। जो परिवार के साथ भारत विहार,बेगमपुर इलाके में रहते हैं। वीरवार सुबह पुलिस को एक पीसीआर कॉल मिली थी। महिला कॉलर रूपा ने बताया कि उसके पति को कुछ लडकों ने गर्दन पर चाकू मार दिया है। वो फरार हो गए हैं। वह अपने पति को लेकर महाराजा अग्रसेन अस्पताल ले जा रही है। पुलिस अस्पताल पहुंची। डॉक्टरों ने प्राथमिक उपचार के बाद नीतेश की हालत गंभीर बताई।

## पंचशील विहार में लगी आग

**नई दिल्ली।** साउथ दिल्ली के पंचशील विहार इलाके में एक बिजली के खंभे में आग लग गई। आग ने रिहायशी इलाके में स्थित बिजली के खंभे और ऊपर से गुजरने वाले तारों को अपनी चपेट में ले लिया है। दिल्ली अग्निशमन सेवा के मुताबिक किसी के घायल होने की कोई खबर नहीं है।

## जमात ए इस्लामी ने व्यक्त की कमाल मौला मस्जिद के फैसले पर गहरी चिंता

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** जमाअत-ए-इस्लामी हिंद के अध्यक्ष सैयद सआदतुल्लाह हुसैनी ने मध्य प्रदेश हाई कोर्ट के हालिया फैसले पर गहरी चिंता जताई है जिसमें कमाल मौला मस्जिद को मंदिर बताया गया है।

उन्होंने कहा कि इस फैसले से न्यायिक व्यवस्था की विश्वसनीयता, अल्पसंख्यकों के अधिकारों, धार्मिक स्वतंत्रता, सां. प्रदायिक सौहार्द और देश के धर्मनिरपेक्ष ताने-बाने पर गंभीर परिणाम होंगे। मीडिया को जारी एक बयान में जमात के अध्यक्ष ने कहा कि यह फैसला संविधान के अनुच्छेद 25 और 26 के तहत दिए गए धार्मिक अधिकारों की सुरक्षा के संबंध में महत्वपूर्ण संवैधानिक सवाल खड़े करता है।

दशकों तक, भोजशाला परिसर एक ऐसे प्रबंधन के तहत संचालित होता रहा जिसने दोनों समुदायों को अपनी-अपनी धार्मिक प्रथाओं का पालन करने की अनुमति थी।

एक समुदाय के स्थापित इबादत के अधिकारों को हटाकर दूसरे समुदाय को प्राथमिकता देना न केवल एक लंबे समय से चली आ रही व्यवस्था को बाधित करता है, बल्कि सभी धर्मों के प्रति समान सम्मान के सिद्धांत को भी कमजोर करने का जोखिम पैदा करता है।

इस तरह के घटनाक्रमों को अत्यंत सावधानी के साथ देखा जाना चाहिए, और भारत जैसे बहुलवादी एवं विविध समाज में अपेक्षित नाजुक संतुलन को ध्यान में रखा जाना चाहिए।

सैयद सआदतुल्लाह हुसैनी ने आगे कहा कि मुस्लिम समुदाय को उनके स्थापित इबादतगाह के बदले कोई वैकल्पिक जमीन आवंटित करने का सुझाव भी चिंताजनक है।

## हाइपरटेंशन पहुंचाता सेशरीर को चुपचाप नुकसान

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** प्रीवेंटिव हेल्थकेयर और आरंभिक कार्डियाक रिस्क मैनेजमेंट की प्रतिबद्धता दोहराने के लिए, फोर्टिस हॉस्पीटल ग्रेटर नोएडा ने एक हाइपरटेंशन क्लीनिक लॉन्च किया है। इस क्लीनिक में, हाइ ब्लड प्रेशर तथा कार्डियोवा स्क्युलर कंडीशंस से पीड़ित मरीजों के लिए डायग्नॉ सिस, उपचार और दीर्घकालिक प्रबंधन की व्यापक सुविधाएं मुहैया करायी गई हैं। इस बारे में, डॉ हरनीश सिंह भाटिया, कंसल्टेंट कार्डियोलॉजी, फोर्टिस हॉस्पीटल ने कहा इस समर्पित क्लीनिक के माध्यम से, हम शीघ्र डायग्नॉसिस, समय पर हस्तक्षेप, और मरीजों को अधिक सुरक्षित तथा सेहतमंद जीवन जीने में सहायता के लिए व्यापक प्रबंधन की पेशकश करते हैं।" डॉ शांतनु सिंघल, कंसल्टेंट कार्डियोलॉजी, फोर्टिस हॉस्पीटल ने कहा, "हाइपरटेंशन (उच्च रक्तचाप) को 'साइलेंट किलर' कहा जाता है क्योंकि यह कई वर्षों तक बिना किसी लक्षण के चुपचाप शरीर के कई महत्वपूर्ण अंगों जैसे हार्ट, ब्रेन और किडनी आदि को नुकसान पहुंचाता रहता है।

## नौवीं में तीन भाषाएं अनिवार्य दो भारतीय भाषाएं पढ़ना होगा जरूरी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड ने राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 और राष्ट्रीय पाठ्यचर्या रूपरेखा 2023 के तहत नौवीं और दसवीं की भाषा व्यवस्था में बड़ा बदलाव किया है। नई व्यवस्था के अनुसार अब नौवीं कक्षा में विद्यार्थियों के लिए तीन भाषाओं का अध्ययन अनिवार्य होगा, जिनमें कम से कम दो भाषाएं भारतीय मूल की होना जरूरी होंगी। यह नई व्यवस्था आगामी शैक्षणिक सत्र 2026-27 से लागू की जाएगी।बोर्ड की ओर से जारी दिशा-निर्देशों में कहा गया है कि यदि कोई विद्यार्थी विदेशी भाषा पढ़ना चाहता है तो उसे तीसरी भाषा के रूप में तभी चुना जा सकेगा, जब बाकी दोनों भाषाएं भारतीय हों। अन्यथा विदेशी भाषा को अतिरिक्त चौथी भाषा के रूप में पढ़ना होगा। बोर्ड का कहना है कि इस बदलाव का उद्देश्य विद्यार्थियों में बहुभाषिकता को बढ़ावा देना और भारतीय भाषाओं से जुड़ाव मजबूत करना है।

## शनि जन्मोत्सव पर चांदनी चौक में शोभायात्रा आयोजित

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** न्यायधीश ग्रह श्री शनिदेव महाराज का जन्मोत्सव धूमधाम से मनाया गया। प्राचीन श्री शिव नवग्रह मंदिर धाम, चांदनी चौक के पीठाधीश्वर महंत श्री शिवशंकर जी महाराज ने बताया कि ज्येष्ठ अमावस्या को शनिदेव महाराज के जन्मोत्सव पर नवग्रह नगर परिक्रमा के रूप में भव्य शोभायात्रा का आयोजन किया गया। विभिन्न देवी देवताओं की मनमोहक झांकियों के साथ बैंड बाजे,ताशे,नपीरी वाले भी शोभायात्रा की शोभा बढ़ा रहे थे।



मंदिर के मुख्य पुजारी आचार्य मुकेश शास्त्री ने बताया कि शनि जन्मोत्सव पर शोभायात्रा मंदिर प्रांगण से प्रारंभ होकर फव्वारा चौक,टाउन हाल, फतेहपुरी,पान मंडी नया बांस,खारी बावली, चर्च मिशन रोड़ पुरानी दिल्ली रेलवे स्टेशन,कोडिया पुल, गांधी मैदान, आचार्य श्री गिरिराज जी महाराज मार्ग होती हुई वापस मंदिर प्रांगण में आकर संपन्न हुई। तत्पश्चात श्री शनिदेव महाराज की महाआरती की गई, जिसमें हजारों की संख्या में भक्तों ने भाग लिया।श्री शास्त्री ने कहा,कि शनि की दशा से प्रभावित भक्त सुबह बाबा का तैलाभिषेक करने में जुटे रहे दोपहर महालड्डू का भोग लगाया गया और बाबा के भक्तों को प्रसाद व भोग वितरण किया गया।श्री शनिदेव महाराज के भवन को विशेष विदेशी पुष्पो से सजाया गया।

## नीट परीक्षा रद्द होने पर डीएमए ने जताई चिंता

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** दिल्ली मेडिकल एसोसिएशन ने नीट-स्नातक 2026 परीक्षा में कथित प्रश्नपत्र लीक और परीक्षा अनियमितताओं के बाद परीक्षा रद्द किए जाने पर गहरी चिंता जताई है। एसोसिएशन ने केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेन्द्र प्रधान को पत्र लिखकर मामले की निष्पक्ष जांच और दोषियों के खिलाफ कठोर कार्रवाई की मांग की है। एसोसिएशन की अध्यक्ष डॉ. नीलम लेखी और सचिव विपन सभरवाल ने कहा कि परीक्षा रद्द होने से लाखों विद्यार्थियों और उनके अभिभावकों को मानसिक तनाव, अनिश्चितता और आर्थिक बोझ का सामना करना पड़ रहा है। उनका कहना है कि लंबे समय तक मेहनत करने वाले विद्यार्थियों को अब दोबारा परीक्षा की तैयारी के दबाव से गुजरना पड़ रहा है। डॉ. नीलम लेखी ने कहा कि बार-बार सामने आ रही ऐसी घटनाओं से प्रतियोगी परीक्षाओं की विश्वसनीयता और पारदर्शिता पर गंभीर सवाल खड़े हो रहे हैं। उन्होंने कहा कि विशेष रूप से आर्थिक रूप से कमजोर परिवारों के लिए दोबारा परीक्षा की तैयारी और उससे जुड़ा खर्च बड़ी परेशानी बन जाता है। दिल्ली मेडिकल एसोसिएशन ने पूरे मामले की समयबद्ध और पारदर्शी जांच, दोषियों के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई, परीक्षा सुरक्षा तंत्र को मजबूत करने तथा राष्ट्रीय स्तर की प्रवेश परीक्षाओं में तकनीकी सुधार लागू करने की मांग की है।

### दिल्ली मेडिकल काउंसिल सदस्य चुनाव आज

**नई दिल्ली।** दिल्ली मेडिकल काउंसिल के एक सदस्य के चुनाव के लिए रविवार को दिल्ली मेडिकल एसोसिएशन के चिकित्सक मतदान करेंगे। दिल्ली मेडिकल काउंसिल के इतिहास में पहली बार परिषद के भंग होने और उसके बाद नई चुनाव प्रक्रिया शुरू होने के कारण यह चुनाव विशेष महत्व का माना जा रहा है। चुनाव को लेकर चिकित्सकों के बीच उत्सुकता के साथ-साथ तनाव का माहौल भी देखा जा रहा है। चुनाव आयोग से जुड़े पदाधिकारियों का दावा है कि मतदान की पूरी तैयारी निष्पक्ष और शांतिपूर्ण तरीके से की गई है। उनका कहना है कि चुनाव मित्रतापूर्ण वातावरण में संपन्न होगा, लेकिन शुक्रवार को दिल्ली सरकार की ओर से जारी लेखा परीक्षण रिपोर्ट के बाद परिस्थितियां संवेदनशील मानी जा रही हैं।

## सफदरजंग अस्पताल में संक्रमण नियंत्रण को मिलेगी मजबूती

**नई दिल्ली।** वर्धमान महावीर मेडिकल कॉलेज और सफदरजंग अस्पताल के चिकित्सा कैंसर विभाग को सामाजिक दायित्व पहल के तहत बायोसेफ्टी कैबिनेट्स उपलब्ध कराए गए हैं। इन उपकरणों से संक्रमण नियंत्रण और सुरक्षा व्यवस्था को और मजबूत बनाने में मदद मिलेगी। अस्पताल प्रशासन के अनुसार, इन आधुनिक उपकरणों के माध्यम से कैंसर मरीजों के उपचार के दौरान स्वास्थ्यकर्मियों को सुरक्षित कार्य वातावरण उपलब्ध होगा। साथ ही संक्रमण के खतरे को कम करने में भी सहायता मिलेगी। अस्पताल की निदेशक डॉ. कविता शर्मा ने कहा कि बड़े सरकारी अस्पतालों में स्वास्थ्य अवसंरचना को मजबूत करने के लिए इस प्रकार का सहयोग बेहद महत्वपूर्ण है।

## कृषि के क्षेत्र में विकास को फ्रेंचाइज मॉडल शुरू किया

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** भारत में कृषि क्षेत्र को आधुनिक तकनीक से जोड़ने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए सलाम किसान, जो प्राइम समूह का आधुनिक कृषि मंच है, ने देशभर में कृषि-ड्रोन व्यवसाय से कृषि के क्षेत्र मेँ नई क्रांति लाने के लिए इसका फ्रेंचाइज मॉडल शुरू किया है। इसकी घोषणा नई दिल्ली में आयोजित फ्रेंचाइज इंडिया 2026 प्रदर्शनी में की गई।



इन सेवा केंद्रों के माध्यम से किसानों को ड्रोन द्वारा दवाई और खाद का सटीक छिड़काव, फसल की निगरानी, खेतों की मैपिंग, कीट एवं रोग पहचान, आधुनिक कृषि मशीनरी सेवाएँ तथा कृत्रिम बुद्धिमत्ता आधारित खेती समाधान उपलब्ध कराए जाएंगे। धनश्री मंधानी, संस्थापक एवं मुख्य कार्यकारी अधिकारी, ने कहा: भारत की अर्थव्यवस्था में कृषि का लगभग 16 प्रतिशत योगदान है और देश की 40 प्रतिशत से अधिक आबादी खेती पर निर्भर है। सलाम किसान का मानना है कि तकनीक आधारित खेती से किसानों की आय बढ़ाने खेती की लागत कम करने में कृषि ड्रोन काफी मददगार होगा।

शाह टाइम्स

स्वामी शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक **एस.एन. राना** द्वारा शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. सुजड़ू चुंगी, मेरठ रोड, मुजफ्फरनगर से मुद्रित एवं 109-110, प्रताप भवन, 5, बहादुर शाह जफर मार्ग, नई दिल्ली-110002 से प्रकाशित।

**सम्पादक:**
**एस.एन. राना**
*कार्यकारी सम्पादक
**आनन्द बत्रा 'सुमन'**
☎011-41509401-2
फैक्स: 011-41509403
मुख्यालय मोबाइल 9720007290
R.N.I. NoDEL.HIN./2002/8501
**www.shahtimesnews.com**
email:shahtimes2015@gmail.com

*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु PRB एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। समस्त विवाद मुजफ्फरनगर न्यायालय के अधीन ही होंगे।

भारत माँ के चार सिपाही
हिन्दू मुस्लिम सिख ईसाई
देश को मज़बूत बनाना है तो
भाईचारा मज़बूत बनाएं





फैसल कुरैशी

भाई मेहरबान
अध्यक्ष: भाईचारा समिति
दिल्लीप्रदेश 9810024415

# आईटीएस स्कूल ऑफ मैनेजमेंट में पीजीडीएम छात्रों के लिए विदाई समारोह का आयोजन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गाजियाबाद।** आईटीएस स्कूल ऑफ मैनेजमेंट में पीजीडीएम (2024-26) छात्रों हेतु विदाई समारोह का आयोजन आई.टी.एस स्कूल ऑफ मैनेजमेंट द्वारा पीजीडीएम (2024-26) के विद्यार्थियों के लिये "जश्न- ए- अलविदा" एवं "आई.टी.एस. स्कूल ऑफ मैनेजमेंट एक्सीलेंस अवॉर्ड" कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में निदेशक प्रो. डॉ. अजय कुमार, आई.टी.एस. एजुकेशन ग्रुप के निदेशक (पीआर) सुरेन्द्र सूद, चेयरपर्सन डॉ. डी.के. पाण्डेय, सह-समन्वयक डॉ. कमल सिंह, प्रो. आशुतोष शर्मा तथा अन्य संकाय सदस्य उपस्थित रहे। इस अवसर पर आई. टी. एस - द एजुकेशन




ग्रुप के चेयरमैन डॉ आर पी चड्ढा ने अपनी प्रसन्नता व्यक्त की और सभी छात्रों को अपनी शुभकामनाएं दी। आई. टी. एस - द एजुकेशन ग्रुप के वाइस चेयरमैन अर्पित चड्ढा ने इस आयोजन को छात्रों के बेहद यादगार कार्यक्रम घोषित किया तथा उनके बेहतर और सुखमय जीवन की कामना की।

कार्यक्रम का शुभारंभ निदेशक प्रो. डॉ. अजय कुमार द्वारा दीप प्रज्ज्वलन के साथ संपन्न हुआ। उन्होंने अपने संबोधन में विद्यार्थियों के योगदान की सराहना की तथा उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। कार्यक्रम को उत्साहपूर्ण बनाने हेतु जूनियर विद्यार्थियों द्वारा आकर्षक एवं ऊर्जावान नृत्य प्रस्तुत किया गया, जिसने पूरे वातावरण को जीवंत बना दिया।

वरिष्ठ विद्यार्थियों के प्रयासों एवं उपलब्धियों को सम्मानित करने के लिए एक सम्मान समारोह आयोजित किया गया, जिसमें "बेस्ट एकेडमिक परफॉर्मर", "स्टार परफॉर्मर", "बेस्ट डोमेस्टिक प्लेसमेंट", "बेस्ट एकेडमिक क्लब" तथा "बेस्ट रंगोली प्रिपरेशन" जैसी विभिन्न श्रेणियों में पुरस्कार प्रदान किए गए। यह सभी पुरस्कार विजेताओं के लिए गर्व और उत्सव का क्षण था।

कार्यक्रम का एक प्रमुख आकर्षण "मिस्टर एवं मिस फेयरवेल" प्रतियोगिता रही, जिसमें चयनित वरिष्ठ विद्यार्थियों ने अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। निर्णायकों द्वारा सबसे योग्य प्रतिभागियों को विजेता घोषित किया गया।

मिस्टर फेयरवेल का खिताब रवि ठाकुर को तथा मिस फेयरवेल का खिताब देशोना रॉय को प्रदान किया गया। वहीं मिस्टर पॉपुलर का पुरस्कार ऋषभ चतुर्वेदी को तथा मिस पॉपुलर का पुरस्कार याशी मौर्य को प्राप्त हुआ। यह उल्लासपूर्ण एवं यादगार समारोह समूह छायाचित्र (ग्रुप फोटोग्राफ) एवं हाई टी के साथ संपन्न हुआ।

# पति ने की वृद्ध पत्नी की कुल्हाड़ी मार कर हत्या

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुरादनगर।** शनिवार की सुबह थाना क्षेत्र के गांव रावली कला निवासी एक व्यक्ति 80 वर्षीय हरपाल पुत्र खचेड़ू ने अपनी पत्नी उर्मिला को कुल्हाड़ी से काट दिया। इसकी सूचना खुद पति ने मुरादनगर की पुलिस चौकी रावली पर आकर पुलिस को दी। यह सुन पुलिस कर्मियों में हड़कंप मच गया। पुलिस के अनुसार हरपाल पुत्र खचेड़ू मूल निवासी मोरटा कब्रिस्तान के पास हाल निवासी रावली थाना मुरादनगर अपनी बेटी के घर पर रह रहे थे, घर पर हरपाल व उनकी पत्नी उर्मिला वह बेटी कंचन के लड़के कुणाल व अजय थे। कुणाल ने बताया की हरपाल मेरे नाना है और उनकी मानसिक स्थिति खराब चल रही





है। नानी और नाना आपस में झगड़ा करते रहते हैं रात हम कमरे में अंदर सो गए नानी और नाना बाहर सो रहे थे और कुणाल के मम्मी पापा मेरठ गए हुए हैं मौके पर चारपाई पर लेटी उर्मिला पत्नी हरपाल उम्र करीब 72 वर्ष के सिर पर कान के पास कुल्हाड़ी से कई वार करे।

घायल उर्मिला को उपचार हेतु सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मुरादनगर लाया गया जहां इलाज के दौरान सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर डॉक्टरों द्वारा मृत घोषित कर दिया।

# होटल प्रबंधक से मारपीट करने का आरोपी दबोचा

**गाजियाबाद।** नीति खंड स्थित एक होटल की प्रबंधक से दो युवकों ने मारपीट की। इसका वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो गया। इसके बाद पुलिस हरकत में आई और एक आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। शक्ति खंड में रहने वाली युवती नीति खंड स्थित एक होटल में प्रबंधक है। उन्होंने पुलिस को बताया कि 25 अप्रैल को वह होटल के रिसेप्शन पर बैठी थी। इस दौरान वहां दो युवक आए और युवतियों की मांग करने लगे। उन्होंने कहा कि यहां ऐसा काम नहीं होता तो दोनों युवक उनसे ही साथ चलने के लिए कहने लगे। इस पर उन्होंने विरोध किया तो एक युवक ने उन्हें थप्पड़ मार दिया और दोनों वहां से चले गए। कुछ देर बाद उनमें एक युवक वापस आया और उनके साथ दोबारा से मारपीट का प्रयास किया। शोर मचाने पर युवक जान से मारने की धमकी देते हुए भाग निकला। पूरी घटना सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई। सहायक पुलिस आयुक्त इंदिरापुरम अभिषेक श्रीवास्तव ने बताया कि आरोपी को गिरफ्तार कर लिया गया है। उसका नाम शिवम निवासी प्रहलाद गढ़ी है। पूछताछ में उसने बताया कि वह होटल में कमरा बुक करने गया था। इस दौरान वहां मौजूद युवती ने उसके साथ अभद्रता की, जिसके चलते उसने युवती से मारपीट कर दी।

# अधिवक्ता नंदन कर्ण एवं अधिवक्ता उत्तम बरनवाल की प्रभावी पैरवी से मिली बड़ी राहत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गाजियाबाद।** पटना उच्च न्यायालय में अधिवक्ता नंदन कर्ण एवं उनके सहयोगी अधिवक्ता उत्तम बरनवाल द्वारा एक गंभीर डनतकमत एवं SC/ST Act मामले में सफलतापूर्वक जमानत प्राप्त कर महत्वपूर्ण कानूनी सफलता हासिल की गई। मामले की सुनवाई के दौरान दोनों अधिवक्ताओं द्वारा न्यायालय के समक्ष तथ्यों, परिस्थितियों एवं कानून के विभिन्न महत्वपूर्ण पहलुओं को प्रभावी ढंग से प्रस्तुत किया गया।

मजबूत कानूनी तर्क, संवैधानिक अधिकारों एवं न्यायिक सिद्धांतों के आधार पर माननीय न्यायालय ने आरोपी को जमानत प्रदान की। यह मामला केवल एक कानूनी प्रक्रिया नहीं था, बल्कि एक परिवार की उम्मीद, विश्वास और न्याय की लड़ाई भी था। अदालत के इस निर्णय से परिवार को



बड़ी राहत मिली तथा न्याय व्यवस्था के प्रति उनका विश्वास और मजबूत हुआ।

इस अवसर पर अधिवक्ता नंदन कर्ण ने कहा कि वकालत केवल एक पेशा नहीं, बल्कि समाज में न्याय और मानवता की रक्षा का दायित्व भी है। उन्होंने बताया कि इस मामले में उन्होंने अपनी निर्धारित फीस का केवल 10% ही लिया, क्योंकि कुछ लड़ाइयाँ केवल आर्थिक लाभ के लिए नहीं, बल्कि इंसाफ, विश्वास और बेगुनाह लोगों की आवाज के लिए भी लड़ी जाती हैं।

उन्होंने आगे कहा- "ईश्वर से बस यही प्रार्थना है कि मुझे इतनी शक्ति देते रहें, ताकि मैं अन्याय के खिलाफ हमेशा आवाज बुलंद करता रहूँ और जरूरतमंद लोगों के लिए कानून को उनका सहारा बना सकूँ। न्याय की इस लड़ाई में लोगों का विश्वास ही मेरी सबसे बड़ी ताकत है।"

# रोडरेज में कार सवार ने डिलीवरी ब्वॉय को पीटा

**मुरादनगर।** दिल्ली-मेरठ मार्ग पर बस स्टैंड के पास बीती रात्रि रोडरेज के चलते कार सवार युवक ने डिलीवरी ब्वॉय की जमकर पिटाई की। हंगामा होने पर दिल्ली मेरठ मार्ग पर जाम जैसी स्थिति बन गई।

पुलिस ने मौके पर पहुंचकर मामला शांत कराकर यातायात सुचारू कराया। मुरादनगर की जीतपुर कॉलोनी निवासी सागर कुमार एक निजी कंपनी में डिलीवरी ब्वॉय का काम करते हैं। शुक्रवार रात को वह सामान की डिलीवरी कर वापस आ रहे थे। जब वह दिल्ली मेरठ मार्ग पर बस स्टैंड से पहले बंबा रोड के सामने पहुंचे तो पीछे से आ रही कार ने ओवरटेक करने के चक्कर में बाइक में साइड मार दी।

इस बात को लेकर दोनों के बीच विवाद हो गया। विवाद इतना बढ़ा कि कार सवार ने डंडे से हमला कर डिलीवर ब्वॉय सागर का सिर फोड़ दिया।हंगामा बढ़ने पर मौके पर लोग एकत्र हो गए।

जिस कारण दिल्ली मेरठ मार्ग पर जाम जैसी स्थिति बन गई। सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस ने लोगों को सड़क से हटाकर यातायात सुचारू कराया। पुलिस के आने से पहले ही कार सवार मौके से फरार हो गए।

# सीडीओ ने किया सीएचसी मोदीनगर का औचक निरीक्षण, व्यवस्था पर जताया संतोष

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मोदीनगर।** मुख्य विकास अधिकारी गाजियाबाद द्वारा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मोदीनगर का निरीक्षण किया गया व कुछ निर्देश भी दिये गये! चिकित्सा अधीक्षक डॉक्टर दिनेश कुमार ने बताया कि सर्वप्रथम मुख्य विकास अधिकारी इमरजेंसी वार्ड में आए और वहां की व्यवस्था देखी संतोषजनक पाई गई तत्पश्चात औषधि रूम का निरीक्षण किया गया जहां पर सब व्यवस्थाएं ठीक पाए गए रजिस्ट्रेशन काउंटर पर रजिस्टर चेक किया गया उसमें सभी मरीज की एंट्री सही पाई गई उसके पश्चात उन्होंने दवाई के स्टोर का निरीक्षण किया। वहां पर दवाइयां को रख रखाव सही पाया गया और स्टॉक रजिस्टर से मिलान करने पर सभी सही पाए गए वहां पर कोई भी दवाई एक्सपायर नहीं मिली उसके उपरांत लेबर रूम का निरीक्षण किया गया वहां की व्यवस्था भी सही पाई गई उसके पश्चात ऑपरेशन थिएटर का निरीक्षण किया गया सब सही



पाया गया उसके बाद आयुष्मान वार्ड में साफ सफाई एवं वार्ड की व्यवस्था सही पाई गई एवं पैथोलॉजी लैब की जांच में सब कुछ सही पाया गया और फिर उन्होंने बायोमेट्रिक अटेंडेंस के द्वारा सबका मिलान करने के उपरांत 2 को कर्मचारी अनुपस्थित पाए गए जिनके जिनका वेतन रोकने के आदेश दिए गए।इस दौरान चीफ फार्मासिस्ट केपी सिंह साथ रहे।

# नाले में गिरीं बुजुर्ग महिला, पड़ोसियों ने निकाला, बची जान

**साहिबाबाद।** इंदिरापुरम में नगर निगम की लापरवाही से एक बुजुर्ग महिला की जान पर बन आई। अभयखंड-1 एचआइजी फ्लैट निवासी सीता देवी (72) घर से सुबह मंदिर के लिए निकलीं लेकिन घर के बाहर नाले में गिर गईं। पड़ोस के लोगों ने उनको देखा और तुरंत नाले से बाहर निकालने का प्रयास किया गया। लकड़ी की सीढ़ी लगाकर महिला को बाहर निकाला गया और अस्पताल में भर्ती कराया है। पड़ोसी प्रमोद तिवारी ने बताया कि नगर निगम ने 15 दिन पहले खोदाई कराई थी। तब से नाले का काम ऐसे ही छोड़ दिया गया है। इससे लोगों को खासी परेशानी हो रही है।

# संपूर्ण विकास का सीधा व सरल माध्यम है समर कैंप: विनोद वैशाली

■ **अध्यक्ष विनोद वैशाली ने अपने संबोधन में कहा की समर कैंप के माध्यम से बच्चे का व्यक्तित्व निर्माण होता है और उसके अंदर आत्मविश्वास बढ़ता है**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मोदीनगर।** गोविंदपुरी स्थित छाया पब्लिक स्कूल में 15 दिवसीय समर कैंप का आज विधिवत उद्घाटन मोदीनगर पालिका अध्यक्ष विनोद वैशाली व स्कूल प्रबंधक अखिलेश द्विवेदी द्वारा किया गया समर कैंप के माध्यम से बच्चों को सेल्फ डिफेंस, आर्ट, क्राफ्ट, क्रिकेट, बैडमिंटन, स्केटिंग, तैराकी, लेखन, मेहंदी, विभिन्न भाषाओं समेत 22 विधाओं की जानकारी



के साथ उनकी बारीकियां को सिखाया जा रहा है।

अध्यक्ष विनोद वैशाली ने अपने संबोधन में कहा की समर कैंप के माध्यम से बच्चे का व्यक्तित्व निर्माण होता है और उसके अंदर आत्मविश्वास बढ़ता है। छाया पब्लिक स्कूल प्रबंधन का यह प्रयास काबिले तारीफ है स्कूल के प्रबंधक अखिलेश द्विवेदी द्वारा सभी बच्चों को आशीर्वाद देकर उनके उज्जवल भविष्य की कामना की प्रधानाचार्य डॉ. अरुण त्यागी ने बताया की 15 दिवसीय इस कैंप में मोदीनगर के सभी स्कूलों के बच्चे प्रतिभाग कर रहे हैं और नई-नई चीजों को सिख कर आने वाले समय में अपनी प्रतिभा का लोहा मंगवाएंगे। इस अवसर पर राष्ट्रीय कोच आशीष, जितेंद्र, प्रीति, नैना समेत स्कूल के अध्यापक, अध्यापिकाओं व अभिभावकों ने भाग लिया।

# विकास कार्यों ने पकडी रफ्तार: रंजीता धामा



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**लोनी।** नगरपालिका अध्यक्ष रंजीता धामा ने वार्ड 9 , वार्ड 37 व वार्ड 23 की संगम विहार कालोनी, विकास कुंज, केशव नगर, सोनिया नगर आदि कालोनियों मे लगभग 3 करोड 70 लाख रूपये की लागत से होने वाले विकास कार्यों का नारियल फोड़कर उद्घाटन किया। इस अवसर पर कालोनीवासियों ने फूल -माला पहनाकर जोरदार अध्यक्ष का स्वागत किया। उन्होंने बताया कि नगरपालिका ने बेहटा नहर की सफाई के लिये खरीदी पोकलेन मशीन दुरूस्त होगी नहर की सफाई व्यवस्था आने वाले समय मे दिन-प्रतिदिन हुआ करेगा पोकलेन मशीन का शुभारंभ नारियल फोड़कर विधिवत रूप से किया गया।

रंजीता धामा ने उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुये कहा कि यह विकास कार्य क्षेत्रवासियों के लिए बड़ी सौगात है, जिससे आने-जाने में सुविधा बढ़ेगी लोगों ने चेयरमैन रंजीता मनोज धामा का आभार प्रकट किया इस अवसर पर कामू सभासद, पिंटु सभासद मोनू सभासद, मुकेश पाल, मुनव्वर, इमरान, इरफान, दीपक बालियान, छोटू सूद, सचिन चौधरी, अजय शर्मा, पूरण सिंह कश्यप, अमन कुमार, डा शकील, तरूण मान, भूरे, जोंटी वाल्मीकि, अरूणा कुमारी, रानी, भारती, सरोज, कुसुम, उमा देवी, नाजिया, राजेंद्री देवी, ममता सिंह, विमला देवी, नीरज, दिलीप भाई, टीटू पंडितजी, चक्की वाले पंडितजी, नीरज सहरावत, दीपक नैन , सोहनवीर चौधरी, परवल चौधरी, बंटी फौजी, कर्मवीर, रामबीर, सचिन चौधरी, हीरालाल सहित सैकड़ों की संख्या में कालोनीवासी उपस्थित रहे।

# मोदीनगर में विद्युत सप्लाई रहेगी बाधित

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मोदीनग।** आज रविवार 17 मई को महेश मार्ग स्थित विद्युत उपकेंद्र (बिजलीघर) के तार बदलने के कारण दोपहर 11 बजे से 2 बजे तक विद्युत सप्लाई बंद रहेगी, यह जानकारी एक्स एन मोदीनगर ने दी।

## युवक सुसाइड केस में आया नया मोड़

# युवती समेत 5 के खिलाफ दर्ज हुआ मुकदमा

**मोदीनगर।** भोजपुर थाना क्षेत्र के कलछीना गांव में फांसी लगाकर जान देने वाले युवक के मामले में नया मोड़ सामने आया है। युवक के परिजनों का आरोप है कि गांव की युवती के परिजनों की प्रताड़ना से तंग आकर युवक ने आत्महत्या की।

युवती से बात करने को लेकर उसके परिजनों ने युवक को धमकी दी। लगातार दबाव के चलते युवक को यह कदम उठाना पड़ा। मामले में भोजपुर थाने में युवती समेत पांच पर केस दर्ज किया गया है।

गांव कलछीना के इस्लाम के मुताबिक, उनका बेटे नाजिम का शव 18 अप्रैल को गांव में ही निर्माणाधीन मकान में फंदे से लटका मिला था। पोस्टमार्टम रिपोर्ट में आत्महत्या की पुष्टि हुई थी। उस समय शव का सुपुर्द ए खाक कर दिया गया था।

अब कुछ दिन इस्लाम को पता चला कि नाजिम गांव की युवती सानिया से बात करता था। इस बारे में जब सानिया के परिजनों को पता चला तो उन्होंने नाजिम को प्रताड़ित करना शुरू कर दिया।

गाली-गलौज करते हुए अंजाम भुगतने तक की धमकी दी। यह सब धमकी सानिया के ही मोबाइल से उसके परिजनों द्वारा दी गई। आरोपितों की धमकी से नाजिम परेशान रहने लगा। इसी दबाव में आकर नाजिम ने आत्महत्या कर ली।

इस मामले में आरोपितों पर कार्रवाई की मांग को लेकर पीड़ित परिवार ने भोजपुर थाने में शिकायत की, लेकिन पुलिस ने कार्रवाई नहीं की। परेशान आकर उन्होंने डीसीपी ग्रामीण से शिकायत की। डीसीपी ग्रामीण ने केस दर्ज करने के आदेश दिये।

एसीपी मोदीनगर भास्कर वर्मा ने बताया कि कलछीना के इरफान, सानिया, जावेद, रिजवान व फिरोज उर्फ नेनू पर आत्महत्या के लिए उकसाने की धारा में केस दर्ज किया गया है। छानबीन कर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

# समाधान दिवस में महिला ने पेट्रोल डालकर की आत्मदाह की कोशिश

## 6 माह से काट रही थी दफ्तरों के चक्कर

**मोदीनगर।** संपूर्ण समाधान दिवस में एक महिला ने खुद पर पेट्रोल डालकर की आत्मदाह की कोशिश। पुलिस ने आनन-फानन किसी तरह महिला को बचा लिया। बताया गया कि दहेज उत्पीड़न के मामले में पुलिस पर कार्रवाई नहीं करने का आरोप लगाया। बताया गया कि महिला 6 महीने से थाने व तहसील के चक्कर काट रही थी। जानकारी के अनुसार, पीड़िता साक्षी भोजपुर थाना क्षेत्र के कस्बा फरीदनगर की रहने वाली है। डेढ़ साल पहले मोदीनगर में उसकी शादी हुई थी।

# 23 हजार छात्राओं को माहवारी स्वच्छता और एनीमिया से बचाव के बताए तरीके

**गाजियाबाद।** जिले के स्कूलों में 'महीने के वो पांच दिन' अभियान चलाकर बालिकाओं को माहवारी स्वच्छता एवं स्वास्थ्य के प्रति जागरुक किया गया। अभियान के तहत 39 स्कूलों की करीब 23,289 छात्राओं को मासिक धर्म स्वच्छता, पोषण, एनीमिया से बचाव, मानसिक स्वास्थ्य एवं व्यक्तिगत स्वच्छता से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारियां दी गई। साथ ही पौधरोपण कर पर्यावरण संरक्षण के प्रति भी जागरूक किया। कार्यक्रम का आयोजन सस्टेनेबल डेवलपमेंट सोसाइटी के सहयोग से हुआ। इस दौरान विशेषज्ञों एवं प्रशिक्षित शिक्षिकाओं ने छात्राओं को माहवारी से जुड़ी भ्रांतियों और सामाजिक संकोच से बाहर निकलने के लिए प्रेरित किया।

स्कूलों में कार्यशाला से पहले 37 शिक्षिकाओं का विशेष ओरिएंटेशन एवं प्रशिक्षण आयोजित किया गया, ताकि वे छात्राओं तक वैज्ञानिक एवं तथ्यात्मक जानकारी प्रभावी ढंग से पहुंचा सकें। साथ ही संस्था के 20 वालंटियर्स ने विद्यालयों में सक्रिय भूमिका निभाते हुए छात्राओं से संवाद स्थापित किया और उन्हें खुलकर अपनी जिज्ञासाएं साझा करने के लिए प्रेरित किया। छात्राओं को पर्यावरण के अनुकूल बायोडिग्रेडेबल सैनिटरी पैड के उपयोग की सलाह दी, ताकि स्वास्थ्य सुरक्षा के साथ-साथ पर्यावरण संरक्षण को भी बढ़ावा मिले। इसी के साथ छात्राओं एवं शिक्षकों ने पौधारोपण कर स्वच्छ एवं हरित वातावरण बनाए रखने का संकल्प लिया। संदेश संस्था की सचिव डॉ. पूनम सिंह परिहार, राहुल सक्सेना, मधुर जैन, सुमित कुमार, मंजुला, अनुराग सिंह राठौड़, प्रिंस वेद, शिवा चौधरी, शिवम चौहान, प्रिया, निशि, निशा, कीर्ति, हिमांशी, कविता, मोहित राणा आदि का योगदान रहा।

# भीषण गर्मी में पक्षियों और गिलहरियों के लिये राहत

■ **नारियल के खोल, टिन के डिब्बों और प्लास्टिक बोतलों से बनाए जा रहे 'गौरैया घर' और 'गिलहरी आशियाने'**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गाजियाबाद।** तेजी से बढ़ती गर्मी और हीट वेव के कारण पक्षियों एवं छोटे जीवों के सामने पानी और सुरक्षित आश्रय का संकट उत्पन्न हो गया है। इसी समस्या को ध्यान में रखते हुए Vijaya Swapn Foundation द्वारा एक अनोखी एवं पर्यावरण हितैषी पहल शुरू की गई है।



इस अभिनव अभियान के अंतर्गत नारियल के खोल (Coconut Shell), पुराने टिन के डिब्बों, प्लास्टिक की बोतलों तथा सूतली (रस्सी) का उपयोग करके "गौरैया घर" और "गिलहरी आशियाने" तैयार किए जा रहे हैं। इन छोटे-छोटे घरों का उद्देश्य भीषण गर्मी में पक्षियों और गिलहरियों को सुरक्षित आश्रय, पानी और भोजन उपलब्ध कराना है।

फाउंडेशन के सदस्यों ने बताया कि आधुनिक जीवनशैली और कंक्रीट के बढ़ते जंगलों के कारण गौरैया जैसी छोटी चिड़ियों की संख्या लगातार कम होती जा रही है। पेड़ों की कटाई और प्राकृतिक स्थानों की कमी के चलते गिलहरियों को भी सुरक्षित ठिकाने नहीं मिल पा रहे हैं। ऐसे में यह पहल न केवल जीवों की सुरक्षा करेगी, बल्कि लोगों को पर्यावरण संरक्षण और पुनर्चक्रण के प्रति भी जागरूक बनाएगी।

अभियान के अंतर्गत विभिन्न कॉलोनियों, स्कूलों, पार्कों और सार्वजनिक स्थलों पर इन घरों को लगाया जाएगा। साथ ही लोगों से अपील की जा रही है कि वे अपने घरों की बालकनी, छत या पेड़ों पर पानी के बर्तन रखें और पक्षियों के लिए दाना उपलब्ध कराएं। टपरंल ैूचद थ्वनदकंजपवद ने सभी सामाजिक संगठनों, विद्यार्थियों और नागरिकों से इस मुहिम से जुड़ने और "एक घर गौरैया के नाम" अभियान को सफल बनाने की अपील की है।

## संबंध विच्छेद

मैंने अपने पुत्र विनीश साहनी व पुत्रवधू वंदना साहनी को उनके गलत आचरण के चलते अपनी समस्त चल-अचल संपत्ति से बेदखल कर संबंध विच्छेद कर लिए हैं। भविष्य में उक्त के प्रति मेरा कोई उत्तरदायित्व नहीं होगा।

**संतोष साहनी पत्नी स्व. चमन लाल साहनी निवासी के. सी-91 निकट सी ब्लॉक मंदिर कवि नगर गाजियाबाद।**

# बर्थडे के दिन चाकू गोदकर कर हत्या

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** नरेला इलाके में एक नाबालिग की उसके बर्थडे पर उसी के दोस्त ने गर्दन के पीछे चाकू मारकर हत्या कर दी। जब परिवार रात के वक्त घर में शौक में था,उसी वक्त आरोपी ने चाकू लेकर घर में घुसा और परिवार पर चाकू से हमला किया। भागते हुए उनको जान से मारने की धमकी दी। पुलिस ने नाबालिग को पकड़ कर वारदात में इस्तेमाल चाकू जब्त कर लिया है।

जानकारी के मुताबिक नाबालिग की पहचान 17 साल के सीटू के रूप में हुई है। वह अपने माता पिता और चार भाई के साथ कुरैनी इलाके में रहता था। पिता बेलदार जबकि मां और दो बेटे फैक्टरी में नौकरी करके परिवार का पालन पोषण कर रहे है। सीटू ने नौवीं कक्षा पास करने के बाद पढाई छोड़ दी थी और छोटी मोटी नौकरी कर रहा था। नरेला पुलिस को कुरेनी इलाके में सीटू को चाकू मारने की पीसीआर कॉल मिली थी। पुलिस मौके पर पहुंची। गली में काफी खून पड़ा था। सीटू खून से लथपथ हालत में पड़ा था। उसकी गर्दन के पीछे चाकू मारा गया था। सीटू को तुरंत नजदीक के सत्यवादी राजा हरिशचन्द्र अस्पताल में भर्ती कराया। डॉक्टरों ने प्राथमिक उपचार के बाद सीटू को मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने क्राइम और फॉरेंसिक टीम की मदद से सबूत इक्ट्ठा किये। हत्या का मामला दर्ज करके पुलिस ने शुरूआती जांच में वारदात वाली जगह के आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज को कब्जे में लिया और ह्यूमैन सॉर्स की सहायता ली।

परिवार के बयान दर्ज किये। पुलिस को पता चला कि शनिवार रात जब परिवार घर का मैन गेट बंद करके कमरे में बैठा हुआ था। सीटू की हत्या करने वाला आरोपी चाकू लेकर आया और दरवाजा खोला और परिवार पर चाकू से हमला किया। शोर मचाने के बाद भाग गया था। वह सभी को मारने की धमकी दे रहा था। उसी वक्त पुलिस को मामले की जानकारी दी। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर आरोपी को कुछ देर बाद गिरफ्तार कर लिया। परिवार वालों ने बताया कि सीटू 15 मई को पैदा हुआ था। उसका जब जन्म दिन था उसी दिन उसी के जानकार ने हत्या कर दी। वह बहुत काम उम्र में ही काम करके घरवालों का हाथ बंटाने लगा था वह अपने जन्म दिन पर काफी खुश था,शाम को परिवार कुछ अलग से खाना बनाने की बात बोल रहा था।

सीटू को भी उसके दोस्त उसके जन्म दिन की बधाई दे रहे थे। ऐसा क्या हुआ कि उसकी हत्या कर दी। सीटू की मां कौशलया ने बताया कि उसका दोस्त ने जबरन उसको ले गया था। बाद में पता चला कि बेटे से झगड़ा हो गया था,उसके हाथ की उंगली काट दी थी दिन में। जिसने मारा है,उसको भी बेटे की तरह मारा जाए।

## ट्रैफिक पुलिस से कथित हाथापाई मामले में योगेंद्र चंदोलिया बरी

**नई दिल्ली।** राउज एवेन्यू न्यायालय ने भारतीय जनता पार्टी के सांसद योगेंद्र चंदोलिया को वर्ष 2020 में दर्ज एक आपराधिक मामले में बरी कर दिया है। उन पर सरकारी कर्मचारी को कर्तव्य निर्वहन से रोकने, मारपीट करने और गलत तरीके से रोकने के आरोप लगाए गए थे।

न्यायालय ने सबूतों के अभाव और अभियोजन पक्ष की कमजोर दलीलों को आधार बनाते हुए यह फैसला सुनाया। अतिरिक्त मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी नेहा मित्तल ने अपने आदेश में कहा कि उपलब्ध तथ्यों और पूर्व न्यायिक निर्णयों के आधार पर आरोपों को अलग-अलग करके नहीं देखा जा सकता।

# पुलिस अधिकारियों का रूप धरकर पैसे वसूलने वाले रैकेट का भंडाफोड़

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** दिल्ली पुलिस की अपराध शाखा ने हनी-ट्रैप और वसूली रैकेट का भंडाफोड़ कर चार आरोपियों को गिरफ्तार किया है। यह रैकेट पुलिस अधिकारियों का रूप धरकर, टिंडर डेटिंग एप्लिकेशन और सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म के जरिए अनजान पीड़ितों से पैसे वसूलने में शामिल था।

दिल्ली पुलिस उपायुक्त (अपराध) पंकज कुमार ने बताया कि एएसआई अशोक ने एक ऐसे गैंग की गतिविधियों के बारे में खास जानकारी जुटाई, जो पुलिस अधिकारियों का रूप धरकर हनी-ट्रैपिंग और वसूली में लिप्त था। इसे जानकारी पर एसीपी नरेंद्र बेनीवाल की देखरेख में इंस्पेक्टर पवन कुमार के नेतृत्व में टीम ने कल्यान ज्वेलर्स, राजौरी गार्डन के पास जाल बिछाया। ऑपरेशन के दौरान, संदिग्ध वाहन को रोका गया। शुरू में तीन आरोपी भागने में सफल रहे, जबकि एक आरोपी,सुशील कुमार (53), को पीड़ित के साथ मौके पर ही पकड़ लिया गया।

आरोपी ने नकली पुलिस की वर्दी पहनी हुई थी। पुलिस पूछताछ के दौरान, आरोपी ने अपने साथियों के नाम दीपक / साजन, नीरज त्यागी / धीरू, विनोद पंडित और कीर्ति बताए। इसके बाद, टीम मौके से फरार हुए दीपक. विनोद और नीरज,को पकड़ने में सफल रही। गैंग के बाकी सदस्यों, गगन और पूजा उर्फ घ्ष्कीर्ति का पता लगाने और उन्हें पकड़ने की को. शिशें जारी हैं।पुलिस को जांच में पता चला कि गैंग के सदस्यों ने अनजान लोगों को फंसाने के लिए टिंडर और क्वैकक्वैक जैसे डेटिंग ऐप्स पर महिलाओं की नकली प्रोफाइल बनाई थीं। संपर्क स्थापित करने के बाद, गैंग की महिला साथी पीड़ितों को सार्वजनिक जगहों पर मिलने के लिए बुलाती थीं।इसके बाद, पीड़ितों को धोखे से किराए के घरों या सुनसान जगहों पर ले जाया जाता था, जहां गैंग के दूसरे सदस्य नकली पुलिस रेड करते थे। एक आरोपी पुलिस की वर्दी पहनकर पुलिस अधिकारी होने का नाटक करता था ताकि डर पैदा किया जा सके।

# पीजी दाखिले की पात्रता पूरी नहीं होने पर रद्द होगा आवेदन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** दिल्ली विवि ने शैक्षणिक सत्र 2026-27 के लिए परास्नातक (पीजी) पाठ्यक्रमों में दाखिले की प्रक्रिया शुरू कर दी है। इसके लिए विश्वविद्यालय ने कॉमन सीट अलोकेशन सिस्टम पीजी यानी सीएसएएस (पीजी)-2026 पोर्टल खोल दिया है। छात्र 7 जून तक आवेदन कर सकेंगे। इसी के साथ विश्वविद्यालय ने पीजी बुलेटिन ऑफ इंफॉर्मेशन और विस्तृत विवरणिका भी जारी कर दी है। इस बार सभी दो वर्षीय पीजी पाठ्यक्रमों में दाखिला केवल सीयूईटी पीजी-2026 स्कोर के आधार पर होगा।

विश्वविद्यालय ने स्पष्ट कहा है कि पात्रता पूरी नहीं करने वाले छात्रों का आवेदन स्वत: निरस्त माना जाएगा। विश्वविद्यालय ने बताया कि डिजिलॉकर और एपीआई सेतु के माध्यम से कई जानकारियां स्वत: पोर्टल पर जुड़ जाएंगी। इनमें नाम, जन्मतिथि, श्रेणी, लिंग, माता-पिता का नाम और सीयूईटी स्कोर में किसी तरह का बदलाव नहीं किया जा सकता है। विश्वविद्यालय ने कहा है कि वह सरकार के प्लेटफॉर्म से प्राप्त जानकारी में किसी प्रकार का संशोधन स्वीकार नहीं करेगा।



**मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता आर. के. पुरम विधानसभा क्षेत्र में आयोजित मेधावी छात्राओं के सम्मान व नि:शुल्क साइकिल वितरण कार्यक्रम में शामिल हुईं।**

# सीएम ने मेधावी छात्राओं को साइकिलें प्रदान की

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता आर. के. पुरम विधानसभा क्षेत्र में आयोजित मेधावी छात्राओं के सम्मान और नि:शुल्क साइकिल वितरण कार्यक्रम में शामिल हुईं। इस दौरान मुख्यमंत्री ने 10वीं और 12वीं कक्षा पास करने वाली छात्राओं को साइकिलें प्रदान की । मुख्यमंत्री ने कहा कि बेटियों की शिक्षा और उन्हें आगे बढ़ाने के लिए ऐसे प्रयास बेहद जरूरी हैं। उन्होंने इस पहल को महिला सशक्तीकरण की दिशा में एक प्रेरणादायक कदम बताते हुए आयोजकों की सराहना की। मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने अपने संबोधन में कहा कि बेटियों की शिक्षा केवल परिवार नहीं, बल्कि पूरे समाज और राष्ट्र के उज्ज्वल भविष्य की आधारशिला है। यह साइकिल केवल एक साधन नहीं, बल्कि छात्राओं के आत्मविश्वास, स्वतंत्रता और सपनों को नई गति देने का माध्यम है।

उन्होंने बताया कि दिल्ली सरकार ने निर्णय लिया है कि सरकारी विद्यालयों में कक्षा 9 में प्रवेश लेने वाली सभी छात्राओं को साइकिल उपलब्ध कराई जाएगी। साइकिल मिलने से वे कक्षा 9 से लेकर कॉलेज एवं कोचिंग तक अपनी पढ़ाई के दौरान इसका उपयोग कर सकेंगी।

## मानसून से पहले महरौली में नालों का निरीक्षण

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** आगामी मानसून को देखते हुए महरौली विधानसभा क्षेत्र में जलभराव की समस्या से निपटने के लिए प्रशासनिक तैयारियां तेज कर दी गई हैं। क्षेत्रीय विधायक गजेंद्र यादव ने लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों और स्थानीय निवासियों के साथ क्षेत्र के प्रमुख नालों तथा जलभराव वाले संवेदनशील स्थलों का निरीक्षण कर सफाई और गाद निकासी कार्य का जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने अधिकारियों को समयबद्ध और उच्च गुणवत्ता के साथ कार्य पूरा करने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान किशनगढ़ कार मार्केट के सामने, मसूदपुर गांव मार्ग, नेल्सन मंडेला मार्ग, मसूदपुर स्थित दिल्ली विकास प्राधिकरण कार्यालय के पास तथा वसंत कुंज में फोर्टिस अस्पताल के समीप नालों की स्थिति का गहन निरीक्षण किया गया।

## फीमेल डॉग से किया रेप वीडियो हुआ वायरल

**नई दिल्ली।** शाहदरा में फर्श बाजार थाने क्षेत्र में मानवता को शर्मशार करने वाली घटना सामने आई है, एक व्यक्ति ने फीमेल डॉग से गलत काम किया, जिसकी कुछ लोगों ने वीडियो बना ली, जिसके बाद एक एनजीओ चलाने वाली महिला ने इस मामले की जानकारी पुलिस को दी ओर मानवता को शर्मसार करने वाले इस व्यक्ति के खिलाफ पशु क्रूरता निवारण अधिनियम 1960 के तहत मामला दर्ज किया गया।

# बाइक चोरी व मोबाइल स्नैचिंग करने वाला चढ़ा पुलिस के हत्थे

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** शाहदरा जिले के जीटीबी एनक्लेव थाना पुलिस की क्रैक टीम ने वाहन चोरी और मोबाइल स्नैचिंग की वारदातों में शामिल एक शातिर बदमाश को गिरफ्तार किया है। आरोपी की पहचान 30 वर्षीय इस्लाम उर्फ सोनू निवासी गोकुलपुरी के रूप में हुई है। पुलिस ने उसके कब्जे से चोरी की एक टीवीएस जुपिटर स्कूटी, एक सीबीजी मोटरसाइकिल और एक वीवो मोबाइल फोन बरामद किया है। पूछताछ में आरोपी ने वाहन चोरी और झपटमारी की कई वारदातों का खुलासा किया, जिसके बाद 12 मामले सुलझने का दावा किया गया है। पुलिस के मुताबिक 15 मई की रात जीटीबी एनक्लेव थाना की क्रैक टीम इलाके में गश्त और चेकिंग कर रही थी।

इसी दौरान जीटीबी अस्पताल रेड लाइट के पास टीम को सूचना मिली कि एक शातिर वाहन चोर चोरी की स्कूटी पर इलाके से गुजरने वाला है। सूचना के बाद इंस्पेक्टर अश्वनी अंबरिया की निगरानी में सर्विस रोड ताहिरपुर स्थित एमसीडी कार्यालय के पास बैरिकेडिंग कर दबिश दी गई। रात करीब 10: 05 बजे जीटीबी अस्पताल की तरफ से एक युवक टीवीएस जुपिटर पर आता दिखाई दिया। मुखबिर के इशारे पर पुलिस टीम ने उसे घेरकर पकड़ लिया।

जांच के दौरान आरोपी स्कूटी के कागजात नहीं दिखा सका। सत्यापन में पता चला कि स्कूटी न्यू उस्मानपुर इलाके से चोरी हुई थी। तलाशी में उसके पास से चोरी का वीवो मोबाइल फोन भी मिला, जो जीटीबी एनक्लेव इलाके में दर्ज स्नैचिंग के मामले से जुड़ा निकला। पूछताछ में आरोपी ने ताहिरपुर सीएनजी पंप के पास छिपाकर रखी एक और चोरी की सीबीजे बाइक के बारे में जानकारी दी।

## नशा मुक्ति केन्द्र में युवक की मौत, हत्या का शक

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** अमन विहार इलाके में एक युवक की मौत होने पर परिवार ने हत्या का शक जाहिर किया है। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के बाद परिजनों को सौंप दिया है। पुलिस पोस्टमार्टम रिपोर्ट का इंतजार कर रही है। जानकारी के मुताबिक मृतक युवक की पहचान प्रिंस के रूप में हुई है। जो पिछले करीब छह महीने से नशा मक्ति केन्द्र में भर्ती रहकर उपचार करवा रहा था। अमन विहार पुलिस को शुक्रवार को प्रिंस की मौत की खबर मिली थी। परिवार का आरोप है कि जब उन्होंने प्रिंस का शव देखा,उसके चोट के निशान थे। जिसके बारे में केन्द्र वालों ने कोई पुख्ता जानकारी नहीं दी थी।

# कांग्रेस ने की शिक्षा मंत्री से इस्तीफे की मांग

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** दिल्ली प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष देवेंद्र यादव ने राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी की कथित विफलता और नीट-स्नातक परीक्षा का प्रश्नपत्र लीक होने के मामले को लेकर केंद्र सरकार पर तीखा हमला बोला है। उन्होंने केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान से नैतिक जिम्मेदारी लेते हुए तत्काल इस्तीफा देने की मांग की।

साथ ही परीक्षा रद्द होने से आहत होकर आत्महत्या करने वाली छात्रा अंशिका पांडे की मौत के लिए सरकार की नीतियों को जिम्मेदार ठहराया। देवेंद्र यादव ने वरिष्ठ कांग्रेस नेताओं के साथ मॉडल टाउन विधानसभा क्षेत्र स्थित लाल बाग झुग्गी बस्ती पहुंचकर मृतक छात्रा के परिजनों से मुलाकात की और संवेदना व्यक्त की। उन्होंने कहा कि दिल्ली की गरीब परिवार की होनहार बेटी अंशिका पांडे पिछले तीन वर्षों से चिकित्सक बनने के उद्देश्य से लगातार नीट परीक्षा की तैयारी कर रही थी। इस बार उसे अच्छे अंकों की पूरी उम्मीद थी, लेकिन परीक्षा रद्द होने की खबर से वह मानसिक रूप से पूरी तरह टूट गई।

उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी की लापरवाही के कारण देशभर के 22 लाख से अधिक विद्यार्थियों का भविष्य संकट में पड़ गया है। अंशिका की आत्महत्या केवल एक परिवार की त्रासदी नहीं, बल्कि देश की परीक्षा व्यवस्था पर गंभीर प्रश्नचिह्न है। उन्होंने आरोप लगाया कि केंद्र में भाजपा सरकार आने के बाद प्रतियोगी परीक्षाओं के प्रश्नपत्र लीक होने की घटनाएं लगातार बढ़ी हैं और अब तक ऐसी लगभग 90 घटनाएं सामने आ चुकी हैं।

देवेंद्र यादव ने कहा कि अंशिका के पिता सब्जी बेचकर परिवार का पालन-पोषण करते हैं और सीमित संसाधनों के बावजूद उन्होंने बेटी की पढ़ाई में कोई कमी नहीं आने दी। परिवार को विश्वास था कि अंशिका इस बार सफलता हासिल कर चिकित्सक बनेगी, लेकिन परीक्षा रद्द होने के बाद वह गहरे सदमे में चली गई।



**रविन्द्र इन्द्राज सिंह जन्मदिन के अवसर पर उपराज्यपाल से की शिष्टाचार भेंट करते हुए।**

# मंत्री रविन्द्र इन्द्राज सिंह ने की उपराज्यपाल से शिष्टाचार भेंट

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** दिल्ली सरकार के समाज कल्याण एवं अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति/अन्य पिछड़ा वर्ग कल्याण मंत्री रविन्द्र इन्द्राज सिंह ने अपने जन्मदिन के अवसर पर दिल्ली के उपराज्यपाल तरनजीत सिंह संधू से शिष्टाचार भेंट की। इस दौरान उन्होंने दिल्ली के जनहित एवं विकास से जुड़े अनेक महत्वपूर्ण विषयों पर विस्तार से चर्चा की और उनके समक्ष विभिन्न लंबित एवं प्राथमिकता वाले मुद्दों को रखा। रविन्द्र इन्द्राज सिंह ने दिल्ली में स्थित जल निकायों के संरक्षण, ऑडिट, पुनर्जीवन एवं पुनर्विकास का विषय उठाते हुए कहा कि अनेक तालाब, झीलें, जोहड़ एवं पारंपरिक जल स्रोत उपेक्षा, अतिक्रमण एवं प्रदूषण के कारण प्रभावित हो रहे हैं।

उन्होंने बवाना विधानसभा सहित पूरी दिल्ली में जल निकायों की व्यापक समीक्षा, सफाई, डी-सिल्टिंग, वर्षा जल संचयन से जोड़ने तथा अतिक्रमण मुक्त कराने के लिए समयबद्ध कार्ययोजना बनाने का आग्रह किया।

# नशा मुक्ति केंद्र में नशा-विरोधी जागरूकता कार्यक्रम आयोजित

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** नशा मुक्त भारत अभियानश के तहत नशीले पदार्थों के दुरुपयोग के खिलाफ अपने लगातार प्रयासों को जारी रखते हुए, दिल्ली पुलिस की एंटी-नारकोटिक्स टास्क फोर्स ने वजीराबाद स्थित श्जीवन धारा नशा मुक्ति केंद्रश में एक नशा-विरोधी जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया। इस कार्यक्रम में नशे से उबर रहे लगभग 40 मरीजों ने सक्रिय रूप से भाग लिया। दिल्ली पुलिस उपायुक्त राहुल अलवाल ने बताया कि इस संवादात्मक सत्र के दौरान, प्रतिभागियों को नशीले पदार्थों के हानिकारक प्रभावों और नशीले पदार्थों की लत के गंभीर सामाजिक, मनोवैज्ञानिक और स्वास्थ्य- संबंधी परिणामों के बारे में जागरूक किया गया।

इस मौके पर उपस्थित लोगों को एक सकारात्मक, अनुशासित और नशा-मुक्त जीवन शैली अपनाने तथा एक नशा-मुक्त समाज बनाने के मिशन में सक्रिय रूप से सहयोग करने के लिए प्रोत्साहित किया गया। प्रतिभागियों को प्रेरित करने और उन्हें रचनात्मक रूप से व्यस्त रखने के लिए, कार्यक्रम के हिस्से के रूप में इनडोर खेल और संवादात्मक गतिविधियाँ भी आयोजित की गईं। इन गतिविधियों का उद्देश्य नशे से उबर रहे मरीजों के बीच मानसिक स्वास्थ्य, आत्म विश्वास, टीम वर्क और सकारात्मक सामाजिक मेलजोल को बढ़ावा देना था। प्रतिभागियों के बीच नशा-विरोधी जागरूकता संदेश वाले पर्चे वितरित किए गए।

# पतंजलि का बड़ा शोध: दालचीनी में छिपा है मधुमेह नियंत्रण का प्राकृतिक सूत्र, अमेरिकी जर्नल ने स्वीकारा

## वर्षों से ऋषि-मुनि दालचीनी के गुणों को दुनिया को बताते रहे हैं

**हरिद्वार, नई दिल्ली।** पतंजलि के वैज्ञानिकों की दिन-रात की मेहनत एक बार फिर वैश्विक स्तर पर चमक बिखेर रही है। पतंजलि के वैज्ञानिकों की ओर से दालचीनी को लेकर किए जा रहे अनुसंधान को अमेरिका के प्रसिद्ध जर्नल एल्सवियर के फूड रिसर्च इंटरनेशनल ने न केवल स्वीकार किया है अपितु इस बात पर भी मुहर लगा दी है कि दालचीनी में मिलने वाले जैव सक्रिय तत्व से मधुमेह जैसी गंभीर बीमारी को भी नियंत्रित किया जा सकता है। यह शोध वैश्विक स्तर पर आयुर्वेद को जहां बड़ा बल देती है, वहीं, मधुमेह के इलाज में दालचीनी की भूमिका को लेकर इलाज के नये आयाम खोल देती है। हजारों साल पहले से ऋषि कहते आ रहे हैं कि- 'उक्ता दारुसिता स्वाद्वी तिक्ता चानिलपित्तहृत् सुरभि: शुक्रला बल्या मुखशोषतृषापहा।। (भा.प्र.नि. कर्पूरादिवर्ग 66-67)' यानि दालचीनी वायु व पित्त का हरण करके शुक्र और बल के रूप को बढ़ाने वाला होता है। वैसे भी हम दालचीनी के गुणों को वर्षों से जानते और समझते आ रहे हैं लेकिन जो पतंजलि के वैज्ञानिकों के पुरुषार्थ से वैश्विक स्तर पर निकलकर सामने आया है और जिसे विज्ञान ने अब मान्यता दे दी है, वह आयुर्वेद में मील का पत्थर साबित होगा। दरअसल, दालचीनी को लेकर पतंजलि के वैज्ञानिक लंबे समय से अनुसंधान कर रहे थे। अनुसंधान की प्रक्रिया पूरी होने के बाद सभी प्रमाणिक तथ्यों को अमेरिका के प्रसिद्ध जर्नल 'एल्सवियर' के फूड रिसर्च इंटरनेशनल को भेजा गया। जहां उन्होंने न केवल पतंजलि के रिसर्च को स्वीकार किया बल्कि उस तथ्य को भी माना, जिसमें पतंजलि के वैज्ञानिकों ने अपने रिसर्च में दालचीनी से मधुमेह नियंत्रण की बात कही। अंतर्राष्ट्रीय जर्नल ने दालचीनी के जैव सक्रिय तत्वों (बायो एवैलेबिलिटी) व मधुमेह के नियंत्रण में उसकी भूमिका (हाइपोग्लाइसेमिक) व विभिन्न खाद्य पदार्थों के साथ प्रयोग करने पर उसकी प्रभावशीलता के संदर्भ में पतंजलि की ओर से किए गए अनुसंधान को स्वीकार किया है। पतंजलि के वैज्ञानिकों ने दालचीनी के विविध खाद्यान्न के साथ व स्वतंत्र व सुरक्षित उपयोग से संबंधित वैज्ञानिक पहलुओं का विस्तृत विश्लेषण किया गया। जिसका प्रथम बार विश्व के प्रसिद्ध जर्नल ने स्वीकार किया। बता दें कि फूड रिसर्च इंटरनेशनल जर्नल खाद्य विज्ञान और पोषण के क्षेत्र की विश्व स्तर की प्रतिष्ठित शोध पत्रिका है।



**मानव जीवन की गंभीर बीमारियों में प्राकृतिक समाधान प्रस्तुत करना हमारा उद्देश्य: आचार्य बालकृष्ण**

# नीट प्रश्नपत्र लीक मामले में शिक्षिका गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** नीट-स्नातक 2026 प्रश्नपत्र लीक मामले में केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो को बड़ी सफलता मिली है। जांच एजेंसी ने महाराष्ट्र के पुणे की वरिष्ठ वनस्पति विज्ञान शिक्षिका मनीषा गुरुनाथ मंडहरे को दिल्ली से गिरफ्तार किया है।

सीबीआई का दावा है कि शिक्षिका प्रश्नपत्र तैयार करने की प्रक्रिया से जुड़ी हुई थीं और उन्होंने छात्रों को परीक्षा में आने वाले सवाल पहले से लिखवाए थे। जांच एजेंसी के अनुसार, मनीषा मंडहरे को राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी द्वारा नीट-स्नातक 2026 परीक्षा प्रक्रिया में विशेषज्ञ के रूप में नियुक्त किया गया था। उन्हें वनस्पति विज्ञान और प्राणी विज्ञान विषयों के प्रश्नपत्रों तक पहुंच प्राप्त थी। सीबीआई का आरोप है कि इसी पहुंच का दुरुपयोग करते हुए उन्होंने कथित रूप से प्रश्नपत्र लीक गिरोह के साथ मिलकर छात्रों तक सवाल पहुंचाए।

सीबीआई की जांच में सामने आया है कि अप्रैल 2026 में मनीषा मंडहरे ने पुणे निवासी मनीषा वाघमारे के माध्यम से कुछ छात्रों को एकत्र किया और अपने घर पर विशेष अध्ययन सत्र आयोजित किए। इन सत्रों के दौरान छात्रों को वनस्पति विज्ञान और प्राणी विज्ञान के कई महत्वपूर्ण प्रश्न बताए गए, नोट्स लिखवाए गए और पुस्तकों में विशेष अंश चिन्हित करवाए गए। जांच एजेंसी का दावा है कि इन सत्रों में बताए गए अधिकांश प्रश्न 3 मई 2026 को आयोजित नीट-स्नातक परीक्षा के वास्तविक प्रश्नपत्र से मेल खाते पाए गए हैं। सीबीआई ने पिछले 24 घंटों के दौरान देशभर में छह स्थानों पर छापेमारी भी की है। कार्रवाई के दौरान कई महत्वपूर्ण दस्तावेज, दूरभाष, संगणक, बैंक विवरण और अन्य डिजिटल सामग्री जब्त की गई है, जिनकी गहन जांच की जा रही है।

सीबीआई ने यह मामला 12 मई 2026 को शिक्षा मंत्रालय के उच्च शिक्षा विभाग की शिकायत के आधार पर दर्ज किया था। मामला दर्ज होने के बाद विशेष जांच दलों ने दिल्ली, जयपुर, गुरुग्राम, नासिक, पुणे और अहिल्या नगर सहित कई शहरों में छापेमारी शुरू की।

## नरेला-बवाना रोड पर प्री- कास्ट ड्रेन परियोजना शुरु

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** दिल्ली में जलभराव कम करने के लिए पीडब्ल्यूडी द्वारा प्री-कास्ट ड्रेन का इस्तेमाल किया जा रहा है। इसे लगाने से न केवल समय की बचत होती है बल्कि इसकी गुणवत्ता भी दशकों तक चलने वाली है। शनिवार को मंत्री प्रवेश साहिब सिंह ने नरेला रेलवे क्रॉसिंग से दिल्ली जल बोर्ड आउटफॉल तक प्री-कास्ट आरसीसी ड्रेन के निर्माण कार्य का शिलान्यास किया। कैबिनेट मंत्री प्रवेश साहिब सिंह ने बताया कि यह परियोजना कुल 9.5 किलोमीटर लंबाई में विकसित की जाएगी।

# मोबाइल फोन छीनने वाला गिरफ्तार

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**नोएडा।** सेक्टर-24 थाना पुलिस ने शुक्रवार देर रात चोरी की बाइक से साथी संग मिलकर राहगीरों से झपटमारी करने वाले शातिर बदमाश को गिरफ्तार कर लिया। उसके पास से विभिन्न जगहों से छीने गए 18 मोबाइल फोन, चोरी की बाइक और चाकू बरामद हुआ। हालांकि, बदमाश का साथी फरार हो गया। पुलिस की टीमें उसे तलाश रही हैं।

पुलिस अधिकारियों ने बताया कि शुक्रवार रात टीमें क्षेत्र में गश्त कर रही थीं। तभी सूचना मिली कि कुछ आपराधिक प्रवृत्ति के लोग बाइक पर सवार होकर सेक्टर-33 स्थित गरिमा विहार सोसाइटी के सामने नाले के पुल पर आने वाले हैं। टीम ने सूचना को पुख्ता करके चेकिंग शुरू कर दी। तभी



आरटीओ ऑफिस की तरफ से एक बाइक पर सवार दो युवक आते दिखाई दिए। संदिग्ध दिखने पर उन्हें रुकने का इशारा किया। दोनों युवक बाइक मोड़कर भागने लगे। कुछ दूर चलने पर बाइक के पीछे बैठा युवक उतरकर झाड़ियों में छिपते हुए भागने में सफल रहा, जबकि बाइक चला रहे युवक को घेरकर दबोच लिया। बाइक के दस्तावेज मांगे तो वह दिखाने में असमर्थ रहा। भागने का कारण पूछा तो उसने बताया कि वह राहगीरों से मोबाइल फोन झपटमारी करते हैं। तलाशी ली तो उसकी पीठ पर लटके बैग से 18 मोबाइल फोन बरामद हुए। उसने बताया कि दोनों ने मिलकर विभिन्न स्थानों से लोगों से झपटे हैं। आरोपी की पहचान जिला हमीमरपुर के ललपुरा गांव निवासी लोकेंद्र उर्फ लक्की के रूप में हुई। वह वर्तमान में सेक्टर-73 स्थित सर्फाबाद गांव में किराए पर रहता है। उसने फरार साथी का नाम आकाश निवासी मामूरा बताया। जांच करने पर पता चला कि आरोपियों से बरामद बाइक दिल्ली निवासी भरतलाल की है। इसके संबंध में दिल्ली के आरकेपुरम पुलिस थाने में मुकदमा दर्ज है। पूछताछ में आरोपियों ने बताया कि वह अब तक एनसीआर में अलग-अलग स्थान से करीब 100 मोबाइल फोन झपट चुके हैं। पुलिस फरार बदमाश को खोजने में जुटी है।

# सोलह शृंगार किया, साल-पीले वस्त्र पहन महिलाओं ने रखा वट सावित्री व्रत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नोएडा।** शहर में शनिवार को वट सावित्री व्रत श्रद्धा, आस्था और उत्साह के साथ मनाया गया। सेक्टरों, गांवों और मंदिरों में महिलाओं ने वट वृक्ष की पूजा-अर्चना कर अपने पति की लंबी उम्र, परिवार की सुख-समृद्धि की कामना की। सुबह से ही मंदिर परिसरों और सोसाइटियों में महिलाओं की भीड़ देखने को मिली। महिलाओं ने पारंपरिक परिधान पहनकर पूजा की और विधि-विधान से वट वृक्ष के सात चक्कर लगाकर धागा बांधा।

कुछ महिलाओं ने साथ में बैठकर वट वृक्ष की पूजा की। सेक्टर-117 में रहने वाली अर्चना ने बताया कि उनकी सोसाइटी में रहने वाली महिलाओं ने महिलाओं



ने पूजा स्थल को फूलों और रंगोली से सजाया और सामूहिक रूप से वट वृक्ष की पूजा की। एक दिन पहले ही चूढ़ियां खरीदी साथ में मेकअप और 16 शृंगार पहना और लगाया जाता है। सुबह उठकर पूजा की, फिर करीब 11 बजे कथा सुनी इसे सुनने के बाद मीठे पुए बनाए गए।

वह बताती हैं कि यह दिन सिर्फ पति का नहीं बल्कि बच्चों के लिए भी खास होता है। उनके लिए भी लंबी उम्र की कामना की जाती है।

## यातायात नियमों के उल्लंघन पर 6831 वाहनों के ई-चालान किए

**नोएडा।** जिले में शनिवार को यातायात पुलिस ने जांच अभियान चलाया। इसमें यातायात नियमों के उल्लंघन पर कुल 6831 वाहनों के ई-चालान किए गए और 31 गाड़ियों को सीज किया गया। इसमें यातायात पुलिसकर्मियों ने 2577 चालान और आईएसटीएमएस कैमरों द्वारा 4254 वाहनों के चालान किए गए। बिना हेलमेट 2332, तेज गति में वाहन चलाने के कारण 502 और मोबाइल फोन पर बात करते हुए गाड़ी चलाने के कारण 44 वाहनों के चालान किए गए। टीसीएस कंपनी के लोगों को यातायात नियमों के प्रति जागरुक किया गया। विशेष अभियान के अंतर्गत काली फिल्म और गलत नंबर प्लेट लगे वाहनों के चालान किए गए।

# शनि अमावस्या पर शनि मंदिर में उमड़ा आस्था का सैलाब

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नोएडा।** श्री सिद्ध पीठ शनि मंदिर, सेक्टर-14ए, नोएडा में शनिवार को शनि जयंती एवं शनि अमावस्या के पावन अवसर भंडारा व भव्य धार्मिक आयोजन का आयोजन श्रद्धा, भक्ति और उत्साह के साथ सम्पन्न हुआ। आचार्य पुष्कर चंद्र भट्ट के सान्निध्य एवं निर्देशन में आयोजित अष्टकुंडीय श्री शनि महायज्ञ में हजारों श्रद्धालुओं ने भाग लेकर यज्ञ में आहुति अर्पित की तथा भगवान शनिदेव का आशीर्वाद प्राप्त किया।





कार्यक्रम में शनि सेवा समिति के अध्यक्ष मान सिंह चौहान सहित समिति के पदाधिकारी, शहर के गणमान्य नागरिक एवं विभिन्न क्षेत्रों से आए श्रद्धालु बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। इस अवसर पर विधायक पंकज सिंह, महेश चौहान, प्राधिकरण की एसीईओ श्रीमती वंदना त्रिपाठी, आरएस यादव, डॉ. वीएस चौहान, डॉ. वी.सके गुप्ता, आलोक द्विवेदी, करतार सिंह चौहान, चंद्र मौली शर्मा सहित अनेक प्रतिष्ठित लोगों ने सहभागिता कर पूजा-अर्चना की। कमेटी के अध्यक्ष ने बताया कि इस वर्ष लगभग 13 वर्षों बाद अत्यंत दुर्लभ संयोग बना, जब शनि जयंती शनिवार को पड़ी। साथ ही शनिश्चरी अमावस्या, वट सावित्री व्रत, भरणी-कृतिका नक्षत्र तथा सौभाग्य-शोभन योग का विशेष संयोग बनने से यह दिन धार्मिक एवं ज्योतिषीय दृष्टि से अत्यंत शुभ माना गया।

## एक नजर

### फीस वृद्धि पर अभिभावकों का प्रदर्शन

**ग्रेटर नोएडा ( शाह टाइम्स )।** ग्रेनो वेस्ट के सेक्टर-16 बी स्थित दी विजडम ट्री स्कूल के मुख्य गेट पर शनिवार को 50 से अधिक अभिभावकों ने प्रदर्शन किया। उनका आरोप है कि स्कूल प्रबंधन पिछले कई वर्ष से मनमाने ढंग से फीस में वृद्धि कर रहा। इस वर्ष भी फीस में 40 फीसदी की वृद्धि की है। अभिभावक अनुभा भास्कर, आशीष मिश्रा, सचिन और वीरेंद्र ने बताया कि फीस वृद्धि समेत अन्य समस्याओं से परेशान होकर सभी अभिभावक एकत्रित होकर स्कूल के मुख्य गेट पर पहुंचे और प्रबंधन के खिलाफ प्रदर्शन किया। प्रबंधन की ओर से बच्चों की टीसी जारी करने और उन्हें निकालने की धमकी दी गई।

वहीं, प्रदर्शन को बढ़ता देख डीआईओएस कार्यालय से भी एक प्रतिनिधि स्कूल पहुंचे और उनकी शिकायतें सुनीं। डीआईओएस प्रतिनिधि ने आश्वासन दिया कि दो-तीन दिन में एक संयुक्त समिति बनाई जाएगी, जिसमें स्कूल प्रबंधन और अभिभावकों के प्रतिनिधि शामिल होंगे।मामले में स्कूल प्रधानाचार्य अनिमिखा रॉय ने बताया कि नियमों के अनुसार ही फीस बढ़ाई गई है। जिला विद्यालय निरीक्षक राजेश कुमार सिंह ने बताया कि कमेटी स्कूलों की ओर से जवाब की स्क्रीनिंग चल रही है। 30 से अधिक स्कूलों के जवाब को जांच लिया गया है। नियमों के खिलाफ फीस बढ़ाने वाले स्कूलों पर कार्रवाई होगी।

### वेंडिंग जोन के लिए आवेदन की तारीख बढ़ी

**ग्रेटर नोएडा ( शाह टाइम्स )।** ग्रेटर नोएडा के अल्फा, बीटा, गामा और डेल्टा सहित 12 आवासीय सेक्टरों में बने वेंडिंग जोन में दुकानें यानी जगह आवंटित करने के लिए शुरू की गई योजना में आवेदन करने की तारीख प्राधिकरण ने बढ़ा दी है। इच्छुक लोग अब एक जून तक आवेदन कर सकेंगे। इससे सेक्टरों में अवैध ठेली पटरी की समस्या दूर हो जाएगी।

अधिकारी के मुताबिक पहले योजना में आवेदन करने की तारीख 4 मई थी। ज्यादा से ज्यादा लोग योजना का लाभ उठा सकें, इसके लिए आवेदन करने का एक और मौका दिया गया है। वेंडिंग जोन में 673 दुकानें यानी शेड बनाए गए हैं। आवेदन करने वाले लोगों का सत्यापन करने के बाद ड्रा के माध्यम से जगह दी जाएगी। पात्र लोगों को अगले दो से तीन माह में जगह आवंटित कर दी जाएगी। अधसूचित क्षेत्र के भूमिहीन मजदूरों के अलावा दिव्यांगों, महिलाओं, एससी, एसटी, अति पिछड़ा वर्ग को आरक्षण दिया जाएगा।

**वेंडिंग जोन की विशेषताएं:** वेंडिंग जोन में साग सब्जी, फल, फास्ट फूड जैसी जरूरी चीजों के अलावा किताब कॉपी की दुकानें होंगी। फुटपाथ विक्रेता जिस क्षेत्र में ठेली पटरी लगाते हैं, उनको प्राथमिकता के आधार पर उसी सेक्टर के वेंडिंग जोन में जगह दी जाएगी। अधिसूचित क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले गांवों के भूमिहीन मजदूरों को 33 फीसदी आरक्षण दिया जाएगा। अर्बन सर्विसेज विभाग के वरिष्ठ प्रबंधक सन्नी यादव ने बताया कि योजना में आवेदन करने की तारीख बढ़ा दी गई है। लोग अब 1 जून तक आवेदन कर सकते हैं। इससे अवैध ठेली पटरी पर अंकुश लगाने में मदद मिलेगी।

**वेंडिंग जोन के सेक्टर:** इन सेक्टरों में वेंडिंग जोन बनेअल्फा-2, बीटा-1,2, ओमिक्रोन-1ए, ज्यू-2, गामा-2, डेल्टा-1, 3, पाई-1,2, ओमिक्रोन-3, ज्यू-3 आदि सेक्टरों में वेंडिंग जोन का काम पूरा हो चुका है। इसके अलावा कुछ अन्य सेक्टरों में योजना बनाई जा रही है।

### जिला प्रशिक्षण वर्ग अभियान शुरू

**ग्रेटर नोएडा ( शाह टाइम्स )।** भारतीय जनता पार्टी द्वारा पंडित दीन दयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महा अभियान शनिवार को शुरू किया गया। जिला प्रशिक्षण वर्ग का दो दिवसीय अभियान ग्रेटर नोएडा के सेक्टर स्वर्णनगरी स्थित अग्रसेन भवन में आयोजित किया गया। इस दौरान भाजपा कार्य विस्तार, चुनाव प्रबंध, जनकल्याणकारी योजनाओं के बारे में लोगों को जागरूक करने आदि पर जोर दिया गया। पहले दिन राज्यसभा सांसद और भाजपा प्रदेश महामंत्री अमरपाल मौर्य, नोएडा विधायक पंकज सिंह, क्षेत्रीय महामंत्री हरीश ठाकुर, पूर्व मंत्री नवाब सिंह नागर, राष्ट्रीय प्रवक्ता गोपाल कृष्ण अग्रवाल आदि ने प्रशिक्षण महा अभियान को संबोधित किया।राज्यसभा सांसद अमरपाल मौर्य ने कहा कि प्रशिक्षण से कार्यकर्ताओं का निर्माण और प्रशिक्षण से प्रशिक्षत होकर हम सभी को सीखने की प्रेरणा मिलती है।

# 40 प्रतिशत फीस बढ़ाने पर अभिभावकों का प्रदर्शन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**ग्रेटर नोएडा।** ग्रेटर नोएडा वेस्ट में स्थित दि विजडम ट्री स्कूल के खिलाफ अभिभावकों ने शनिवार को फीस बढ़ाने को लेकर हंगामा किया। आरोप है कि स्कूल की ओर से एफिडेटिव देने का भरोसा दिया गया था कि बच्चों के भविष्य की जिम्मेदारी स्कूल की होगी। उसके बाद स्कूल ने अब तक एफिडेविट नहीं दिया है। अभिभावकों का आरोप है कि जिला शुल्क नियामक समिति ने 7.23 प्रतिशत तक ही फीस बढ़ाने का निर्देश जारी किया था। उसके बाद भी स्कूल ने 40 प्रतिशत फीस का बढ़ा दिया है।

अभिभावक संघ के प्रतिनिधि वीरेंद्र कुमार ने बताया कि प्रशासन के आदेश के बाद भी नियमों को दरकिनार स्कूल की ओर से किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि अभिभावक ने पोस्टर लेकर प्रदर्शन किया है। उन्होंने जिलाधिकारी व डीआईओएस से मामले में कार्रवाई करने की मांग की है। अभिभावकों ने बताया कि आयकर विभाग ने दि विजडम ट्री स्कूल को नोटिस जारी किया था। जिसमें 125 करोड़ रुपये के कीमत वाली इमारत को बेनामी संपत्ति घोषित किया गया। आयकर विभाग की ग्रेटर नोएडा के दि विजडम ट्री स्कूल पर सख्त कार्रवाई के बाद वहां पढ़ने वाले छात्रों के माता-पिता में डर का माहौल था।

## अवैध हथियारों संग दो आरोपी गिरफ्तार

**यमुना सिटी।** रबूपुरा कोतवाली पुलिस ने दो अलग-अलग स्थानों से अवैध हथियारों व कारतूस के साथ दो बदमाशों को गिरफ्तार किया है। कोतवाली प्रभारी श्याम बाबू शुक्ला ने बताया कि शुक्रवार रात पुलिस की टीम गस्त कर रही थी। इंटेलिजेंस से मिली सूचना के बाद रबूपुरा स्थित मजार और उडरावली गांव के पास से दो संदिग्ध युवकों को गिरफ्तार किया गया। जांच में इनके पास से अवैध हथियार बरामद हुए हैं। आरोपियों की पहचान गुड्डू पुत्र मांगेराम निवासी ग्राम सनैता भाईपुर थाना खुर्जा और रोहित पुत्र संतोष निवासी गांव सनैता सफीपुर थाना खुर्जा के रूप में हुई है। दोनों को न्यायालय में पेश करके जेल भेज दिया गया है।

# जेवर में बनेगा गुरुकुल-शैली का आधुनिक स्कूल गरीब बच्चों को नवोदय की तर्ज पर मिलेगी शिक्षा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**यमुना सिटी।** प्रदेश सरकार जिले में सदियों पुरानी शिक्षा व्यवस्था को बढ़ावा देने के लिए जेवर के दयौरार गांव की पांच एकड़ जमीन पर 45 करोड़ की लागत से संत रविदास मिशन के तहत आश्रम पद्धति का स्कूल तैयार करा रही है। आश्रम पद्धित के विद्यालय में आर्थिक रूप से कमजोर पृष्ठभूमि के छात्रों को उच्च स्तरीय आवासीय शिक्षा और समग्र विकास का अवसर प्रदान करने के उद्देश्य से बनाया जा रहा है। विद्यालय में कक्षा 12 वीं तक के बच्चों को नवोदय विद्यालय की तर्ज पर सीबीएसई पैटर्न से जोड़ने की भी योजना है। दो साल पहले यूपी स्टेट कंस्ट्रक्शन एडं इंफ्रास्ट्रक्चर डवलपमेंट कारपोरेशन के द्वारा शुरू कराए गए कैंपस में दो मंजिला भवन और आवासीय परिसर बनकर लगभग तैयार हो चुका है। फिनिशिंग का काम तेजी से चल रहे हैं। अगस्त तक इसे पूरा करने का लक्ष्य है जिसके बाद इसे समाज कल्याण विभाग को सौंप दिया जाएगा। अगले शैक्षिक सत्र से इसे संचालन की पूरी उम्मीद है।

**सीबीएसई से संबद्धता दिलाई जाएगी:** समाज कल्याण विभाग द्वारा संचालित आश्रम पद्धति के विद्यालय में नवोदय विद्यालय की तरह कक्षा छह से कक्षा 12 तक की शिक्षा दी जाएगी । आधुनिक शिक्षा के लिए विद्यालय को सीबीएसई से संबद्धता दिलाई जाएगी। इन विद्यालयों में 85 प्रतिशत छात्र ग्रामीण व 15 प्रतिशत शहरी क्षेत्र से चयनित किये जाएंगे। विद्यालय में 60 प्रतिशत अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति, 25 प्रतिशत पिछड़ा वर्ग व 15 प्रतिशत सामान्य वर्ग के बच्चों को प्रवेश दिया जाएगा। प्रत्येक कक्षा में 35-35 छात्रों के दो सेक्शन संचालित होंगे। विद्यालय में कुल 490 छात्र अध्ययन कर सकेंगे। इस आवासीय विद्यालय में पढ़ाई करने वाले बच्चों को मुफ्त भोजन और आवास के अलावा किताब और ड्रेस भी उपलब्ध कराई जाएगी। कक्षा छह में छात्रों का नामांकन नवोदय विद्यालयों की तरह प्रवेश परीक्षा के माध्यम से मेरिट के आधार पर किया जाएगा। चयनित छात्रों की सूची जिलाधिकारी अनुमोदित करेंगे।

# आंधी में गिरे खंभे से टकराकर बाइक सवार की मौत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नोएडा।** फेज-2 कोतवाली क्षेत्र में गुरुवार देर रात आए तेज आंधी-तूफान ने एक युवक की जान ले ली। पंचशील बालक इंटर कॉलेज के पास सड़क किनारे गिरा बिजली का पोल बाइक सवार दो युवकों के लिए जानलेवा साबित हुआ। पोल से टकराने के बाद हादसे में गंभीर रूप से घायल हुए एक युवक की अस्पताल में उपचार के दौरान मौत हो गई। दूसरा युवक अभी भी अस्पताल में भर्ती है। पुलिस के अनुसार गुरुवार की रात करीब तीन बजे पीआरवी को सूचना मिली कि पंचशील बालक इंटर कॉलेज के पास एक बाइक सड़क किनारे टूटकर गिरे पोल से टकरा गई है। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और घायल अवस्था में पड़े बाइक सवार दोनों युवकों को तत्काल सेक्टर-137 स्थित निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया। डॉक्टरों ने उपचार शुरू किया, लेकिन गंभीर चोट लगने के कारण 22 वर्षीय विशाल कुमार को बचाया नहीं जा सका। उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई। मृतक विशाल कुमार मूलरूप से बरेली जिले के खातोला गांव का रहने वाला था। वह नोएडा के सेक्टर-141 स्थित एडवांट टावर में एक ओरल हेल्थ कंपनी में काम करता था। नौकरी के चलते वह भंगेल इलाके में किराये पर रह रहा था। पुलिस जांच में सामने आया कि विशाल ड्यूटी खत्म होने के बाद अपने एक दोस्त के साथ बाइक से घर लौट रहा था। इसी दौरान तेज आंधी के कारण सड़क किनारे लगा पोल टूटकर गिर गया, जिससे उसकी बाइक टकरा गई। हादसा इतना भीषण था कि दोनों युवक सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गए। विशाल की मौत की खबर मिलते ही उसके परिजनों में कोहराम मच गया। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पंचनामा भर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। फेज-2 कोतवाली पुलिस का कहना है कि प्रारंभिक जांच में हादसे की वजह तेज आंधी के चलते पोल का गिरना सामने आया है। दूसरे घायल युवक अनुराग ठाकुर का अस्पताल में उपचार जारी है और उसकी हालत पर नजर रखी जा रही है। वह सेक्टर-81 के जीतराम कॉलोनी में रह रहा है। पुलिस आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज भी खंगाल रही है, ताकि हादसे के सभी पहलुओं की जांच की जा सके। स्थानीय लोगों का कहना है कि आंधी के दौरान कई जगह पेड़ और बिजली के पोल गिरने की घटनाएं हुईं, जिससे देर रात सड़कों पर खतरा बढ़ गया था। कई गाड़ियां भी आंधी की चपेट में आने से क्षतिग्रस्त हुई हैं।

**कमजोर रखरखाव से हादसे हो रहे:** बाइक सवार युवक की मौत ने फिर से बिजली विभाग और स्थानीय प्रशासन की कार्यशैली पर सवाल खड़े कर दिए हैं। विशेषज्ञों का कहना है कि कमजोर रखरखाव, पुराने पोल, ढीली नींव और समय पर निरीक्षण न होना ऐसे हादसों की बड़ी वजह है। बिजली विभाग के पूर्व अधिकारियों के मुताबिक कई इलाकों में वर्षों पुराने सीमेंट और लोहे के पोल अब जर्जर हो चुके हैं। तेज आंधी या बारिश के दौरान ये पोल अपनी पकड़ खो देते हैं और सड़क पर गिर जाते हैं। कई बार निर्माण कार्य, सड़क चौड़ीकरण और खुदाई के कारण भी पोल की नींव कमजोर हो जाती है। इसके अलावा तारों पर अधिक भार और अवैध कनेक्शन भी पोल पर दबाव बढ़ाते हैं।

# गारमेंट फैक्ट्री की दो फैक्ट्री में भीषण आग

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नोएडा।** नोएडा के सेक्टर-63 स्थित डी-140 इगल बिजनेस कॉरपोरेशन और डी 139 शौर्य एकसपोर्ट नाम की गारमेंट फैक्ट्री में शनिवार दोपहर को भीषण आग लग गई। दमकल की एक-एक करके16 गाड़ियों को भेजा गया। करीब दो घंटे मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया गया। आग फैक्ट्री के ग्राउंड फ्लोर पर बने सेटबैक एरिया में लगी, जहां ऐसी में शॉट सर्किट हुआ। यही कंपनी का जनरेटर रखा था। इसी स्थान पर कंपनी ने गोदाम भी बना रखा था, जिसकी चपेट में आने से आग तेजी से फैल गई। इसी से ही दूसरी कंपनी में आग लग गई। दोनों ही कंपनियों में गारमेंट का काम होता है। इसलिए आग तेजी से फैली। फैक्ट्री में आग लगने की जानकारी मिलते ही वहां मौजूद कर्मचारी और अन्य लोग तुरंत बाहर निकल आए। राहत की बात यह रही कि आग में किसी के फंसे होने की सूचना नहीं है। हालांकि आग से फैक्ट्री में भारी नुकसान होने की आशंका जताई जा रही है। आग की चपेट में पास की एक अन्य कंपनी भी आ गई, जिससे इलाके में अफरा-तफरी का माहौल बन गया।

**दमकल की कई गाड़ियां मौके पर पहुंचीं:** बताया जा रहा है कि आग करीब पौने दो बजे लगी। फैक्ट्री के गार्ड ने घटना की सूचना पुलिस और दमकल विभाग को दी।

# किसान से मारपीट कर ट्रैक्टर में की तोड़फोड़

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**यमुना सिटी।** जेवर कोतवाली क्षेत्र के छोटी कानीगढ़ी गांव के एक किसान ने पड़ोसी गांव के रहने वाले चार लोगों पर मारपीट और ट्रैक्टर में तोड़फोड़ करने का आरोप लगाया है। पीड़ित की शिकायत पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज किया है। पुलिस मामले की जांच में जुटी है। पुलिस से मिली जानकारी के मुताबिक छोटी कानीगढ़ी गांव के रहने वाले विनाद ने शिकायत की। विनोद ने पुलिस को बताया कि गुरुवार को वह अपने बेटे के साथ ट्रैक्टर लेकर अपने खेत की जुताई करने के लिए गए थे। इसी बीच वहां पर बड़ी कानीगढ़ी गांव के रहने वाले सुरेश, सुंदर, भोले और नरेश खेत पर पहुंच गए।

इन लोगों ने खेत की जुताई करने से मना किया। पीड़ित ने विरोध जताया तो आरोपियों ने गाली गलौज की और मारपीट शुरू कर दी। इसी बीच ट्रैक्टर में भी तोड़फोड़ की गई। आरोपी धमकी देकर चले गए। कोतवाली प्रभारी का कहना है कि खेत को लेकर दोनों पक्षों के बीच विवाद चल रहा है। मामले की जांच कर आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।

## मोबाइल टावर पर चढ़ी युवती

**नोएडा।** नोएडा के सेक्टर-62 टोट मॉल रोड सी ब्लाक ग्रीन बेल्ट में लगे मोबाइल टावर पर युवती चढ़ गई। युवती की उम्र करीब 20 साल बताई जा रही है। युवती ने खुद ही डायल-112 नंबर पर फोन किया। मौके पर पहुंची पुलिस और दमकल विभाग की टीम पहुंची। पहले युवती से बातचीत की गई उसे समझाया गया उसके बाद उसे नीचे उतारा गया। युवती का मेडिकल परीक्षण कराया जा रहा है।

पुलिस ने बताया कि युवती का युवक के साथ प्रेम प्रसंग चल रहा था। युवती दो साल से युवक के साथ मामूरा गांव में रह रही थी। दोनों ही एक प्राइवेट कंपनी में जॉब करते है। हाल ही में युवक अपने गांव बिहार चला गया।

# नोएडा प्राधिकरण ने लॉन्च की बड़ी प्लॉट स्कीम

**इंडस्ट्री, अस्पताल, स्कूल और होटल के लिए जमीन आवंटित होगी, आवेदन 19 मई से**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नोएडा।** नोएडा प्राधिकरण ने एक साथ इंडस्ट्रियल, इंस्टीट्यूशनल और कमर्शियल श्रेणी की बड़ी स्कीम लॉन्च की है। इसके तहत इंडस्ट्री, अस्पताल, नर्सिंग होम, स्कूल, कॉरपोरेट ऑफिस और होटल के लिए प्लॉट आवंटित किए जाएंगे। इच्छुक आवेदक 19 मई से आवेदन कर सकेंगे।

प्राधिकरण के अनुसार, 9 जून शाम 5 बजे तक ईएमडी जमा की जाएगी, जबकि आवेदन करने की अंतिम तिथि 11 जून तय की गई है। इसके बाद ई-ऑक्शन और साक्षात्कार प्रक्रिया के जरिए प्लॉट आवंटित किए जाएंगे। रिजर्व प्राइज से अधिक बोली




लगाने वाले आवेदकों को प्लॉट आवंटित होंगे।।नोएडा प्राधिकरण ने इंडस्ट्रियल श्रेणी में कुल 19 प्लॉट की स्कीम निकाली है। इन प्लॉट्स पर मैन्युफैक्चरिंग और प्रोसेसिंग यूनिट स्थापित की जा सकेंगी।

ये प्लॉट सेक्टर-3, 6, 7, 9, 10, एचसी, 80, 162, 164, फेज-2 और सेक्टर-67 में स्थित हैं। प्लॉट का आकार 115 वर्गमीटर से लेकर 7997 वर्गमीटर तक है। इनका रिजर्व प्राइज करीब 65 लाख रुपए से लेकर 18 करोड़ रुपए तक रखा गया है।

**स्कूल, अस्पताल और नर्सिंग होम के लिए भी प्लॉट:** इंस्टीट्यूशनल श्रेणी में स्कूल, अस्पताल, नर्सिंग होम और कॉरपोरेट ऑफिस के लिए भी प्लॉट निकाले गए हैं।

स्कूल के लिए सेक्टर-19 में 18 हजार वर्गमीटर का प्लॉट रखा गया है, जिसका रिजर्व प्राइज 143 करोड़ रुपए है। वहीं सेक्टर-42 में करीब 5 हजार वर्गमीटर का दूसरा प्लॉट है, जिसकी कीमत करीब 21 करोड़ रुपए तय की गई है। इन दोनों प्लॉट्स का आवंटन साक्षात्कार के जरिए किया जाएगा।

अस्पताल के लिए सेक्टर-117 और सेक्टर-145 में 10-10 हजार वर्गमीटर के प्लॉट निकाले गए हैं। इनका आवंटन भी इंटरव्यू प्रक्रिया से होगा।

वहीं नर्सिंग होम के लिए सेक्टर-41 और सेक्टर-47 में 1-1 हजार वर्गमीटर के दो प्लॉट रखे गए हैं। इनका आवंटन ई-ऑक्शन के जरिए किया जाएगा।

**होटल और कमर्शियल प्रोजेक्ट के लिए भी अवसर:** नोएडा प्राधिकरण ने कमर्शियल बिल्डर प्लॉट स्कीम भी लॉन्च की है। इसमें बड़े होटल और कमर्शियल प्रोजेक्ट के लिए कई प्लॉट शामिल किए गए हैं।

20 हजार वर्गमीटर से बड़े तीन प्लॉट सेक्टर-18, 96 और 93बी में निकाले गए हैं। इनका क्षेत्रफल 29 हजार से 37 हजार वर्गमीटर तक है।

इसके अलावा 20 हजार वर्गमीटर से कम क्षेत्रफल वाले दो प्लॉट सेक्टर-18 और सेक्टर-94 में रखे गए हैं।

होटल निर्माण के लिए सेक्टर-71, 124 और 142 में तीन प्लॉट उपलब्ध कराए गए हैं। इनका क्षेत्रफल 7500 से 12570 वर्गमीटर तक है। इनका आवंटन ई-ऑक्शन के माध्यम से किया जाएगा।

**शाह टाइम्स**
आपके लोकप्रिय अखबार दैनिक शाह टाइम्स में विज्ञापन एवं समाचारों के लिए संपर्क करें।
**प्रवेश सिंह दतानियां**
जिला प्रभारी गौतमबुध नगर/खोड़ा
ए-37, सेक्टर-10, नोएडा, जनपद गौतमबुध नगर
9810967541, 8920145356
Email: parveshnoida@gmail.com
**खबरें छुपाता नहीं, छापता है**

# भ्रष्टाचार पर वार: एंटी करप्शन टीम ने लेखपाल को किया गिरफ्तार

## 13 हजार की रिश्वत लेते रंगे हाथ दबोचा गया लेखपाल, टीम की कार्रवाई से मचा हड़कंप

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** जनपद में भ्रष्टाचार के खिलाफ एंटी करप्शन टीम ने बड़ी कार्रवाई करते हुए एक लेखपाल को 13 हजार रुपये की रिश्वत लेते हुए रंगे हाथ गिरफ्तार कर लिया। मेरठ एंटी करप्शन टीम की इस कार्रवाई से नगर पालिका परिसर में हड़कंप मच गया। आरोपी लेखपाल एक पीड़ित से सरकारी कार्य कराने के बदले 16 हजार रुपये की रिश्वत मांग रहा था।

जानकारी के अनुसार पीड़ित व्यक्ति ने लेखपाल पर रिश्वत मांगने का आरोप लगाते हुए मेरठ एंटी करप्शन टीम से शिकायत की थी। शिकायत में बताया गया कि लेखपाल बिना रिश्वत लिए काम करने को तैयार नहीं था और लगातार पैसे की मांग कर रहा था। मामले को गंभीरता से लेते हुए एंटी करप्शन टीम ने जांच शुरू की और आरोपी को पकड़ने के लिए जाल बिछाया। बताया गया कि तय योजना के अनुसार शुक्रवार को पीड़ित नगर पालिका परिसर पहुंचा, जहां आरोपी लेखपाल ने उससे 13 हजार रुपये नकद लिए। जैसे ही रिश्वत की रकम लेखपाल के



हाथ में पहुंची, पहले से मौके पर मौजूद एंटी करप्शन टीम ने उसे रंगे हाथ पकड़ लिया। अचानक हुई कार्रवाई से परिसर में अफरा-तफरी का माहौल बन गया और मौके पर लोगों की भीड़ जुट गई। टीम आरोपी लेखपाल को हिरासत में लेकर नगर कोतवाली पहुंची, जहां उसके खिलाफ भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम के तहत मुकदमा दर्ज किया गया। पुलिस और एंटी करप्शन टीम आरोपी से पूछताछ कर रही है तथा मामले में आगे की कानूनी कार्रवाई की जा रही है।

# नरैना के जंगल में मिली युवक की लाश, पुलिस हर एंगल से जांच में जुटी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** थाना कपूरपुर क्षेत्र के ग्राम नरैना के जंगल में शनिवार सुबह एक व्यक्ति का शव मिलने से इलाके में सनसनी फैल गई। जंगल की ओर गए ग्रामीणों ने शव पड़े होने की सूचना पुलिस को दी, जिसके बाद मौके पर लोगों की भीड़ जुट गई। सूचना मिलते ही थाना कपूरपुर पुलिस मौके पर पहुंची और घटनास्थल का निरीक्षण करते हुए शव को कब्जे में ले लिया। पुलिस ने आसपास के लोगों से पूछताछ कर शव की शिनाख्त कराने का प्रयास किया। काफी देर बाद मृतक की पहचान ग्राम सालेपुर निवासी 35 वर्षीय जान मोहम्मद के रूप में हुई। पहचान होते ही परिजनों में कोहराम मच गया। सूचना मिलने पर परिवार के लोग भी मौके पर पहुंच गए।

जानकारी के अनुसार जान मोहम्मद शराब पीने का आदी था और अक्सर घर से बाहर रहता था। आशंका जताई जा रही है कि अत्यधिक शराब सेवन अथवा अन्य परिस्थितियों के चलते उसकी मौत हुई हो सकती है। हालांकि मौत के सही कारणों का पता पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही चल सकेगा। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। थाना प्रभारी का कहना है कि मामले की हर पहलू से जांच की जा रही है। घटनास्थल और आसपास के क्षेत्र से भी जानक. ारी जुटाई जा रही है ताकि मौत के कारणों का स्पष्ट पता लगाया जा सके।

# समाधान दिवस में डीएम एसपी ने अधिकारियों को जवाबदेही तय करने के निर्देश

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** जनपद की तीनों तहसीलों में शनिवार को आयोजित संपूर्ण समाधान दिवस में फरियादियों की भारी भीड़ उमड़ी। गढ़मुक्तेश्वर तहसील में जिलाधिकारी कविता मीना और पुलिस अधीक्षक कुंवर ज्ञानंजय सिंह की अध्यक्षता में समाधान दिवस आयोजित किया गया, जहां लोगों ने घरेलू हिंसा, जमीन विवाद, राजस्व और पुलिस संबंधी समस्याओं को अधिका. रियों के सामने रखा। अधिकारियों ने शिकायतों को गंभीरता से सुनते हुए संबंधित विभागों को त्वरित कार्रवाई के निर्देश दिए।

गढ़मुक्तेश्वर तहसील में कुल 58 शिकायतें प्राप्त हुईं, जिनमें से 6 शिकायतों का मौके पर ही निस्तारण कर दिया गया। जिला.



धिकारी कविता मीना ने कहा कि सरकार की मंशा है कि आमजन को अपनी समस्याओं के समाधान के लिए कार्यालयों के चक्कर न लगाने पड़ें। तहसील दिवस जनता और प्रशासन के बीच सीधा संवाद स्थापित करने का प्रभावी माध्यम है। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि जो भी शिकायतें प्राप्त हो रही हैं, उनका निस्तारण तय समय सीमा के भीतर प्राथमिकता के आधार पर किया जाए तथा पात्र लोगों को शासन की योजनाओं का लाभ पारदर्शिता के साथ उपलब्ध कराया जाए। इसी क्रम में धौलाना तहसील में आयोजित समाधान दिवस की अध्यक्षता उप जिला. धिकारी द्वारा की गई। यहां कुल 30 शिकायतें प्राप्त हुईं, जिनमें से 4 शिकायतों का मौके पर ही समाधान कराया गया। वहीं तहसील हापुड़ में कुल 46 शिकायतें दर्ज की गईं, जिनमें से 5 शिकायतों का निस्तारण कर दिया गया। अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए गए हैं कि शिकायतों के निस्तारण में किसी प्रकार की लापरवाही नहीं होनी चाहिए। तहसील दिवस केवल औपचारिकता नहीं, बल्कि जनता को न्याय दिलाने का प्रभावी मंच है। साथ ही यह भी सुनिश्चित किया जाए कि शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचे।

# अमावस्या पर ब्रजघाट में उमड़ा आस्था का सैलाब

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गढ़मुक्तेश्वर।** ज्येष्ठ अमावस्या, शनिश्चरी अमावस्या और वट अमावस्या के अवसर पर शनिवार को ब्रजघाट और गंगाघाट पर श्रद्धालुओं का जनसैलाब उमड़ पड़ा। सुबह से ही हजारों श्रद्धालु गंगा स्नान और पूजा-अर्चना के लिए घाटों पर पहुंचने लगे। श्रद्धालुओं की भारी भीड़ को देखते हुए जिला प्रशासन और पुलिस पूरी तरह अलर्ट मोड पर नजर आए। जिलाधिकारी कविता मीना और पुलिस अधीक्षक कुंवर ज्ञानंजय सिंह ने ब्रजघाट एवं गंगाघाट पहुंचकर सुरक्षा व्यवस्था और कानून व्यवस्था का जायजा लिया। अधिकारियों ने घाटों पर तैनात पुलिस बल, बैरिकेडिंग, पार्किंग व्यवस्था, सीसीटीवी निगरानी, गोताखोरों और यातायात



प्रबंधन का निरीक्षण किया।

डीएम कविता मीना ने मेला क्षेत्र में साफ-सफाई, पेयजल, प्रकाश व्यवस्था और स्वास्थ्य सेवाओं की स्थिति का भी निरीक्षण किया। उन्होंने अधिकारियों से कहा कि श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की असुविधा नहीं होनी चाहिए। श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए घाटों पर कंट्रोल रूम, हेल्प डेस्क और अनाउंसमेंट सिस्टम भी सक्रिय रखा गया। डीएम कविता मीना ने कहा आज अमावस्या पर्व पर बड़ी संख्या में श्रद्धालु ब्रजघाट पहुंच रहे हैं। श्रद्धालुओं की सुरक्षा और सुविधा को प्राथमिकता देते हुए सभी विभागों को अलर्ट मोड पर रखा गया है। प्रशासन पूरी मुस्तैदी के साथ कार्य कर रहा है। एसपी कुंवर ज्ञानंजय सिंह ने कहा ब्रजघाट और गंगाघाट क्षेत्र में व्यापक सुरक्षा व्यवस्था की गई है। श्रद्धालुओं से अपील है कि प्रशासन द्वारा जारी दिशा-निर्देशों का पालन करें और सहयोग बनाए रखें।

# ब्रेनवेव्स इंटरनेशनल स्कूल में निवेशित पदग्रहण समारोह का भव्य आयोजन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** ब्रेनवेव्स इंटरनेशनल स्कूल में शनिवार को निवेशित पदग्रहण समारोह बड़े ही उत्साह, अनुशासन और गरिमामय वातावरण के बीच आयोजित किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों में नेतृत्व क्षमता, जिम्मेदारी, अनुशासन और टीम भावना का विकास करना रहा। समारोह में विद्यार्थियों के आत्मविश्वास और नेतृत्व कौशल ने सभी का ध्यान आकर्षित किया।

कार्यक्रम का शुभारंभ विद्यालय के मैनेजर वैभव गोयल द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया गया। इसके बाद विद्यालय के विद्यार्थियों ने आकर्षक मार्च-पास्ट प्रस्तुत किया। समारोह के दौरान पूर्व हाउस कैप्टनों और छात्र परिषद सदस्यों ने नव निर्वाचित छात्र परिषद को



औपचारिक रूप से जिम्मेदारियां सौंपी। इस अवसर पर विद्यालय में नेतृत्व की परंपरा को आगे बढ़ाते हुए नए छात्र नेताओं ने विद्यालय की गरिमा बनाए रखने और अपने कर्तव्यों का ईमानदारी एवं निष्ठा के साथ निर्वहन करने की शपथ ली। विद्यालय प्रबंधन द्वारा अभिज्ञान सिंह को हेड बॉय और आराध्या चौधरी को हेड गर्ल घोषित किया गया। कार्यक्रम में विद्यालय के शिक्षकगण, अभिभावक एवं छात्र-छात्राएं बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। विद्यालय चेयरमेन वैभव गोयल ने बताया निवेशित पदग्रहण समारोह केवल एक औपचारिक कार्यक्रम नहीं है, बल्कि यह विद्यार्थियों में नेतृत्व, अनुशासन और जिम्मेदारी की भावना विकसित करने का महत्वपूर्ण अवसर होता है। ब्रेनवेव्स इंटरनेशनल स्कूल हमेशा शिक्षा के साथ-साथ व्यक्तित्व विकास और नैतिक मूल्यों को प्राथमिकता देता रहेगा।

# महीने के वो पांच दिन' अभियान बना किशोरियों के लिए जागरूकता की मिसाल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** किशोरियों को माहवारी स्वच्छता और स्वास्थ्य के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से सस्टेनेबल डेवलपमेंट सोसाइटी संदेश द्वारा चलाया गया 'महीने के वो पांच दिन' अभियान जनपद में सफलतापूर्वक संपन्न हो गया। अभियान के तहत हापुड़, पिलखुवा और धौलाना क्षेत्र के 18 इंटर कॉलेजों में पहुंचकर कुल 8742 छात्राओं को मासिक धर्म से जुड़ी स्वच्छता, पोषण, स्वास्थ्य और मानसिक संतुलन के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई।

अभियान का शुभारंभ सर्वोदय इंटर कॉलेज, पिलखुवा में संस्था की सचिव डा. पूनम सिंह परिहार और सहायक प्रबंधक राहुल



सक्सेना ने दीप प्रज्वलित कर किया। कार्यक्रम के दौरान किशो. रियों को बताया गया कि मासिक धर्म एक प्राकृतिक प्रक्रिया है और इससे जुड़ी भ्रांतियों तथा झिझक को दूर करना बेहद जरूरी है। अभियान को सफल बनाने में 20 शिक्षिकाओं और संस्था के 14 स्वयंसेवकों ने सक्रिय भूमिका निभाई। कार्यक्रम शुरू होने से पहले शिक्षिकाओं को विशेष प्रशिक्षण दिया गया था, ताकि वे छात्राओं तक सही और तथ्यात्मक जानकारी प्रभावी तरीके से पहुंचा सकें। अभियान के समापन पर विद्यालयों के शिक्षकों और छात्राओं ने इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे कार्यक्रम समाज में जागरूकता बढ़ाने और किशोरियों में आत्मविश्वास विकसित करने में अहम भूमिका निभाते हैं।

# एसएसपी ने खिलाड़ियों के प्रदर्शन की सराहना की, किया पुरस्कृत

eFkqjkA खेल प्रतियोगिताओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले पुलिसकर्मियों और टीमों को एसएसपी श्लोक कुमार ने नकद पुरस्कार देकर सम्मानित किया। मथुरा के पुलिसकर्मियों ने तृतीय अंतर जनपदीय प्रतियोगिता आगरा जोन आगरा की जनपद हाथरस में मथुरा की टीम द्वारा वेटलिफ्टिंग पावरलिफ्टिंग में महिला वर्ग द्वारा चल वैजयंती प्राप्त की वहीं पुरुष वर्ग में वेट लिफ्टिंग मैं प्रथम स्थान प्राप्त कर चल वैजयंती प्राप्त की। वहीं मेरठ में आयोजित उत्तर प्रदेश पुलिस बॉडीबिल्डिंग प्रतियोगिता में आगरा जोन आगरा की टीम की तरफ से जनपद मथुरा के खिलाड़ियों द्वारा उत्कृष्ट प्रदर्शन किया गया जिसमें आगरा जॉन आगरा की टीम उपविजेता रही और चल वैजयंती प्राप्त की। इसी प्रकार मेरठ में ही आयोजित वेट लिफ्टिंग और पावरलिफ्टिंग में महिला वर्ग और पुरुष वर्ग में आगरा जोन आगरा की टीम द्वारा प्रथम स्थान प्राप्त कर चल वैजयंती प्राप्त की और जिसमें जनपद मथुरा के खिलाड़ियों द्वारा उत्कृष्ट प्रदर्शन किया गया।

# महिला की मौत के बाद अस्पताल में फूटा परिजनों का गुस्सा, लापरवाही के आरोप

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गढ़मुक्तेश्वर।** गढ़ कोतवाली क्षेत्र स्थित एक निजी अस्पताल में उपचार के दौरान महिला की मौत हो जाने पर परिजनों का गुस्सा फूट पड़ा। आक्रोशित परिजनों ने अस्पताल परिसर में जमकर हंगामा करते हुए डॉक्टरों और अस्पताल स्टाफ पर लापरवाही का आरोप लगाया। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और किसी तरह लोगों को शांत कराया। घटना के बाद अस्पताल परिसर में अफरा-तफरी का माहौल बना रहा। बताया गया है कि क्षेत्र निवासी एक महिला को तबीयत बिगड़ने पर परिजन उपचार के लिए निजी अस्पताल लेकर पहुंचे थे। आरोप है कि अस्पताल में काफी देर तक महिला का सही तरीके से उपचार



नहीं किया गया और हालत गंभीर होने के बावजूद डाक्टरों ने लाप. रवाही बरती। परिजनों का कहना है कि उपचार के दौरान अचानक महिला की तबीयत अधिक बिगड़ गई, जिसके बाद डाक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। महिला की मौत की सूचना मिलते ही परिजन और आसपास के लोग अस्पताल पहुंच गए। गुस्साए परिजनों ने डाक्टरों पर लापरवाही का आरोप लगाते हुए अस्पताल में हंगामा शुरू कर दिया। हंगामे की सूचना पर गढ़ कोतवाली पुलिस मौके पर पहुंची और परिजनों को समझाने का प्रयास किया। पुलिस ने मामले की जानकारी लेते हुए दोनों पक्षों से बात. चीत की। थाना प्रभारी का कहना है कि मामले में परि. जनों द्वारा लगाए गए आरोपों की जांच की जा रही है और तहरीर मिलने के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

## एक नजर

### शनि जयंती पर बन रहा दुर्लभ महासंयोग, वट सावित्री व्रत के साथ हजार गुना बढ़ेगा पूजन-दान का पुण्यफल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** इस वर्ष शनि जयंती और वट सावित्री व्रत 16 मई को अत्यंत शुभ और दुर्लभ संयोग में मनाया जाएगा। ज्येष्ठ अमावस्या पर शनिवार, सौभाग्य योग और शोभन योग का विशेष मेल बनने से यह दिन धार्मिक दृष्टि से अत्यंत फलदायी माना जा रहा है। भारतीय ज्योतिष कर्मकांड महासभा के अध्यक्ष ज्योतिर्विद पंडित के सी पाण्डेय काशी वाले ने बताया कि इस दिन व्रत, पूजन, दान और शनि उपासना करने से सामान्य दिनों की अपेक्षा हजार गुना अधिक पुण्यफल प्राप्त होगा।



उन्होंने बताया कि धर्मग्रंथों में भी इस संयोग का विशेष महत्व बताया गया है। उन्होंने बताया कि अमावस्या तिथि प्रातः 5:11 बजे से देर रात्रि 1:30 बजे तक रहेगी। शनि पूजन के लिए अभिजीत मुहूर्त सुबह 11:48 बजे से दोपहर 12:42 बजे तक विशेष शुभ रहेगा। वहीं प्रदोष काल में भी पूजा-अर्चना का विशेष महत्व रहेगा। पंडित पाण्डेय के अनुसार इस दिन शनिदेव को सरसों का तेल, काला वस्त्र, उड़द, काला तिल, नीले पुष्प एवं उड़द से बने पदार्थ अर्पित करने चाहिए। साथ ही सरसों के तेल का दीपक जलाकर गरीबों को भोजन, वस्त्र और दान देने से शनिदेव प्रसन्न होते हैं। पंडित पाण्डेय ने पद्म पुराण का उल्लेख करते हुए बताया कि वट वृक्ष में त्रिदेवों का वास माना गया है। अर्थात वट वृक्ष की जड़ में ब्रह्मा, तने में भगवान विष्णु और शाखाओं में भगवान शिव का निवास होता है। इसलिए वट सावित्री पूजन वट वृक्ष के समीप जाकर ही करना चाहिए। उन्होंने कहा कि वृक्ष की शाखा या टहनी तोड़कर घर लाना शास्त्रों में वर्जित माना गया है। उन्होंने बताया कि विधिवत पूजन के बाद स्कंद पुराण में वर्णित सावित्री-सत्यवान कथा का श्रवण एवं आरती करने से अखंड सौभाग्य, पति की दीर्घायु और परिवार में सुख-समृद्धि का आशीर्वाद प्राप्त होता है।

### चोरी का ट्रैक्टर बरामद

**स्योहारा।** चोरी का ट्रैक्टर बरामद कर पुलिस ने एक शातिर आरोपी को गिरफ्तार किया है। स्योहारा क्षेत्र से कुछ समय पूर्व एक ट्रैक्टर चोरी होने की सूचना पुलिस को प्राप्त हुई थी। मामले को गंभीरता से लेते हुए थाना स्योहारा पुलिस ने तत्काल जांच शुरू की और विभिन्न स्थानों पर लगातार दबिश दी। पुलिस टीम ने सूझबूझ एवं मुखबिर की सटीक सूचना के आधार पर कार्रवाई करते हुए चोरी किए गए सोनालिका कंपनी के नीले रंग के ट्रैक्टर व पीले रंग की ट्रॉली सहित एक आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार आरोपी की पहचान मौहम्मद इदरीश पुत्र अली मौहम्मद निवासी ग्राम मासूमपुर, थाना डिलारी, जनपद मुरादाबाद के रूप में हुई है।

# भाजपा प्रशिक्षण वर्ग में गूंजा राष्ट्रसेवा का मंत्र, अरुण सिंह ने कार्यकर्ताओं में भरा जोश

शाह टाइम्स संवाददाता

मथुरा। भारतीय जनता पार्टी जिलामहानगर द्वारा दो दिवसीय 'जिला प्रशिक्षण वर्ग' शुक्रवार को के एम यूनिवर्सिटी, पाली डूंगरा में भारतीय जनता पार्टी राष्ट्रीय महांत्री एवं राज्यसभा सांसद अरुण सिंह जी ने राज्यसभा सांसद तेजवीर सिंह, जिला पंचायत अध्यक्ष किशन सिंह चौधरी, जिला महानगर अध्यक्ष हरिशंकर राजू यादव, महापौर विनोद अग्रवाल, विधायक मेघश्याम सिंह, ठाकुर एमएलसी ओम प्रकाश सिंह के साथ पंडित दीनदयाल उपाध्यायजी श्याम प्रसाद मुखर्जी दीप प्रज्वलित व फीता काटकर किया।

प्रथम सत्र के मुख्य वक्ता



राष्ट्रीय महामंत्री अरुण सिंह कहा कि भारतीय जनता पार्टी केवल एक राजनीतिक दल नहीं, बल्कि राष्ट्रसेवा का एक सशक्त माध्यम है। उन्होंने कार्यकर्ताओं से संगठन की रीति-नीति एवं विचारधारा को जन-जन तक पहुंचाने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि प्रशिक्षण वर्ग कार्यकर्ताओं को वैचारिक रूप से मजबूत बनाने के साथ-साथ संगठनात्मक कार्यों में दक्षता प्रदान करता है। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं का उल्लेख करते हुए कहा कि भाजपा सरकार सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास और सबका प्रयास की भावना के साथ कार्य कर रही है। उन्होंने कार्यकर्ताओं से आगामी चुनावों एवं संगठनात्मक कार्यक्रमों में पूरी निष्ठा और समर्पण के साथ जुटने का आह्वान किया। वहीं उन्होंने कहा राष्ट्रीय महामंत्री अरुण सिंहजी ने कहा कि वर्ष 2016 में उरी में हुए आतंकी हमले के बाद भारत ने सर्जिकल स्ट्राइक कर दुनिया को अपनी शक्ति का परिचय दिया। इसके बाद वर्ष 2019 में पुलवामा हमले के पश्चात एयर स्ट्राइक कर आतंकवाद के विरुद्ध भारत की दृढ़ इच्छाशक्ति को प्रदर्शित किया गया।

उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत ने आतंकवाद और नक्सलवाद के खिलाफ निर्णायक लड़ाई लड़ी है। गृह मंत्री अमित शाह ने संकल्प लिया है कि वर्ष 2026 तक देश से नक्सलवाद का पूर्ण रूप से समापन कर दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार राष्ट्रहित, सुरक्षा और विकास के संकल्प के साथ निरंतर कार्य कर रही। वर्ग प्रभारी यादवेंद्र प्रताप सिंह ने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि प्रशिक्षण वर्ग संगठन की रीढ़ होता है। इससे कार्यकर्ताओं को पार्टी की विचारधारा, संगठनात्मक कार्यशैली एवं राष्ट्र निर्माण के संकल्प को समझने का अवसर मिलता है। उन्होंने कहा कि भारतीय जनता पार्टी केवल एक राजनीतिक दल नहीं, बल्कि राष्ट्र सेवा का माध्यम है, जहां प्रत्येक कार्यकर्ता अनुशासन, समर्पण और सेवा भाव के साथ कार्य करता है। उन्होंने कहा कि प्रशिक्षण वर्ग से प्राप्त ज्ञान और अनुभव को कार्यकर्ता अपने-अपने क्षेत्रों में ले जाकर संगठन विस्तार में योगदान दें। उन्होंने सभी पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं से आगामी कार्यक्रमों को पूरी ऊर्जा और समर्पण के साथ सफल बनाने का आह्वान किया।

# सरधना तहसील दिवस में हंगामा, ईओ के 'दलाल' वाले बयान पर भड़के किसान

**नगर की समस्याओं के लिए अधिकारियों से मिलने पहुंचे थे संगठन के लोग, घंटों चला हंगामा, वीडियो वायरल**



सरधना तहसील में पहुंचे किसान यूनियन और ईओ के बीच होती बहस।

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**सरधना।** सरधना तहसील में आयोजित तहसील दिवस मंगलवार को उस समय हंगामे में बदल गया, जब किसान यूनियन अराजनैतिक के जिलाध्यक्ष मेरठ कालू प्रधान के नेतृत्व में पहुंचे किसानों और ईओ सरधना के बीच तीखी बहस हो गई। किसानों का आरोप है कि ज्ञापन देने के दौरान ईओ ने किसान नेताओं के लिए अभद्र भाषा का प्रयोग करते हुए उन्हें 'दलाल' कहा, जिसके बाद मौके पर माहौल गरमा गया।

बताया गया कि किसान यूनियन के पदाधिकारी और कार्यकर्ता क्षेत्र की विभिन्न समस्याओं को लेकर तहसील दिवस में पहुंचे थे। किसान नगर पालिका से जुड़ी शिकायतों और लंबित मामलों को लेकर अधिकारियों को ज्ञापन सौंपना चाहते थे। इसी दौरान बातचीत के बीच कहासुनी शुरू हो गई। आरोप है कि बहस बढ़ने पर ईओ ने किसान नेताओं से कहा, तुम जैसे दलालों से दबाव में नहीं आएंगे, जहां मर्जी ट्रांसफर करा दो, ईओ ही रहेंगे।' ईओ के इस बयान के बाद मौके पर मौजूद किसानों में भारी नाराजगी फैल गई। किसान नेताओं ने इसे किसानों और संगठन का अपमान बताते हुए विरोध शुरू कर दिया। देखते ही देखते तहसील परिसर में नारेबाजी शुरू हो गई और बड़ी संख्या में किसान वहीं धरने पर बैठ गए। किसानों ने ईओ के खिलाफ कार्रवाई की मांग करते हुए जमकर हंगामा किया। मौके पर मौजूद कई लोगों ने पूरे घटनाक्रम की वीडियो अपने मोबाइल फोन में रिकॉर्ड कर ली, जो अब सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रही है। वायरल वीडियो को लेकर क्षेत्र में चर्चा का माहौल बना हुआ है। वीडियो सामने आने के बाद किसान संगठन के कार्यकर्ताओं में भी रोष बढ़ गया। धरने और हंगामे की सूचना मिलते ही प्रशासनिक अधिकारियों में हलचल मच गई। कुछ ही देर में एडीएम और तहसीलदार मौके पर पहुंचे और किसानों को समझाने का प्रयास किया। अधिकारियों ने किसान नेताओं से वार्ता कर पूरे मामले की निष्पक्ष जांच कराने और उचित कार्रवाई का आश्वासन दिया। काफी देर चली बातचीत और आश्वासन के बाद किसान शांत हुए और धरना समाप्त किया। किसान नेताओं ने चेतावनी दी कि यदि मामले में कार्रवाई नहीं हुई तो आंदोलन को और बड़ा किया जाएगा। उनका कहना था कि किसानों और किसान नेताओं का अपमान किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। धरना-प्रदर्शन के दौरान अमित छाबड़िया, जिला संगठन मंत्री मेरठ, जोनी त्यागी, अतुल त्यागी, अम्बुज त्यागी, जगमाल सिंह, श्रीपाल, भूरा, संजीव सिंह, राजू, सचिन चौधरी, सोकिन, सेलू सिंह, आकाश कुमार, रामधन शर्मा, बंटी सिंह समेत बड़ी संख्या में किसान और संगठन कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# बिजली कटौती और आग की घटनाओं पर फूटा व्यापारियों का गुस्सा, एडीएम को सौंपा ज्ञापन



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**सरधना।** भीषण गर्मी के बीच लगातार हो रही बिजली कटौती और नगर में बढ़ती आग की घटनाओं को लेकर पश्चिम उत्तर प्रदेश संयुक्त व्यापार मंडल के पदाधिकारियों ने तहसील दिवस में एडीएम को ज्ञापन सौंपकर विभिन्न समस्याओं के समाधान की मांग उठाई। व्यापारियों ने कहा कि बिजली व्यवस्था चरमराने से कारोबार और आम जनजीवन दोनों प्रभावित हो रहे हैं।

व्यापार मंडल के अध्यक्ष वीरेंद्र चौधरी ने कहा कि नगर में अघोषित बिजली कटौती से व्यापारी वर्ग बेहद परेशान है। तेज गर्मी के मौसम में घंटों बिजली गायब रहने से दुक. ानदारों के साथ आम लोगों को भी भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। उन्होंने नगर में कम से कम 20 घंटे नियमित बिजली आपूर्ति सुनिश्चित कराने की मांग की।

व्यापारियों ने हाल के दिनों में नगर में हुई आगजनी की घटनाओं का मुद्दा भी उठाया। उनका कहना था कि सरधना जैसे बड़े कस्बे में अब तक फायर स्टेशन की व्यवस्था न होना चिंता का विषय है। उन्होंने मांग की कि नगर में स्थायी फायर स्टेशन स्थापित किया जाए और फिलहाल रात्रि के समय फायर ब्रिगेड की गाड़ी तैनात की जाए, ताकि आग लगने की स्थिति में समय रहते राहत कार्य किया जा सके।

ज्ञापन में नगर की अन्य समस्याओं को भी प्रमुखता से रखा गया। व्यापारियों ने खराब पड़े वाटर कूलरों को ठीक कराने, जर्जर सड़कों की मरम्मत कराने तथा देवी मंदिर पुलिया की एप्रोच रोड का निर्माण कराने की मांग की। साथ ही मोहल्ला देवीगंज में मुख्य सड़क पर रोजाना होने वाले जलभराव को गंभीर समस्या बताते हुए तत्काल समाधान की मांग उठाई। व्यापारियों ने कहा कि गंदा पानी भरे रहने से क्षेत्र का व्यापार प्रभावित हो रहा है और स्कूली बच्चों व राहगीरों को भी भारी परेशानी झेलनी पड़ रही है। ज्ञापन देने वालों में वीरेंद्र चौधरी, ललित गुप्ता, ब्रजमोहन शर्मा, एडवोकेट जियाउर रहमान, इरफान जावेद सिद्दीकी, दीपक जैन, काव्य बंसल, रक्षित गर्ग सहित अनेक व्यापारी मौजूद रहे।

# सेंट जेम्स स्कूल के छात्रों ने कराटे और क्रिएटिव राइटिंग में दिखाया हुनर

**विजेताओं को ट्रॉफी एवं मेडल देकर किया गया सम्मानित**




**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** कंकरखेड़ा स्थित सेंट जेम्स सीनियर सेकेंडरी स्कूल में शनिवार को ASISC जोनल स्तरीय क्रिएटिव राइटिंग प्रतियोगिता एवं CISCE कराटे चैंपियनशिप 2026 का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ विद्यालय के प्रधानाचार्य डॉ. नवीन सिंह ने प्रार्थना के साथ किया। इस अवसर पर मुख्य अध्यापिका अर्पणा सिंह ने निर्णायक मंडल का स्वागत किया। क्रिएटिव राइटिंग प्रतियोगिता में मेरठ, बागपत, शामली व खतौली के विभिन्न विद्यालयों के छात्र-छात्राओं ने भाग लेकर अपनी लेखन प्रतिभा का प्रदर्शन किया।

वहीं कराटे चैंपियनशिप में अंडर-14, अंडर-17 एवं अंडर-19 वर्ग के प्रतिभागियों ने शानदार मुकाबले प्रस्तुत किए। प्रतियोगिता के अंत में विजेताओं को ट्रॉफी एवं मेडल देकर सम्मानित किया गया। सब-जूनियर वर्ग में प्रसून चौधरी प्रथम, जूनियर वर्ग में इशु विश्वकर्मा प्रथम तथा सीनियर वर्ग में अनुभव कुमार मृदुल प्रथम रहे। कराटे प्रतियोगिता में सेंट जेम्स सीनियर सेकेंडरी स्कूल ने पहला स्थान प्राप्त किया, जबकि सेंट पैट्रिक एवं सेंट फ्रांसिस संयुक्त रूप से दूसरे स्थान पर रहे। प्रधानाचार्य डॉ. नवीन सिंह ने कहा कि इस प्रकार की प्रतियोगिताएं विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं।

# सैंट्रल बैंक ऑफ इण्डिया ने परतापुर औद्योगिक क्षेत्र में एमएसएमई आउटरीच बैठक का किया आयोजन






**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** शनिवार को सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया, मेरठ क्षेत्रीय कार्यालय, मेरठ ने उद्योग मंदिर, परतापुर औद्योगिक क्षेत्र मेरठ में एक एमएसएमई आउटरीच कार्यक्रम का आयोजन किया। इस कार्यक्रम में पीआईईएमए, मेरठ के अध्यक्ष निपुण जैन (प्रबंधक) नितिन कपूर (सचिव) मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहें। इस बैठक में सर्वप्रथम सैंट्रल बैंक ऑफ इण्डिया क्षेत्रीय प्रबंधक अनिल राणा ने मुख्य अतिथि निपुण जैन, एवं नितिन कपूर को बुके देकर सम्मानित किया। इस बैठक में मेरठ जोन के औधोगिक घरानों के सीईओ ने सैकड़ों की संख्या में भाग लिया तथा एमएसएमई सैक्टर में औद्योगिक कारोबार को बढ़ावा देने हेतु सैंट्रल बैंक ऑफ इण्डिया की अनेको ऋण स्कीमें जैसे सेंट बिजनेस लोन, सेंट जीएसटी, सेंट होटल इण्डस्ट्रीज और सेंट संजीवनी (चिकित्सा संबंधी) उपस्थित बैंक अधिकारियों ने डिजिटल जानका. रियों सहित जाना। इस कार्यक्रम में मंच के माध्यम से सैन्ट्रल बैंक ऑफ इण्डिया क्षेत्रीय प्रबंधक अनिल राणा ने अपने संबोधन में कहा मेरठ महानगर में अब बेहतर रोड कनेक्टविटी व दिल्ली के नजदीक होने पर औधोगिक क्षेत्र में नई संजीवनी मिलेगी। अब सैन्ट्रल बैंक ऑफ इण्डिया करोड़ों रूपये के लोन को कम समय में व्यापारियों के खातों में भेज रहा है, ताकि वह अपने औधोगिक परिक्षेत्र में बेहतर कर सके। कार्यक्रम में उपस्थित पीआईईएमए,मेरठ के अध्यक्ष निपुण जैन (प्रबंधक) ने कहा कि अब हम नये में प्रवेश कर गये है अब मेरठ के व्यपारियों के पास सरकार की महत्वकांक्षी योजनाएं दिल्ली से मेरठ के लिए चल रही रैपिड, चार हाइवें व एक गंगा एक्सप्रेस-वे मार्ग है जिससे मेरठ के खेल उधोग, हैण्डलूम सैक्टर व ज्वैलरी कारोबार में मेरठ से पूरब के जिलों में भी भेज रहें है। इसमें बैंक का भी सहयोग हमें प्राप्त हो रहा है, हम चाहते है कि बैंक और मेरठ के व्यापारी भी एक दूसरे के पूरक बनें। बैठक के अंत में व्यापरियों और सम्मानित बैंक कर्मचारियों व सहयोगियों का आभार व्यक्त किया।

## चोरी की मोटरसाइकिल के साथ आरोपी गिरफ्तार



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**जानी खुर्द।** गाजियाबाद थाना क्षेत्र के बापूधाम से अतुल कुमार नाम की एक साल पहले रॉयल एनफील्ड बाइक चोरी हो गई जिसकी रिपोर्ट जानी थाना में दर्ज कराई गई थी। शनिवार को सुभारती गेट नंबर चार के पास पुलिस चेकिंग कर रही थी तभी एक व्यक्ति रॉयल एनफील्ड पर आता दिखाई दिया जब गाड़ी की कागजों की तलाशी की तो वह गाड़ी चोरी की निकली जो पिछले एक साल पहले अतुल कुमार नाम की व्यक्ति की चोरी हुई थी। पुलिस ने चेचिस नंबर से उसका मिलान किया तो अतुल कुमार नाम व्यक्ति के नाम से बुलेट के कागज पाए गए जो एक साल पहले चोरी हो गई थी। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। आरोही की पहचान सुल्तान उर्फ मोटा पुत्र इरफान निवासी सिवालखास के रूप में हुई आरोपी को चालान कर जेल भेज दिया।

# सिटी वोकेशनल पब्लिक स्कूल के विद्यार्थियों ने किया संसद भवन का शैक्षिक भ्रमण

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** कैंट स्थित सिटी वोकेशनल पब्लिक स्कूल के कक्षा 9 से 12 तक के विद्यार्थियों ने नई दिल्ली स्थित संसद भवन का शैक्षिक भ्रमण किया। इस अवसर पर विद्यार्थियों को भारत की लोकतांत्रिक व्यवस्था के प्रमुख केंद्र को निकट से देखने और उसकी कार्यप्रणाली को समझने का अवसर प्राप्त हुआ। भ्रमण के दौरान विद्यार्थियों ने लोकसभा एवं राज्यसभा का अवलोकन किया तथा संसद की कार्यप्रणाली संबंधी महत्वपूर्ण जानकारियां प्राप्त कीं। साथ ही विद्यार्थियों ने पार्लियामेंट म्यूजियम का भी भ्रमण किया, जहां उन्हें भारतीय संसदीय इतिहास एवं लोकतांत्रिक परंपराओं से जुड़ी अनेक रोचक जानकारियां मिलीं। यह शैक्षिक यात्रा विद्यार्थियों के लिए ज्ञानवर्धक, प्रेरणादायक एवं अत्यंत आनंददायक रही। विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता करते हुए नई-नई जानकारियां अर्जित कीं। विद्यालय निदेशिका डॉ. हिमानी अग्रवाल, प्रधानाचार्य एन.पी. सिंह एवं उप प्रधानाचार्या मीनू कपूर के कुशल मार्गदर्शन में आयोजित इस शैक्षिक भ्रमण में शिक्षिका ध्वनि जैन एवं चांदनी ने विद्यार्थियों का मार्गदर्शन किया।



## तीसरे विश्व युद्ध की शांति के लिए बाबा श्याम के किए दर्शन



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**परीक्षितगढ़।** नगर के श्याम प्रेमियों ने खाटूश्यामजी में जाकर बाबा श्याम के दर्शन करके भारत व दुनिया में शांति की अपील की। नगर से एक बस शुक्रवार की शाम रवाना हुई जो पहले झूझूनू में रानी सती के मंदिर पहुंची जहां पाण्डव कुल की सती हुई रानियों की पूजा अर्चना की। इसके बाद सिद्धपीठ सालासर बाला. जी महाराज के दर्शन किए। इसके बाद खाटूश्यामजी पहुंचे तथा कलियुग के भगवान हारे के सहारे बाबा श्याम का सामूहिक दर्शन कर बाबा से दुनिया में हो रहे तीसरे विश्व युद्ध को शांत करने की अपील की। इस मौके ग्रामीण अंचलीय पत्रकार एसोसिएशन के वरिष्ठ राष्ट्रीय उपाध्यक्ष मुनेंद्र त्यागी, संजय शर्मा, गजेन्द्र गुर्जर, राम शर्मा, शौर्य करणवाल, आर्यवीर सिंह, चौधरी अंतरसिंह, वीरेंद्र प्रधान, कपिल नागर, कपिल ठाकुर, मोहित, अर्जुन त्यागी, डा. अनुज, दक्ष, दीक्षित शर्मा, अंकुश बसोया, आकाश गुप्ता सहित दर्जनों श्याम भक्त मौजूद रहे।

# ऑल सेंट्स स्कूल में सीआईएससीई जोनल थ्रोबॉल चैंपियनशिप का भव्य आयोजन



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** सीआईएससीई जोनल थ्रोबॉल चैंपियनशिप का आयोजन ऑल सेंट्स स्कूल में बड़े उत्साह एवं खेल भावना के साथ किया गया। प्रतियोगिता का शुभारंभ प्रात: 7:40 बजे डॉ. डी. ऑगस्टीन द्वारा किया गया। उन्होंने खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन करते हुए खेलों के महत्व पर प्रकाश डाला और प्रतियोगिता का विधिवत उद्घाटन किया। प्रतियोगिता में विभिन्न विद्यालयों की टीमों ने शानदार प्रदर्शन कर दर्शकों का मन मोह लिया। अंडर-19 वर्ग में ऑल सेंट्स स्कूल ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। द्वितीय स्थान सेंट थॉमस स्कूल, मेरठ तथा तृतीय स्थान सोफिया गर्ल्स स्कूल को प्राप्त हुआ। अंडर-17 वर्ग में सेंट फ्रांसिस स्कूल, मेरठ ने प्रथम स्थान प्राप्त किया, जबकि द्वितीय स्थान ऑयल चेंज स्कूल एवं तृतीय स्थान सोफिया गर्ल्स स्कूल को मिला। अंडर-14 वर्ग में सेंट फ्रांसिस स्कूल, मेरठ ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। द्वितीय स्थान सोफिया गर्ल्स स्कूल, मेरठ तथा तृतीय स्थान ऑल सेंट्स स्कूल ने हासिल किया। कार्यक्रम के अंत में विद्यालय की प्रधानाचार्या ने सभी टीमों का स्वागत एवं अभिनंदन किया तथा खिलाड़ियों को उनके उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए बधाई दी। विजेता खिलाड़ियों को ट्रॉफी एवं मेडल प्रदान किए गए। प्रतियोगिता का समापन हर्षोल्लास, अनुशासन एवं खेल भावना के साथ हुआ।

# नाबालिग के साथ अश्लील हरकत करने वाले आरोपियों को भेजा जेल



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**जानी खुर्द।** शुक्रवार की देर शाम थाना क्षेत्र के एक गांव में दो युवाओं ने एक लड़की के साथ फैक्ट्री में बुलाकर उसके साथ अश्लील हरकत की जिसकी वीडियो आरोपियों ने बना ली और वीडियो वायरल करने की धमकी दी और लड़की से कहा कि अगर तूने किसी से बताया तो तुझे जान से मार देंगे और आरोपियों ने इतना ही नहीं लड़की से पैसों की भी मांग की।

पीड़ित ने सारी घटना परिजनों को बताई जहां पीड़ित परिवार में जानी थाने में मुकदमा पंजीकृत कराया। सूत्रों के मुताबिक थाना क्षेत्र के साले नगर गांव में बानो की फैक्ट्री में दो युवकों ने एक लड़की को बहला फुसलाकर ले गए और उसके साथ अश्लील हरकत की और आरो. पियों ने इतना ही नहीं इसकी वीडियो भी बनाएं और उसको वायरल करने की धमकी दी आरोपियों ने कहा कि अगर तूने यह बात अपने परिजनों को बताइए तो वीडियो वायरल कर देंगे और इसी के ऐवज में पैसों की भी मांग की पीड़ित लड़की ने सारी घटना परिजनों को बताई। वहीं परिजनों ने सारी घटना जानी थाना प्रभारी निरीक्षक गोरव बिश्नोई को बताई। वहीं पुलिस ने जांच पड़ताल कर मुकदमा दर्ज कर लिया। शनिवार को सिवालखास चौकी इंचार्ज नितिन कुमार ने दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। आरोपीयों की पहचान सहजाद और साजिद के रूप में हुई। आरोपी को चालान कर न्यायालय ने जेल भेज दिया।

# बढ़ अमावस्या पर सुहागिनों ने की पूजा-अर्चना

**सुख-समृद्धि व पति की दीर्घायु की करी कामना**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गंगानगर।** बढ़ अमावस्या के पावन अवसर पर शुक्रवार को शहर एवं ग्रामीण क्षेत्रों के मंदिरों में सुहागन महिलाओं की भारी भीड़ देखी गई महिलाओं ने वट वृक्ष की पूजा कर परिवार की सुख-समृद्धि एवं पति की दीर्घायु की कामना की। शनिवार सुबह से ही मंदिरों और पूजा स्थलों पर धार्मिक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया।

महिलाओं ने पारंपरिक वेशभूषा में वट वृक्ष के चारों ओर परिक्रमा कर विधि-विधान से पूजन किया तथा कथा श्रवण किया। कई स्थानों पर भजन-कीर्तन और प्रसाद वितरण का आयोजन भी हुआ। श्रद्धालुओं ने दान-पुण्य कर जरूरतमंदों की सहायता की। धार्मिक मान्यताओं के अनुसार बढ़ अमावस का विशेष धार्मिक महत्व माना जाता है। इस दिन पूजा-पाठ और दान करने से घर में सुख-शांति एवं सकारात्मक ऊर्जा का संचार होता है। बढ़ अमावस (वट सावित्री अमावस्या) मुख्य रूप से सुहागिन महिलाओं द्वारा पति की लंबी आयु, स्वास्थ्य और अखंड सौभाग्य के लिए मनाई जाती है। यह पर्व ज्येष्ठ मास की अमावस्या तिथि को मनाया जाता है।



### बढ़ अमावस मनाने के मुख्य कारण और महत्व

पौराणिक कथा के अनुसार, सावित्री ने अपने दृढ़ संकल्प और भक्ति के बल पर यमराज से अपने पति सत्यवान के प्राण वापस प्राप्त किए थे। सत्यवान को पुनर्जीवन वट (बरगद) के पेड़ के नीचे ही मिला था। इसी की याद में महिलाएं यह व्रत करती हैं। अखंड सौभाग्य की प्राप्तिरू महिलाएं अपने वैवाहिक जीवन की खुशहाली और पति की दीर्घायु की कामना के लिए व्रत रखती हैं।

### वट वृक्ष का महत्व

बरगद के पेड़ को 'अक्षय वट' माना जाता है, जिसमें त्रिदेव (ब्रह्मा, विष्णु और महेश) का वास होता है। ऐसी मान्यता है कि वट वृक्ष की पूजा करने से घर-परिवार में सुख-समृद्धि आती है। इस दिन महिलाएं सज-धज कर बरगद के पेड़ की पूजा करती हैं, उसमें कच्चा सूत लपेटती हैं और परिक्रमा करके सावित्री-सत्यवान की कथा सुनती हैं।

शनिवार को धार्मिक माहौल के बीच श्रद्धालुओं में उत्साह देखने को मिला और लोगों ने परिवार के साथ पूजा-अर्चना कर पर्व को श्रद्धा एवं भक्ति भाव से मनाया।

# हिस्ट्रीशीटर बदमाश वसीम व अल्ताफ को पांच वर्ष की कैद

**बीस हजार रुपए का जुर्माना**

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** न्यायालय एडीजे प्रथम व स्पेशल जज एनडीपीएस एक्ट ने धामपुर थाने के हिस्ट्रीशीटर बदमाश वसीम व नगीना थाने के हिस्ट्रीशीटर बदमाश अलताफ को पांच-पांच वर्ष के कारावास एवं बीस हजार रुपए के अर्थदण्ड से दण्डित किया है।

प्राप्त समाचार के अनुसार नगीना पुलिस टीम ने 15 सितम्बर 2020 को धामपुर के मौहल्ला बंदूकचियान निवासी वसीम उर्फ गलकटा पुत्र फुरकान एवं नगीना थाने के हिस्ट्रीशीटर बदमाश अल्ताफ पुत्र महताब निवासी मौहल्ला कलानान (नगीना) को गिरफ्तार किया है। इनके पास से एक किलो अवैध चरस, अवैध शस्त्र, वारदात में इस्तेमाल कार, चोरी की घटना में इस्तेमाल उपकरणों सहित नकदी बरामद की गई थी। पुलिस ने मुकदमा अपराध संख्या 437/20 बनाम वसीम उर्फ गलकटा हिस्ट्रीशीटर एवं मुकदमा अपराध संख्या 439/20 बनाम अल्ताफ हिस्ट्रीशीटर पंजीकृत किया था। पुलिस ने दोनों अभियोगों की विवेचना पूर्ण कर आरोप पत्र न्यायालय में प्रेषित कर दिया था। पुलिस ने अभियुक्तों को सजा दिलाने के लिए न्यायालय में प्रभावी पैरवी की थी। इसी क्रम में आज न्यायालय एडीजे प्रथम एवं स्पेशल जज एनडीपीएस एक्ट ने उपरोक्त अभियोगों से संबंधित वसीम व अल्ताफ को पांच-पांच वर्ष के कारावास एवं बीस हजार रुपए के अर्थदण्ड से दंडित किया है।

धामपुर के बड़े बदमाश वसीम के खिलाफ 42 मुकदमें पंजीकृत है। जबकि अल्ताफ के खिलाफ 22 मुकदमें पंजीकृत है।

# लायनेस केशव क्लब की आशा माहेश्वरी तीसरी बार अध्यक्ष बनी



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नगीना।** लायनेस केशव क्लब की महिलाओं ने सचिव रितु गर्ग के आवास पूर नई टीम का गठन किया। जिसमें आशा महेश्वरी को तीसरी बार क्लब का अध्यक्ष चुना गया। सचिव लवली अग्रवाल, कोषाध्यक्ष गीता माहेश्वरी, का मनोनीत किया गया। सभी सदस्यों ने क्लब द्वारा आयोजित सेवा कार्यो के प्रति अपनी निष्ठा का प्रदर्शन किया एवं क्लब के विकास के प्रति संकल्प लिया। साथ ही सभी सदस्यों ने मदर्स डे का कार्यक्रम केक काटकर बहुत सुंदर तरीके से सम्पन्न किया। सभी बहनों ने मातृ दिवस के शुभ अवसर पर अपने विचार व्यक्त किए और कविताएं प्रस्तुत की। आगामी सेवा कार्य स्वच्छ गंगा के बारे में सभी ने अपने विचार प्रस्तुत किए एंव अपने सुझाव भी दिए। समाजसेवी व क्लब की अध्यक्ष आशा माहेश्वरी ने सभी का धन्यवाद किया। इस मौके पर सचिव रितु गर्ग, कोषाध्यक्ष गीता माहेश्वरी, साक्षी कंचन अग्रवाल, लवली अग्रवाल, शालू अग्रवाल, कुसुम आग्रवाल, नीरू बेरी, नीतू मित्तल, ममता अग्रवाल, विनीता गुप्ता, ममता अग्रवाल, दीपा लाहोटी सभी के सौजन्य से कार्यक्रम सुंदर रूप से सम्पन्न हुआ।

# गाय से टकराकर बाइक सवार दम्पति गंभीर घायल



**मौलाना ने हिन्दू दम्पति को पहुंचाया अस्पताल**

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** गाय से टकराकर बाइक सवार दम्पति गंभीर रूप से घायल हो गए। खास बात यह है कि वहां से कार से गुजर रहे मेरठ के मौलाना अबरार ने बिना देरी किए हिन्दू दम्पति को अस्पताल पहुंचा दिया। उनके इस कार्य की सराहना हो रही है।

प्राप्त समाचार के अनुसार अजय पाल व उनकी पत्नी संगीता निवासी जसपुर बीती रात बिजनौर से नहटौर की तरफ बाइक द्वारा जा रहे थे। वह मेरठ में अपने बीमार रिश्तेदार को देख कर वापस लौट रहे थे। झालू व नहटौर के बीच में उनकी बाइक के सामने अचानक काले रंग की गाय आ गई। जो उन्हें दिखाई नहीं दी। गाय से उनकी बाइक टकरा गई और दम्पति नीचे गिर कर घायल हो गए। इस दौरान नहटौर की तरफ से आ रहे मेरठ निवासी मौलाना अबरार ने घायलों को देख कर कार रोक ली और उन्हें बिना देरी किए उपचार के लिए ले गए। उनके साथ मौजूद व्यक्ति उनकी बाइक ले गया। मौलाना अबरार के इस नेक काम की सराहना की जा रही है। आम तौर पर हादसों के बाद एम्बुलेंस बुलाने के चक्कर में वक्त बर्बाद कर दिया जाता है। तब तक घायलों का काफी खून बह जाता है और अक्सर उनकी मौत हो जाती है। पुलिस कार्यवाही व अनावश्यक पूछताछ के पचड़े से बचने के लिए घायलों की मदद लोग नहीं करते हैं। जबकि ऐसा नहीं होना चाहिए। सबसे बड़ा मजहब इंसानियत है और परेशान लोगों की मदद प्राथमिकता के आधार पर बिना जाति व धर्म देख कर की जानी चाहिए।

दूसरी तरफ झालू व हल्दौर में बड़ी संख्या में आवारा गौवंश सड़कों पर मौजूद रहता है। आवारा गौवंश को पकड़ कर गौशालाओं में नहीं भिजवाया जा रहा है। साथ ही अपने गौवंश को आवारा छोड़ने वालों के खिलाफ भी कठोर कार्यवाही नहीं हो रही है। अगर सभी गौवंशों का पंजीकरण करते हुए उनके कानों में बिल्ले लगा दिए जाए, तो आसानी से पता चल जाएगा कि किसने यह गौवंश छोड़ा है। सूत्रों का कहना है कि पशुपालक व किसान गौवंश को अनुपयोगी होने पर लावारिस छोड़ देते हैं। ऐसे गौवंशों की वजह से हादसे होते हैं। साथ ही अवैध रूप से इनका कटान भी किया जाता है। गुलदारों की संख्या तेजी के साथ बढ़ने के पीछे भी यही एक कारण है। गुलदार जंगल में घूम रहे गौवंश को आसानी के साथ अपना शिकार बना लेते हैं। सरकार को इस संबंध में कठोर नियम बनाने चाहिए, ताकि गौवंश सुरक्षित रह सकें।

# हाजी जियाउद्दीन साइकिल पर सवार

**समर्थकों के साथ थामा सपा का दामन**




**मुजाहिद फारूकी**

**नूरपुर।** विधानसभा चुनाव में यहां से पूर्व में बसपा के प्रत्याशी रहे कद्दावर नेता हाजी जियाउद्दीन अंसारी ने अपने सैकड़ों समर्थकों के साथ लखनऊ में राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव की मौजूदी में पार्टी का दामन थाम लिया।

प्राप्त समाचार के अनुसार सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष व पूर्व सीएम अखिलेश यादव ने नूरपुर विधानसभा के पूर्व बसपा प्रत्याशी हाजी जियाउद्दीन अंसारी को सपा की सदस्यता दिलाई। उनके सपा में शामिल होने से पार्टी को जनपद में मजबूती मिलेगी। हाजी जियाउद्दीन अंसारी जनपद की राजनीति में एक बड़ा चेहरा होने के साथ ही अंसारी बिरादरी में मुरादाबाद मंडल में अच्छी खासी पकड़ रखते है। सपा को आने वाले विधानसभा चुनाव में अंसारी बिरादरी के वोट का भी बड़ा फायदा मिलेगा। हाजी जियाउद्दीन अंसारी नूरपुर विधानसभा में एक मजबूत चेहरा है। उनके सपा में शामिल होने से पार्टी को पहले से ज्यादा वोट मिलेंगे। उनके सपा में आने से हजारों समर्थकों में खुशी की लहर दिखाई दे रही है। उनके सपा में शामिल होने की चर्चाएं पिछले कई महीनों से राजनीति के गलियारों में चल रही थी। उन्होंने विधानसभा चुनाव के बाद से ही बसपा से दूरी बना ली थी। तभी से लगने लगा था कि बसपा को एक बड़ा झटका लगने वाला है। गलत नीतियों एवं चंदाखोरी की वजह से विधानसभा चुनाव के बाद से बसपा का ग्राफ गिरता जा रहा था। बसपा के बड़े नेता पार्टी को छोड़ कर अब अन्य राजनीतिक दलों में शामिल हो रहे है। अब तक बसपा के कई बड़े नेताओं ने सपा का दामन थामा है। सपा आज के दौर में देश की तीसरे नंबर की पार्टी बनकर उभरी है। हाजी जियाउद्दीन अंसारी के सपा में शामिल होने से बसपा में खलबली मची हुई है। उनके इस फैसले ने बसपा को बड़ा झटका दिया है। अब बसपा में अंसारी बिरादरी का कोई बड़ा चेहरा नजर नहीं आता है। पूरे जनपद सहित प्रदेश में हालात इतने खराब है कि बसपा लगातार कमजोर नजर आ रही है। बसपा के कार्यक्रमों में सिर्फ चंद लोग ही दिखाई देते हैं।

सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने अपने हाथों से हाजी जियाउद्दीन अंसारी को लाल टोपी पहना कर व शाल ओढ़ाकर सम्मानित किया। यह मंजर देख कर हाजी जियाउद्दीन व उनके समर्थक गदगद नजर आ रहे थे। हाजी जियाउद्दीन अंसारी ने सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव को भी भरोसा दिलाया है कि आने वाले विधानसभा चुनाव में सपा की नीतियों का प्रचार कर पार्टी को जनपद की आठों सीटों को जिताने का काम करेंगे। उन्होंने कहा कि सपा ही भाजपा के जंगल राज से आम जनता को निजात दिला सकती है।

# मेरठ के बंदी अरूण की मौत से हड़कम्प



**जेल के अंदर सब कुछ नहीं चल रहा ठीक ठाक**

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** शायद जेल प्रशासन के बुरे दिन चल रहे है। दस मई को सजायाफ्ता कैदी दीपक द्वारा कथित रूप से जेल के अंदर फांसी लगा कर आत्महत्या कर ली गई थी। इस बीच आज सुबह जेल से फिर सनसनीखेज खबर सामने आई है।

प्राप्त समाचार के अनुसार स्थानीय जेल में बंद मेरठ निवासी बंदी अरूण कुमार की अचानक तबीयत बिगड़ने के बाद उसे जिला अस्पताल में उपचार के लिए ले जाया गया, लेकिन इस दौरान उसकी मौत हो गई। उसकी मौत की खबर परिजनों को दे दी गई है। लाश का पोस्टमार्टम कराया जा रहा है। उससे ही पता चलेगा कि आखिरकार किस वजह से बंदी अरूण कुमार की इस तरह मौत हुई है।

बताया जाता है कि मेरठ के शास्त्री नगर निवासी अरूण कुमार (45 वर्ष) पुत्र बृजकिशोर चोरी के एक मामले में 13 अप्रैल से स्थानीय जेल में बंद था। उसे बिजनौर थाने से जेल भेजा गया था। वह जेल की बैरक नंबर-2 में बंद था। जेलर रविन्द्र नाथ ने बताया कि आज सुबह रोजाना की तरह अरूण कुमार ने नाश्ता किया, लेकिन कुछ ही देर बाद उसने अचानक बेचैनी और घबराहट की शिकायत की। साथी बंदियों ने जब उसकी हालत बिगड़ती देखी, तो जेल प्रशासन को सूचना दी। आनन-फानन में उसे जेल के अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टर ने प्राथमिक उपचार शुरू कर दिया। कुछ समय तक चले उपचार के बावजूद उसकी हालत में कोई सुधार नहीं हुआ। स्थिति गंभीर देखते हुए डॉक्टर ने उसे बेहतर इलाज के लिए जिला अस्पताल रैफर कर दिया। अस्पताल में डॉक्टर ने उसे बचाने की पूरी कोशिश की, लेकिन जिंदगी की जंग हारते हुए अरूण कुमार ने दम तोड़ दिया। बंदी की मौत की खबर मिलते ही जेल प्रशासन और पुलिस विभाग में हड़कंप मच गया। सूचना पर शहर कोतवाली पुलिस तत्काल अस्पताल पहुंची और लाश को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। अधिकारियों ने अस्पताल और जेल प्रशासन से पूरे घटनाक्रम की जानकारी जुटाई। घटना की सूचना मिलते ही परिजनों में कोहराम मच गया। लगातार दूसरी घटना के बाद जिला कारागार का माहौल एक बार फिर सवालों के घेरे में आ गया है और वहां बंद बंदी व कैदी दहशतजदा हो गए। जेल में बंद कैदियों की सुरक्षा और स्वास्थ्य व्यवस्थाओं को लेकर सवाल उठ रहे है। आखिरकार दस दिन के अंदर दो मौतें होना कहीं न कहीं गंभीर लापरवाही की तरफ इशारा कर रही हैं। जेल प्रशासन पर सवालिया निशान लग रहे हैं। जेल के निरीक्षण के नाम पर अधिकारी सिर्फ खानापूर्ति करते है और जेल के गेट के बाहर खड़े होकर फोटो खींचवा लेते हैं। वह अचानक जेल में छापा नहीं मारते हैं। जेल में किस तरह से अवैध वसूली हो रही है और कैदियों व बंदियों को क्या सुविधाएं दी जा रही है, इसकी भी गोपनीय जांच नहीं की जाती है। सूत्रों का कहना है कि जेल के अंदर का माहौल ठीक नहीं है और अवैध वसूली जमकर की जा रही है। जो भी डिमांड पूरी नहीं करता है, उसके साथ सख्ती की जाती है। जेल का माहौल रहस्यमय बना हुआ है। जेल के अंदर की खबरें अच्छी नहीं हैं।

## गहने लेकर युवती फरार

**नगीना।** मौहल्ला लाईन पार (आजाद कालोनी) की रहने वाली 20 वर्षीय बरखा अचानक गायब हो गई, लेकिन इस गुमशुदगी के पीछे एक खौफनाक और शातिराना खेल छिपा था।

13 मई की शाम बरखा घर से दुकान पर सामान लेने की बात कहकर निकली थी। जब वह घंटों बाद भी वापस नहीं आई, तो परेशान परिवार ने हर रिश्तेदार और मिलने वाले के यहां खाक छानी, पर उसका कोई सुराग नहीं मिला। 14 मई की शाम करीब 4 बजे भाई थम्मन सिंह के मोबाइल पर एक अनजान नंबर से कॉल आती है। फोन करने वाला शख्स कोई और नहीं, बल्कि मुरादाबाद के ठाकुरद्वारा का रहने वाला अंकित कुमार था। उसने बेहद ठंडे और टोही लहजे में कहा, मैं तुम्हारी बहन बरखा को भगाकर लाया हूं। पुलिस या कानून के पास जाने की कोशिश मत करना, वरना तुझे जिंदा नहीं छोड़ेगा। भाई ने जब हड़बड़ाहट में घर की जांच की, तो उसके होश उड़ गए। बरखा अपने साथ सिर्फ अपनी यादें नहीं, बल्कि हाल ही में अपनी गोदभराई (सगाई) में मिले सोने के 5 कीमती आभूषण और 30 हजार की नकदी भी समेट ले गई थी।

पीड़ित भाई थम्मन सिंह की तहरीर पर नगीना पुलिस ने धारा 87 और 351(3) (बीएनएस 2023) के तहत मुकदमा दर्ज कर लिया है। इस पूरे मामले की तफ्तीशी कमान उपनिरीक्षक अजीत कुमार को सौंपी गई है।

# चिलचिलाती धूप से बचाना पड़ रहा जिस्म

**विद्युत आपूर्ति व्यवस्था बुरी तरह लड़खड़ाई**



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** दो दिन मौसम ठण्डा रहने के बाद अब एक बार फिर गर्मी ने रंग दिखाना शुरू कर दिया है। खासतौर पर भरी दोपहरी में चिलचिलाती धूप से जिस्म को बचाने के लिए तमाम तरह के जतन करने पड़ रहे हैं।

प्राप्त समाचार के अनुसार दो दिन पूर्व आई आंधी व हल्की बारिश से मौसम कुछ ठण्डा हो गया था। लेकिन आज फिर गर्मी ने रफ्तार पकड़ ली। सुबह दस बजे से ही चिलचिलाती धूप के चलते सड़कों पर निकलना दुश्वार हो गया। छातों व दुपट्टों का सहारा लेना पड़ा। सीधी धूप बर्दाश्त से बाहर हो रही थी।

दूसरी तरफ जैसे -जैसे गर्मी कहर बरपा रही है, वैसे-वैसे बिजली रूला रही है। पूरे जनपद में विद्युत आपूर्ति व्यवस्था बुरी तरह लड़खड़ा गई है। विद्युत आपूर्ति व्यवस्था को लेकर पूरे जनपद से अच्छी खबरें नहीं आ रहीं है। फाल्ट ठीक करने के नाम पर घंटों विद्युत आपूर्ति ठप कर दी जाती है। विद्युतकर्मी उपभोक्ताओं को सही जवाब देकर यह नहीं बताते हैं कि आपूर्ति कब दी जाएगी। विद्युतकर्मी उपभोक्ताओं की कॉल रिसीव करने से भी बच रहे हैं। पहले स्मार्ट मीटर और अब खराब विद्युत आपूर्ति की वजह से भाजपा सरकार का रिकार्ड गंदा हो रहा है। भीषण गर्मी में विद्युत आपूर्ति व्यवस्था ठप होने का पूरा प्रतिकूल असर उपभोक्ताओं पर पड़ता है। विद्युत विभाग के अधिकारियों एवं भाजपा के नेताओं व जनप्रतिनिधियों को इस समस्या की तरफ गंभीरता से ध्यान देना चाहिए।

## एक नजर

### व्यंजनों की जानकारी दी



**नजीबाबाद।** राजा चरत सिंह इंटर कॉलेज साहनपुर में समग्र शिक्षा माध्यमिक के निर्देशन में चल रहे समर कैम्प के चौथे दिन छात्राओं को व्यंजनों, मसालों, सब्जियों व फलों की जानकारी दी गई। शिक्षिका शिल्पी वर्मा के मार्गदर्शन में छात्राओं ने व्यंजनों की सूची तैयार करके उनसे संबंधित पोस्टर बनाए तथा पाक कला के अंतर्गत विभिन्न प्रकार के स्थानीय व्यंजन स्वयं तैयार करना सीखा। शिक्षिका शिल्पी वर्मा ने कहा कि समर कैम्प की गतिविधियों के माध्यम से छात्राओं में आत्मविश्वास और जिम्मेदारी की भावना का विकास होता है। प्रधानाचार्य प्रदीप कुमार ने कहा कि समर कैम्प सहित अन्य पाठ्य सहगामी क्रिया कलापों में विद्यार्थियों को बढ़-चढ़कर भाग लेना चाहिए। विद्यालय विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के लिए प्रतिबद्ध है। समर कैम्प में अमीर जहां, अलीशा, समीरन, इकरा, मुस्कान, मनीषा, वंशिका आदि छात्राओं ने हिस्सा लिया।

### भाकियू की मासिक पंचायत



**बिजनौर।** भारतीय किसान यूनियन की मासिक पंचायत आज किसानों की समस्याओं को लेकर तहसील अध्यक्ष कमल सिंह की अध्यक्षता में तहसील परिसर में हुई। जिसमें प्रमुखता से मुद्दे उठाए गए। वक्ताओं ने कहा कि सबसे बड़ी समस्या गुलदार की है। जनपद में गुलदार को रेस्क्यू करके गुलदार मुक्त किया जाए। पेपर फैक्ट्री में भूसे का इस्तेमाल किया जा रहा है, इस पर जिला प्रशासन रोक लगाए ताकि किसानों को पशुओं के लिए चारे की दिक्कत न आए। किसानों के दाखिल खारिज व विरासत जल्द से जल्द कराया जाए, नहरों में पानी आखिरी टेल तक पहुंचाया जाए।

### दबंग ने की मारपीट



**राजा का ताजपुर।** युवक ने दबंगई दिखाते हुए मजदूर के साथ मामूली कहासुनी पर जमकर मारपीट की। मजदूर के सिर में धारदार चीज मारकर उसे लहुलुहान कर दिया। मौहल्ला नई बस्ती निवासी एंथोनी दास के पुत्र हरिकिशन जोसेफ ने आरोप लगाया कि उसका भतीजा गंभीर रूप से बीमार है। वह आरो का पानी पीता है। किसी वजह से हमारे घर वाटर कूलर का पानी नहीं आया था। पास की आटा चक्की से आरओ का पानी लेकर वापस घर आ रहा था। रास्ते में खड़े प्रिंस पुत्र महेश साहुल जोन पुत्र आनन्द व रेशु पुत्र राकेश शराब पी रहे थे। तभी मेरे बेटे बाबू से आरो का पानी मांगने लगे। पानी न देने पर उन्होंने जमकर मारपीट की। गंभीर रूप से घायल हो गया। पीड़ित ने आरोपियों के खिलाफ पुलिस में तहरीर देकर कार्यवाही की मांग की। थाना प्रभारी प्रवेज कुमार ने कहा कि आरोपियों के खिलाफ सख्त कार्यवाही की जाएगी।

### गणेश मार्केट में गिरे कीड़े



**नजीबाबाद।** गणेश मार्केट से हैरान कर देने वाली तस्वीर सामने आई है। यहां मार्केट की छत पर एक कुत्ता मरने के बाद कई दिनों तक सड़ता रहा। हालत इतनी खराब हो गई कि शव में कीड़े पड़ गए और तेज हवा के कारण कीड़े नीचे तक गिरने लगे। जब पूरे मार्किट में बदबू फैली और लोगों ने छत से कीड़े गिरते देखे, तब जाकर दुकानदारों को मामले की जानकारी हुई। मार्केट की छत पर करीब 14 आवारा कुत्तों ने डेरा डाल रखा है। एक डॉग लवर ने उनके रहने के लिए बाकायदा जगह भी बनाई हुई है। लेकिन डॉग लवर की गैर जिम्मेदारी देखिए, कुत्ता मर गया और सड़ गया, लेकिन उसने नगर पालिका कार्यालय को सूचना देना जरूरी नहीं समझा। जहां एक तरफ लोग डॉग लवर होने का दावा करते है, वहीं दूसरी तरफ उनका सही ध्यान नहीं रखते हैं। कुत्ता मर जाने के बाद भी उसे वहां से न हटवाना, डॉग लवर के ऊपर सवालिया निशान खड़ा करता है। सबसे बड़ी चिंता की बात यह है कि आसपास रेस्टोरेंट मौजूद हैं। ऐसे में अगर किसी तरह की बीमारी फैलती है, तो उसका जिम्मेदार कौन होगा? मौजूद लोगों ने इस संबंध में चेयरमैन इंजीनियर मौअज्जम को अवगत कराया। साथ ही लोगों ने आवारा कुत्तों की व्यवस्था करने की मांग की है।

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक समाचार पत्र
'शाह टाइम्स'
में जनपद बिजनौर में विशेष संवाददाता व संवाददाता सहित क्राइम रिपोर्टर बनने के इच्छुक एवं एजेंसी लेने के लिए सम्पर्क करें।
कार्यालय- बाबा प्लाजा, बिजनौर
मोबाइल नम्बर:- 9927777377
samiullah.bijnor@gmail.com
खबरें छुपाता नहीं, छापता है



प्रयागराज। भीषण गर्मी के दिन में लोगों को राहत देने के लिए पानी का छिड़काव करता नगर निगम का वाटर स्प्रिंकलर ट्रक।

## कांगो लोकतांत्रिक गणराज्य इबोला का प्रकोप, डब्ल्यूएचओ पहुंचा रहा राहत सामग्री

**किन्शासा/ब्राजाविल।** कांगो लोकतांत्रिक गणराज्य के उत्तर-पूर्वी इटुरी प्रांत में इबोला बुंडिबुग्यो के प्रकोप की पुष्टि होने के बाद विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) वहां की सरकार को दी जाने वाली सहायता को तेजी से बढ़ा रहा है। कांगो की राजधानी किन्शासा में स्थित देश की रेफरेंस लैब, नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ़ बायोमेडिकल रिसर्च (आईएनआरबी) द्वारा किए गए लैब टेस्ट में इस बात की पुष्टि हुई है कि इटुरी प्रांत के मोंगबवालू और रवाम्पारा स्वास्थ्य क्षेत्रों में गंभीर बीमारी और मौतों के एक समूह से जुड़े संदिग्ध मामलों से लिए गए 13 नमूनों में से 8 में इबोला का प्रकोप बुंडिबुग्यो प्रजाति के कारण हुआ था।

# नीदरलैंड में बोले मोदी, भारत अवसरों की भूमि

## प्रधानमंत्री ने भारतीय समुदाय से निवेश और सहयोग का किया आह्वान



■ भारत आज 'असीम आकांक्षाओं' और 'असीम प्रयासों' के साथ दुनिया की अग्रणी अर्थव्यवस्था बनने की दिशा में तेजी से आगे बढ़ रहा है: पीएम

**द हेग।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने 21 वीं सदी के भारत को अवसरों की भूमि बताते हुए नीदरलैंड में भारतीय समुदाय से भारत में निवेश तथा सहयोग बढाने का आह्वान किया और विश्वास जताया कि विकसित भारत की यात्रा में वैश्विक भारतीय समुदाय की बड़ी भूमिका होगी। पांच देशों की यात्रा के दूसरे चरण में दो दिन की यात्रा पर शुक्रवार रात यहां पहुंचे मोदी ने शनिवार को भारतीय समुदाय के लोगों से मुलाकात की।

भारतीय समुदाय को संबोधित करते हुए उन्होंने उन लोगों को दोनों देशों के संबंधों की असली ताकत तथा जीवंत सेतु करार दिया और कहा कि सरकार ने सूरीनामी हिदुस्तानी समाज के लिए ओसीआई कार्ड पात्रता चौथी पीढ़ी से बढ़ाकर छठी पीढ़ी तक कर दी है। मोदी ने आर्थिक, प्रौद्योगिकी क्षेत्र और लो. कतांत्रिक उपलब्धियों को रेखांकित किया तथा उन लोगों से भारत-नीदरलैंड संबंधों को नई ऊंचाई देने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि भारत आज 'असीम आकांक्षाओं' और 'असीम प्रयासों' के साथ दुनिया की अग्रणी अर्थव्यवस्था बनने की दिशा में तेजी से आगे बढ़ रहा है। उन्होंने कहा कि नीदरलैंड के नेताओं ने हमेशा भारतीय प्रवासी समुदाय की प्रशंसा की है और यहां रह रहे भारतीय डच समाज के लोग अर्थव्यवस्था में महत्वपूर्ण योगदान दे रहे हैं। प्रधानमंत्री ने भारतीय प्रवासियों की सांस्कृतिक जड़ों की सराहना करते हुए कहा कि पीढ़ियां बदलने और देशों की सीमाएं बदलने के बावजूद भारतीयों ने अपनी भाषा, संस्कृति, त्योहार और परंपराओं को जीवित रखा है। उन्होंने कहा कि भारतीय समुदाय केवल प्रवास की कहानी नहीं बल्कि संघर्ष, संस्कृति और प्रगति की जीवंत मिसाल है। भारत की विकास यात्रा का उल्लेख करते हुए उन्होंने कहा कि भारत दुनिया का तीसरा सबसे बड़ा स्टार्टअप इकोसिस्टम बन चुका है। उन्होंने बताया कि 2014 में भारत में केवल चार यूनिकॉर्न थे जबकि आज यह संख्या करीब 125 तक पहुंच गई है। उन्होंने कहा कि कृत्रिम बुद्धिमत्ता, रक्षा, अंतरिक्ष और सेमीकंडक्टर क्षेत्रों में भारतीय स्टार्टअप वैश्विक स्तर पर अपनी पहचान बना रहे हैं। प्रधानमंत्री ने कहा कि भारत अब मोबाइल फोन निर्माण में दुनिया का दूसरा सबसे बड़ा देश बन चुका है और देश में 12 सेमीकंडक्टर संयंत्रों पर काम चल रहा है। उन्होंने दावा किया कि भारत में अब 'डिजाइन्ड इन इंडिया' और 'मेड इन इंडिया' चिप्स का उत्पादन शुरू हो रहा है। उन्होंने डिजिटल इंडिया अभियान का उल्लेख करते हुए कहा कि भारत दुनिया का सबसे बड़ा डिजिटल सार्वजनिक ढांचा विकसित कर चुका है। उन्होंने कहा कि हर महीने भारत में 20 अरब से अधिक यूपीआई लेनदेन हो रहे हैं, जो वैश्विक डिजिटल लेन-देन का आधे से अधिक हिस्सा है। वैश्विक चुनौतियों का जिक्र करते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि महामारी, युद्ध और ऊर्जा संकट के बीच दुनिया विश्वसनीय आपूर्ति श्रृंखला की तलाश कर रही है। उन्होंने कहा कि भारत और नीदरलैंड मिलकर 'विश्वसनीय, पारदर्शी और भविष्य-उन्मुख' आपूर्ति श्रृंखला विक. सित कर रहे हैं। उन्होंने हरित हाइड्रोजन, जल सुरक्षा और व्यापारिक सहयोग को दोनों देशों के रिश्तों का महत्वपूर्ण आधार बताया गया। प्रधानमंत्री ने कहा कि भारत और यूरोपीय संघ के बीच हुए ऐतिहासिक व्यापार समझौते से भारत-नीदरलैंड साझेदारी और मजबूत होगी तथा भारतीय व्यवसायों के लिए यूरोप में प्रवेश का प्राकृतिक द्वार नीदरलैंड बनेगा।

## ट्रम्प के बाद अब पुतिन चीन की यात्रा की तैयारी में

**मास्को।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प की चीन यात्रा की समाप्ति के तुरंत बाद रूस ने राष्ट्रपति व्लादीमीर पुतिन के 19 मई से दो दिन के लिए चीन जाने के कार्यक्रम की घोषणा की है। पुतिन सरकार ने शनिवार को एक बयान में कहा कि पुतिन 19 से 20 मई तक चीन की आधिका. रिक यात्रा पर होंगे। यह यात्रा दोनों देशों के बीच 'व्यापक साझेदारी और रणनीतिक सहयोग को और मजबूत' बनाने के उद्देश्य से की जा रही है। इस यात्रा के दौरान राष्ट्रपति पुतिन चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग के साथ शिखर बैठक करेंगे। वह बीजिंग में अपने प्रवास के दौरान प्रधानमंत्री ली कियांग के साथ आर्थिक और व्यापारिक सहयोग पर भी बात. चीत करेंगे। रूस की समाचार एजेंसी तास की एक रिपोर्ट के अनुसार राष्ट्रपति पुतिन की चीन यात्रा दोनों देशों के बीच 2001 में हुई महत्वपूर्ण द्विपक्षीय 'सद्भावना और मैत्रीपूर्ण सहयोग संधि' की 25वीं वर्षगांठ के अवसर पर हो रही है।

# चीनी विदेश मंत्री ने ट्रम्प को दी कड़ी चेतावनी

## चीन-अमेरिका टकराव दोनों देशों और पूरी दुनिया के लिए विनाशकारी साबित हो सकता है: वांग ई



■ दुनिया की दो सबसे बड़ी अर्थव्यवस्थाएं होने के नाते चीन और अमेरिका एक-दूसरे के बिना काम नहीं कर सकते
■ चीन और अमेरिका के बीच संबंध ) प्रबंधनीय और स्थिर होने चाहिए, न कि लगातार उतार-चढ़ाव वाले रोलर कोस्टर की तरह
■ शी और ट्रम्प के बीच लगभग नौ घंटे की बातचीत हुई

**बीजिंग।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प और चीनी राष्ट्रपति शी जिनपिंग के बीच हुई वार्ता के बाद चीनी विदेश मंत्री वांग ई ने कहा कि चीन और अमेरिका के बीच टकराव दोनों देशों और पूरी दुनिया के लिए विनाशकारी हो सकता है।

चीन सेंट्रल टेलीविजन (सीसीटीवी) के अनुसार, वांग ई ने कहा कि चीन और अमेरिका के बीच टकराव दोनों देशों और पूरी दुनिया के लिए विनाशकारी साबित होगा, जबकि सहयोग से कई ऐसे महान परिणाम प्राप्त हो सकते हैं जिनसे दोनों देशों और पूरी दुनिया को लाभ होगा। मंत्री ने आगे कहा कि दुनिया की दो सबसे बड़ी अर्थव्यवस्थाएं होने के नाते चीन और अमे. रिका एक-दूसरे के बिना काम नहीं कर सकते। मंत्री ने आगे कहा कि (चीन और अमेरिका के बीच संबंध) प्रबंधनीय और स्थिर होने चाहिए, न कि लगातार उतार-चढ़ाव वाले रोलर कोस्टर की तरह। चीन के शीर्ष राजनयिक ने बताया कि शी और ट्रम्प के बीच लगभग नौ घंटे की बात. चीत हुई। चीनी विदेश मंत्रालय के अनुसार, वांग ई ने कहा कि यह एक महत्वपूर्ण बैठक थी, जिसमें दोनों राष्ट्राध्यक्षों ने गहन चर्चा की और फलदाई परिणाम प्राप्त किए। बैठक में औपचारिक वार्ता और स्वागत भोज के साथ-साथ विचारों का आदान-प्रदान और छोटे पैमाने पर दौरे भी शामिल थे। उन्होंने कहा कि 'चीन-अमेरिका संबंधों की नाव' को चलाने में शी और ट्रम्प का नेतृत्व अंतर्राष्ट्रीय स्थिति के विकास पर दूरगामी प्रभाव डालेगा। ट्रम्प ने 13-15 मई को चीन की राजकीय यात्रा की।

## ताइवान को 12 अरब अमेरिकी डॉलर के हथियारों की आपूर्ति फिलहाल स्थगित: ट्रम्प

**वॉशिंगटन।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने कहा कि ताइवान को 12 अरब डॉलर मूल्य के हथियारों की आपूर्ति का मुद्दा फिलहाल रोक दिया गया है। अमेरिकी राष्ट्रपति ने एक साक्षात्कार में इस बात की पुष्टि की है। उन्होंने कहा कि ताइवान को दी जाने वाली लगभग 12 अरब डॉलर के हथियारों की आपूर्ति फिलहाल स्थगित कर दी गई है। ट्रम्प ने इसे चीन के साथ बातचीत और सौदेबाजी के लिए एक 'बहुत अच्छा टूल' बताया है। ट्रम्प ने फॉक्स न्यूज से कहा कि मैं इसे रोक रहा हूं और यह चीन पर निर्भर करता है। सच कहूं तो, यह हमारे लिए बातचीत का एक बहुत अच्छा जरिया है। इसमें बहुत सारे हथियार हैं। इसमें 12 अरब अमे. रिकी डॉलर के बहुत सारे हथियार हैं। इसके साथ ही राष्ट्रपति ट्रम्प ने कहा कि चीन में उनकी बातचीत से ताइवान के प्रति अमेरिकी नीति पर कोई असर नहीं पड़ा है। ट्रम्प ने एक सवाल का जवाब देते हुए कहा कि कुछ भी नहीं बदला है। उन्होंने चीन और ताइवान दोनों से तनाव कम करने की अपील करते हुए कहा कि ताइवान और चीन दोनों के लिए थोड़ा शांत रहना समझदारी होगी। अमेरिकी राष्ट्रपति ने पहले कहा था कि उन्हें ताइवान को लेकर अमेरिका और चीन के बीच मतभेदों के पूर्ण पैमाने के संघर्ष में बदलने का कोई खतरा नहीं दिखता।

## आईएमएफ के फंड से रक्षा बजट में बढ़ोतरी करेगा पाक

■ 2026-27 के लिए पाकिस्तान का रक्षा खर्च 2.665 लाख करोड़ (ट्रिलियन) पाकिस्तानी रुपये रहने का अनुमान

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान सरकार अगले वित्त वर्ष के बजट में रक्षा खर्च को करीब 100 अरब पाकिस्तानी रुपये बढ़ाने की योजना बना रही है। सरकार यह बजट अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) द्वारा समर्थित एक सुधार कार्यक्रम के तहत तैयार कर रही है, जिसमें राजस्व में भारी बढ़ोतरी का अनुमान लगाया गया है। डान अखबार की एक रिपोर्ट में आईएमएफ के दस्तावेजों का हवाला दिया गया है।

इसके अनुसार, साल 2026-27 के लिए पाकिस्तान का रक्षा खर्च 2.665 लाख करोड़ (ट्रिलियन) पाकिस्तानी रुपये रहने का अनुमान है। पिछले साल यह खर्च 2.564 लाख करोड़ रुपये था। रिपोर्ट में कहा गया है कि आईएमएफ ने 2026-27 के लिए पाकिस्तान के कुल संघीय राजस्व का अनुमान 17.144 ट्रिलियन पाकिस्तानी रुपये लगाया है, जो मौजूदा वित्त वर्ष से 2 ट्रिलियन पाकिस्तानी रुपये से भी अधिक है। इसमें 13.5 प्रतिशत की बढ़ोतरी को दर्शाता है। इसमें यह भी कहा गया है, पाकिस्तान सरकार ने संघीय और प्रांतीय सरकारों के कुल खर्च में जीडीपी के 0.2 प्रतिशत की बढ़ोतरी करने की बात कही है। यह खर्च कुल 4.227 लाख करोड़ रुपये होगा। इसके अलावा, सरकार ने जून 2027 तक सभी सरकारी भुगतानों को पूरी तरह डिजिटल बनाने का लक्ष्य रखा है। आईएमएफ के सुधारों के हिस्से के रूप में, सरकार इस साल के अंत तक भ्रष्टाचार की सबसे ज्यादा आशंका वाले 10 संस्थानों की पहचान करेगी। इन संस्थानों का विशेष आडिट और विश्लेषण किया जाएगा। साथ ही, राज्यों की भ्रष्टाचार विरोधी संस्थाओं को भी और ताकत दी जाएगी। सरकार ने यह भी भरोसा दिया है कि वह विशेष आर्थिक क्षेत्रों, निर्यात प्रसंस्करण क्षेत्रों और विशेष टेक्नोलाजी क्षेत्रों के लिए कोई नई रियायत या प्रोत्साहन शुरू नहीं करेगी।

# ईरान के साथ युद्धविराम पाक के अनुरोध: ट्रम्प

## पाकिस्तान को वॉशिंगटन और ईरान के बीच मध्यस्थ की भूमिका निभाने वाला बताया



■ मैं वास्तव में इसके पक्ष में नहीं होता, लेकिन हमने इसे पाक के अनुरोध को स्वीकार करते हुए किया: ट्रम्प

**एयर फोर्स वन।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने कहा है कि पश्चिम एशिया में शत्रुता को समाप्त करने के लिए राजनयिक मार्ग खोलने के उद्देश्य से ईरान के साथ किया गया युद्धविराम समझौता 'पाकिस्तान के अनुरोध पर' किया गया था।

उन्होंने पाकिस्तान को वाशिंगटन और ईरान के बीच मध्यस्थ की भूमिका निभाने वाला बताया और यह दावा भी किया कि अन्य देशों ने भी इस युद्धविराम के लिए अनुरोध किया था। उन्होंने चीन की दो दिवसीय यात्रा से लौटते समय एयर फोर्स वन पर पत्रकारों से बात करते हुए अपनी शंकाओं के बारे में हमेशा की तरह स्पष्ट रूप से कहा कि वे शुरू में युद्धविराम के पक्ष में नहीं थे, लेकिन अंतर्राष्ट्रीय अनुरोधों के कारण सहमत हुए। उन्होंने कहा कि व्यापक राजनयिक दबाव ने इस निर्णय को प्रभावित किया। ट्रम्प ने स्पष्ट किया कि अमेरिका शत्रुता में आए इस ठहराव को समझौते के रूप में नहीं, बल्कि अपने अत्यधिक शक्तिशाली होने की स्थिति से देखता है। उन्होंने दुनिया के सबसे अशांत क्षेत्रों में से एक में पाकिस्तान की राजनयिक भूमिका की प्रशंसा करते हुए कहा कि हमने वास्तव में अन्य देशों के अनुरोध पर युद्धविराम किया। मैं वास्तव में इसके पक्ष में नहीं होता, लेकिन हमने इसे पाकिस्तान के अनुरोध को स्वीकार करते हुए किया। पाकिस्तान के फील्ड मार्शल और प्रधानमंत्री बहुत बढ़िया हैं। जब उनसे पूछा गया कि क्या उन्होंने चीनी राष्ट्रपति शी से ईरान पर दबाव बनाने के लिए कहा था, तो ट्रम्प ने संकेत दिया कि संयुक्त राज्य अमेरिका ईरान के साथ अपने व्यवहार में बाहरी 'उपकारों' पर निर्भर नहीं है। उन्होंने दावा किया कि अमेरिका ने पहले ही 'मुख्य रूप से उनके सशस्त्र बलों को समाप्त कर दिया है' और संभावित आगामी कार्रवाई का संकेत दिया। उन्होंने कहा कि हमें थोड़ा सफाई का काम करना पड़ सकता है क्योंकि हमारे पास महीने भर का छोटा युद्धविराम था, लेकिन हमारी नाकेबंदी इतनी प्रभावी है-यही कारण है कि हमने युद्धविराम किया। ट्रम्प ने होर्मुज जलडमरूमध्य को लेकर ईरान पर दबाव बनाने के लिए चीन से सहायता मांगने की बात को ज्यादा महत्व नहीं दिया। हालांकि, उन्होंने संकेत दिया कि होर्मुज पर बीजिंग की ऊर्जा निर्भरता को देखते हुए वह अभी भी एक भूमिका निभा सकता है। उन्होंने कहा कि मैं किसी से मदद नहीं मांग रहा हूं, क्योंकि जब आप सहायता मांगते हैं, तो आपको बदले में सहायता भी करनी पड़ती है। हमें किसी की मदद की आवश्यकता नहीं है। उन्होंने आगे कहा कि चीनी राष्ट्रपति शी जिनपि. ंग अपने देश की जरूरतों के हिंसाब से ईरान पर दबाव बना सकते हैं। ट्रम्प ने कहा कि वे उनसे दबाव बनाने के लिए कह सकते हैं-मुझे लगता है कि वे ऐसा करेंगे।

## यूएई ने ईरान के खिलाफ हमलों में हाथ होने से किया इंकार

**नई दिल्ली।** संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) ने ईरान के उन आरोपों को साफ तौर पर खारिज कर दिया, जिसमें ईरान ने अमेरिकी हमलों के दौरान सीधे तौर पर हमले में शामिल होने का आरोप लगाया था। नई दिल्ली में ब्राजील, रूस, भारत, चीन और दक्षिण अफ्रीका (ब्रिक्स) के विदेश मंत्रियों की बैठक में यूएई के राज्य मंत्री खलीफा शाहीन अल मरार ने कहा कि इस तरह के आरोपों के साथ ही दबाव या गलत जानक. ारी की कोशिशों का देश के सिद्धांतों पर बनी विदेश नीति पर कोई असर नहीं पड़ेगा। उन्होंने जोर देकर कहा कि यूएई अपनी संप्रभुता, राष्ट्रीय सुरक्षा और स्वतंत्र फैसले लेने को प्रतिबद्ध है और किसी भी दुश्मनी भरे काम का जवाब देने के लिए अंतर्राष्ट्रीय कानून के तहत सभी अधिकार रखता है।

# मालदीव में इटली के 5 गोताखारों की मौत

## समुद्र के नीचे गहरी गुफाओं की खोज में निकले थे, सिर्फ एक का शव मिला



**माल।** मालदीव के वावू एटोल में इटली के 5 गोताखोरों की मौत हो गई। स्थानीय अधिकारियों ने इसे देश के इतिहास का सबसे बड़ा डाइविंग हादसा बताया है। सभी डाइवर्स 50 मीटर गहराई में मौजूद गुफाओं की खोज के लिए गए थे, लेकिन वापस नहीं लौटे। अब तक सिर्फ एक शव बरामद हुआ है।

खराब मौसम और समुद्र की कठिन परिस्थितियों की वजह से रेस्क्यू ऑपरेशन में दिक्कत आ रही है। अधिकारियों के मुताबिक बाकी चार डाइवर्स के शव अब भी गुफा के अंदर होने की आशंका है। सर्च ऑपरेशन शनिवार को फिर शुरू किया जाएगा। मालदीव सरकार ने मृतकों की पहचान मो. निका मोंटेफाल्कोने, जार्जिया सोमाकाल, फेडेरिको गुआल्तिएरी, म्यूरियल ओडेनिनो और जियानलुका बेनेडेट्टी के रूप में की है। यह टीम 'डयूक आफ यार्क' नाम की बोट से समुद्र में गई थी। रिपोर्ट्स के मुताबिक पांच में से कम से कम चार डाइवर्स इटली की यूनिवर्सिटी आफ जेनोवा से जुड़े थे। जियानलुका बेनेडेट्टी याट पर बोट आपरेशंस मैनेजर थे। उनका शव ही अब तक बरामद किया जा सका है। मोनिका मोंटेफाल्कोने मरीन बायोलाजिस्ट और यूनिवर्सिटी आफ जेनोवा में ट्रापिकल मरीन इकोलाजी और अंडरवाटर साइंस की प्रोफेसर थीं। इटली की मीडिया के मुताबिक वह मालदीव में एक आइलैंड मानिटरिंग कैंपेन की साइंटिफिक डायरेक्टर भी थीं। डेली मेल की रिपोर्ट के मुताबिक, उनकी बेटी जार्जिया सोमाकाल को भी समुद्र और डाइविंग में दिलचस्पी थी। उन्होंने उसी यूनिवर्सिटी से बायोमेडिकल इंजीनियरिंग की पढ़ाई की थी। 31 साल की म्यूरियल ओडेनिनो मरीन बायोलाजिस्ट और इकोलाजिस्ट थीं। उन्होंने कई वैज्ञानिक रिसर्च पेपर भी लिखे थे। वहीं, 31 साल के फेडेरिको गुआल्तिएरी ने हाल ही में मरीन बायोलाजी और इकोलाजी में डिग्री पूरी की थी। वह सर्टिफाइड स्कूबा डाइविंग इंस्ट्रक्टर भी थे।

## आईएसआई के नंबर-2 कमांडर की अमेरिकी ऑपरेशन में मौत

■ अफ्रीका में छिपा था, ट्रम्प बोले: वह दुनिया का सबसे एक्टिव आतंकी था

**वाशिंगटन।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने आतंकी संगठन आईएसआई के दूसरे सबसे बड़े कमांडर अबू बिलाल अल मिनुकी के मारे जाने का दावा किया है। उन्होंने कहा कि अमेरिकी सेना ने नाइजीरियाई सेना के साथ मिलकर अफ्रीका में इस ऑपरेशन को अंजाम दिया। ट्रम्प ने कहा कि यह ऑपरेशन बहुत ही प्लानिंग के साथ और बेहद मुश्किल तरीके से अंजाम दिया गया। वह छिपा हुआ था तभी उसे निशाना बनाया गया।

उनके मुताबिक यह आतंकी दुनिया के सबसे एक्टिव आतंकियों में से एक था और उसे खत्म करने के लिए काफी समय से उस पर नजर रखी जा रही थी। ट्रम्प ने यह भी कहा कि उसके मारे जाने से आईएसआई के फंडिंग नेटवर्क और कमांड सिस्टम को बड़ा नुकसान हुआ है। हालांकि ऑपरेशन कहां और कब हुआ, इसकी पूरी जानक. ारी अभी सामने नहीं आई है। आईएसआई का सबसे बड़ा नेता उसका खलीफा होता है। अभी के समय में इस संगठन का प्रमुख अबू हफ्स अल हाशिमी अल कुरैशी माना जाता है। वहीं नंबर-2 अल मिनुकी को इस्लामिक स्टेट (आईएसआई) का संगठन और फंडिंग संभालने वाला दिमाग माना जाता था। अमेरिकी अधिकारियों के मुताबिक, वह अमेरिका और उसके विदेशों में मौजूद हितों पर हमलों की योजना बना रहा था।

## ओपेक से बाहर निकलना एक रणनीतिक फैसला: संयुक्त अरब अमीरात

**अबू धाबी।** संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) के ऊर्जा और बुनियादी ढांचा मंत्री सुहैल अल-मजरूई ने तेल निर्यातक देशों के संगठन 'ओपेक' और 'ओपेक प्लस' से बाहर निकलने के देश के फैसले का खुलासा किया है। मजरूई ने स्पष्ट किया कि संगठन छोड़ना यूएई का रणनीतिक विकल्प है, जो पूरी तरह से देश के राष्ट्रीय हितों और आर्थिक दृष्टिकोण पर आधारित है। सोशल मीडिया पर शनिवार को मंत्री ने उन तमाम अटकलों पर विराम लगाने की कोशिश की, जो पिछले कुछ दिनों से फिजा में तिर रहे थे कि राजनीतिक मतभेदों की वजह से यूएई ने इन संगठनों को छोड़ा है।

# ईरान पर अगले हफ्ते दोबारा हमले की तैयारी में अमेरिका

## 50 हजार सैनिक और युद्धपोत तैनात, ट्रम्प के फैसले का इंतजार



■ अधिकारियों ने माना कि ऐसा ऑपरेशन बेहद जोखिम भरा होगा

**तेहरान/वाशिंगटन।** अमे. रिका अगले हफ्ते ईरान पर दोबारा सैन्य हमले की तैयारी कर रहा है। न्यूयार्क टाइम्स की रिपोर्ट्स के मुताबिक, पेंटागन ने हमले के कई विकल्प तैयार किए हैं और अब अंतिम फैसला राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प को लेना है।

अमेरिकी रक्षा मंत्री पीट हेगसेथ ने कहा कि जरूरत पड़ने पर सैन्य कार्रवाई बढ़ाने की योजना तैयार है। अमेरिकी अधिकारियों के मुताबिक, हमले के विकल्पों में ईरान के सैन्य और इंफ्रास्ट्रक्चर ठिकानों पर बड़े हवाई हमले शामिल हैं। एक विकल्प अमेरिकी स्पेशल ऑपरेशन फोर्सेज को जमीन पर उतारकर इस्फहान परमाणु साइट में दबे परमाणु सामग्री यानी एनरिच्ड यूरेनियम तक पहुंचने का भी है। हालांकि अधिकारियों ने माना कि ऐसा ऑपरेशन बेहद जोखिम भरा होगा और इसमें भारी सैन्य नुकसान हो सकता है। रिपोर्ट के मुताबिक, अमेरिका ने मिडिल-ईस्ट में 50 हजार से ज्यादा सैनिक तैनात रखे हैं। इसके अलावा दो एयरक्राफ्ट कैरियर, एक दर्जन से ज्यादा नेवी डेस्ट्रायर और बड़ी संख्या में लड़ाकू विमान भी क्षेत्र में मौजूद हैं।

## अमेरिका में उत्पादन करे और अमेरिकियों को नौकरी दे चीन: ट्रम्प

**वाशिंगटन।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने कहा कि अगर चीन अमेरिका से टैरिफ से बचना चाहता है, तो उसे अमेरिका में कारखाने लगाने चाहिए और अमेरिकियों को नौकरी देनी चाहिए। ट्रम्प ने फॉक्स न्यूज से कहा कि अगर चीन यहां आकर टैरिफ से बचना चाहता है, तो यहां उत्पादन करने पर ज्यादातर अमेरिकी लोगों को ही नौकरी मिलेगी। अगर वे टैरिफ से बचना चाहते हैं, तो उन्हें अमेरिका में ही उत्पादन करना होगा। अमेरिकी राष्ट्रपति ने यह भी कहा कि चीन के साथ पहले घोषित समझौते के तहत ऑर्डर किए गए बोइंग विमानों की संख्या 750 तक पहुंच सकती है। अमेरिकी नेता के अनुसार, पहले बीजिंग ने 200 बोइंग विमान खरीदने पर सहमति जताई थी, हालांकि चीन ने अभी तक इस समझौते की पुष्टि नहीं की है।

## नाइजीरिया ने भी की आईएसआईएस आतंकी अबू बिलाल की मौत की पुष्टि

**अबूजा।** नाइजीरिया-अमेरिका की सेनाओं ने संयुक्त सैन्य अभियान में खूंखार आतंकवादी संगठन इस्लामिक स्टेट (आईएसआईएस) के वैश्विक स्तर पर दूसरे सबसे बड़े कमांडर अबू-बिलाल अल-मिनुकी को मार गिराया है। नाइजीरियाई राष्ट्रपति बोला अहमद टिनूबू और अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने इस सफल अभियान की पुष्टि करते हुए इसे आतंकवाद के खिलाफ बड़ी उपलब्धि करार दिया है। लेक चाड बेसिन में स्थित आतंकवादी ठिकाने पर किए गए इस सटीक प्रहार में अल-मिनुकी के साथ उसके कई साथी भी मारे गए हैं। नाइजीरिया के राष्ट्रपति टिनूबू ने इस कामयाबी पर खुशी जाहिर करते हुए कहा कि नाइजीरियाई सशस्त्र बलों ने अमेरिकी सेना के साथ मिलकर इस बेहद साहसी अभियान को अंजाम दिया है।



# विजय थलापति का नाम सुन शरमाई तृषा कृष्णन

## फैन ने कहा-थलापति से कहना कि मैंने उनका हालचाल पूछा है, एक्ट्रेस ने किया रिएक्ट

**चेन्नई।** थिएटर से बाहर निकलते समय एक फैन ने तृषा कृष्णन से विजय का जिक्र किया तो एक्ट्रेस ब्लश कर गईं। तृषा चेन्नई में अपनी नई रिलीज फिल्म करुप्पु की स्क्रीनिंग में पहुंचीं। इस दौरान डायरेक्टर आरजे बालाजी और एक्टर कार्थी भी मौजूद थे। थिएटर से बाहर निकलते समय तृषा अपनी कार में बैठी थीं। उन्होंने ब्लैक टी-शर्ट और जींस पहनी हुई थी। इसी दौरान एक फैन ने कहा कि थलापति से कहना कि मैंने उनका हालचाल पूछा है। इस पर तृषा ने मुस्कुराते हुए जवाब दिया, कंदीपा जरूर। फिर उन्होंने सिर नीचे कर लिया। इसके बाद वह फोन चलाती नजर आती हैं। बाद में तृषा वहां मौजूद फैंस की तरफ हाथ हिलाकर उनका अभिवादन भी करती दिखीं। तृषा की फिल्म करुप्पु सिनेमाघरों में 15 मई को रिलीज हुई। गौरतलब है कि पिछले कुछ समय से तृषा को एक्टर और तमिलनाडु के मुख्यमंत्री विजय के साथ लिंक किया जा रहा है। हालांकि, विजय और तृषा ने अब तक अपने रिश्ते को लेकर सार्वजनिक रूप से कोई बयान नहीं दिया है। हाल ही में सीएम विजय के एक फैसले की भी काफी चर्चा हुई, जिसमें उन्होंने तृषा की फिल्म करुप्पु के लिए सुबह 9 बजे के मार्निंग शो (स्पेशल स्क्रीनिंग) की विशेष अनुमति दी। बता दें कि मार्निंग शो पर राज्य में पिछले 3 सालों से प्रतिबंध लगा हुआ था। इससे पहले 10 मई को तृषा तमिलनाडु के मुख्यमंत्री के रूप में विजय के शपथ ग्रहण समारोह में भी शामिल हुईं। शपथ ग्रहण समारोह में तृषा ने विजय के परिवार से मुलाकात की और उनकी मां से गले मिलीं। वहीं, 4 मई को चुनाव परिणाम के दिन तृषा विजय के नीलांकरई स्थित घर भी पहुंची थीं। खास बात यह रही कि उसी दिन तृषा का 43वां जन्मदिन भी था। पर्सनल लाइफ की बात करें तो तृषा की 2015 में बिजनेस मैन वरुण मनियन से सगाई हुई थी, लेकिन बाद में दोनों अलग हो गए थे। वहीं, विजय ने 1999 में संगीता सोरना. लिंगम से शादी की थी। इस शादी से दोनों के दो बच्चे जेसन संजय और दिव्या साशा हुए। वहीं, विजय और संगीता के तलाक का मामला अदालत में चल रहा है। इंडिया टुडे की रिपोर्ट के अनुसार, संगीता ने अपनी तलाक याचिका में पति विजय पर एक्स्ट्रा मैरिटल अफेयर का आरोप लगाया था। कि, उन्होंने किसी का नाम नहीं लिया था।

# कान्स में गूंजा लालो का नाम, गुजराती सिनेमा ने रचा नया इतिहास



**मुंबई।** ब्लॉकबस्टर गुजराती फिल्म लालो ने कान्स में पहुंचकर इतिहास रच दिया है। फिल्म की टीम ने दुनिया के सबसे बड़े सिनेमाई मंचों में से एक पर भारत का प्रतिनिधित्व करते हुए गुजराती सिनेमा को नई पहचान दिलाई है। लालो कान्स तक पहुंचने वाली उन शुरुआती गुजराती फिल्मों में शामिल हो गई है, जिसने क्षेत्रीय कहानियों को वैश्विक मंच तक पहुंचाने का काम किया है।यह उपलब्धि भारतीय सिनेमा, मिट्टी से जुड़ी सच्ची कहानियों और देश के अलग-अलग हिस्सों से आने वाली कहानियों को दुनिया भर में मिल रही पहचान का उत्सव है। फिल्म की टीम ने दर्शकों के लगातार प्यार और समर्थन के लिए आभार जताया, जिसकी वजह से यह खास सफर संभव हो सका।

निर्देशक अंकित साखिया ने कहा, लालो- श्री कृष्ण सदा सहायते का कान्स फिल्म फेस्टिवल में प्रतिनिधित्व करना हमारे लिए गर्व और बेहद भावुक कर देने वाला पल है। हमारा मानना है कि हमारी भाषा, हमारी संस्कृति और इस फिल्म ने ही हमें यहां तक पहुंचाया है।

# प्रीति जिंटा की बातों से प्रभावित हैं सोनम बाजवा, अभिनेत्री की तारीफ की





**मुंबई।** एक्ट्रेस सोनम बाजवा अपनी नई पंजाबी फिल्म श्पिट सियापाश को लेकर सुर्खियों में हैं। इस बीच उन्होंने आईपीएल सीजन के दौरान टीम पंजाब किंग्स को सपोर्ट किया है। उन्होंने टीम की को-ओनर प्रीति जिंटा से हुई मुलाकात के बारे में बात की है और तारीफ की है। सोनम बाजवा को आईपीएल 2026 के कई मैचों में पंजाब किंग्स के लिए चीयर करते देखा गया है। सोनम बाजवा ने प्रीति जिंटा को लेकर अपने विचार साझा किए। प्रीति के बारे में बात करते हुए, सोनम ने का श्वह उन सबसे खूबसूरत और हसीन महिलाओं में से एक हैं जिन्हें मैंने कभी देखा है। मैंने उनकी पहली फिल्म से ही उन्हें फालो किया है।

एक एक्ट्रेस के तौर पर उनका सफर देखा है। अब, मैं एक एंटरप्रेन्योर के तौर पर भी उनका सफर देख रही हूं। वह आईपीएल टीम को लीड कर रही हैं। यह सचमुच प्रेरणादायक है। एक्ट्रेस ने कहा श्मैं कल ही किसी से बात कर रही थी कि प्रीति का एक्टिंग करियर कितना शानदार रहा है। सही समय पर, उन्होंने इस आईपीएल टीम में निवेश किया और यह टीम कमाल कर रही है। सोनम ने टूर्नामेंट के बाकी मैचों के लिए पंजाब किंग्स को शुभकामनाएं दीं। उन्होंने कहा उनकी टीम काफी अच्छा कर रही है। पंजाब की टीम भी काफी अच्छा कर रही है। इसलिए, मैं उन्हें शुभकामनाएं देती हूं। प्रीति जिंटा की टीम पंजाब किंग्स को हाल ही में मुंबई इंडियंस के हाथों छह विकेट से हार का सामना करना पड़ा। इसे मिलाकर टीम की यह पांचवी हार है। आईपीएल 2026 सीजन की शानदार शुरुआत करते हुए टीम अब 12 मैचों में 13 अंकों के साथ पाइंट्स टेबल पर चौथे स्थान पर है। प्लेआफ में पहुंचने के लिए पंजाब किंग्स को अपने बचे हुए दोनों मैच जीतने होंगे।

# पुष्कर जोग ने कान्स डेब्यू में सभी का दिल जीता

**मुंबई।** अभिनेता पुष्कर जोग ने प्रतिष्ठित कान्स फिल्म फेस्टिवल 2026 में अपना दमदार डेब्यू किया और अपनी मौजूदगी से सबका दिल जीत लिया। पुष्कर जोग ने इस ग्लोबल मंच पर महाराष्ट्र का शानदार प्रतिनिधित्व किया। कान्स में दुनिया भर के बड़े-बड़े सितारे और नामी चेहरे मौजूद थे। इस इंटरनेशनल चमक-दमक के बीच पुष्कर जोग ने अपनी अलग पहचान बनाई और मराठी सिनेमा के लिए एक खास पल दर्ज किया। पहली बार आइकॉनिक रेड कार्पेट पर उतरते ही पुष्कर ने अपने सिपल लेकिन स्टाइलिश लुक से सबको इंप्रेस कर दिया। उनका कॉन्फिडेंट अंदाज, लोगों से गर्मजोशी भरी मुलाकातें और चेहरे पर साफ दिखती खुशी ने उन्हें फेस्टिवल के यादगार इंडियन चेहरों में शामिल कर दिया। अपना अनुभव शेयर करते हुए पुष्कर ने कहा, पहली बार कान्स रेड कार्पेट पर चलना सच में किसी सपने जैसा है।


# अक्षय की वेलकम टू द जंगल का टीजर रिलीज

**मुंबई।** बॉलीवुड स्टार अक्षय कुमार की बहुप्रतीक्षित कॉमेडी फिल्म वेलकम टू द जंगल का ऑफिशियल टीजर रिलीज हो गया है। अक्षय कुमार के अल्ट्रा-स्टाइलिश पोस्टर के बाद अब टीजर ने भी फिल्म के मजेदार माहौल की झलक दे दी है, जिसे देखकर फैंस अक्षय कुमार को एक बार फिर उनके सबसे पसंदीदा कॉमेडी अवतार में देखने के लिए बेहद उत्साहित हैं। वेलकम टू द जंगल पूरी तरह से कॉमेडी और अफरा-तफरी से भरी एक ऐसी दुनिया है, जहां हर मोड़ पर हंसी का धमाका होने वाला है। ज्यादा स्टार्स, ज्यादा कन्फ्यूजन, ज्यादा कॉमेडी और नॉन-स्टॉप एंटरटेनमेंट के साथ यह फिल्म दर्शकों को इंटेंस सिनेमा से एक मजेदार ब्रेक देने का वादा करती है। क्लासिक कॉमिक टाइमिग और साफ-सुथरे पारिवारिक मनोरंजन का वही पुराना चार्म इस फिल्म में फिर से देखने को मिलेगा। फिल्म में कलाकारों की एक शानदार टोली नजर आएगी, जिसमें अक्षय कुमार, सुनील शेट्टी, दिशा पाटनी, जैकलीन फर्नांडिस, अरशद वारसी, जैकी श्रॉफ,




परेश रावल, रवीना टंडन, लारा दत्ता, फरीदा जलाल, जॉनी लीवर, श्रेयस तलपड़े, तुषार कपूर, राजपाल यादव, कृष्णा अभिषेक, कीकू शारदा, दलेर मेहंदी, आफताब शिवदासानी, मुकेश तिवारी, यशपाल शर्मा, किरण कुमार, जाकिर हुसैन, विंदू दारा सिंह, उर्वशी रौतेला, हेमंत पांडे, बृजेंद्र काला, फिरोज खान (अर्जुन), स्वर्गीय पंकज धीर जी, पुनीत इस्सर, सुदेश बेरी, जीतू वर्मा, वृहि कोडवारा, आदित्या सिंह और भाग्य भानुशाली शामिल हैं।

RECRUITMENT 2026
THE S.D. DEGREE COLLEGE
NIRANA, JANSATH ROAD, MUZAFFARNAGAR, 251001
(Affiliated to Maa Shakumbhari University, SAHARANPUR)
APPLICATIONS ARE INVITED FOR FACULTY POSITIONS
(Asst. Professor, Assoc. Professor & Professor)
DISCIPLINES
- BBA, BCA, B.Com. B.Sc. (PCM,CBZ, Micro Biology)
- BA (Hindi, English, Political Science, Sociology, History, Educaton, Drawing & Painting
QUALIFICATION: UGC NET, Ph.D
SALARY: As Per University Norms
APPLY WITHIN 15 DAYS
SEND YOUR RESUME TO:
thesddegree@gmail.com
Attach copies of all degrees and testimonials.
Paste a colored photograph on the CV.

यौन समस्याएं
यौन समस्याओं के विशेषज्ञ

पुराने से पुराने यौन रोग के मरीज एक बार अवश्य मिलें
डा. सम्राट
नशामुक्ति, शराब, बीड़ी, सिगरेट, गुटखा तम्बाकू, प्रोक्सीवॉन कैप्सूल अफीम, चरस, डोडे पोस्त इंजेक्शन व अन्य नशा छुड़ाने का स्थायी ईलाज।
नावल्टी सिनेमा चौक
मुजफ्फरनगर (यू.पी.)
M-9412211108